www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 79 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

श्रमिकों के सशक्तीकरण को मिली डिजिटल उड़ान, मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया 'ई-श्रम साथी' एप

■ प्रदेश के लाखों श्रमिकों को मिलेगा 'डिजिटल लेबर चौक' का सहारा, अब घर बैठे मिलेगी रोजगार की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ के श्रम इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए ई-श्रम साथी मोबाइल एप (छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक) का शुभारंभ किया। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार का लक्ष्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आंकड़ों में श्रमिक कल्याण

33.14 लाख – पंजीकृत श्रमिक

315 करोड़ – उपकर संग्रहण: वर्ष 2025-26 में

2,558 करोड़ – अब तक कुल व्यय

श्रमिक सीधे काम और योजनाओं से जुड़ सकेंगे

■ **डिजिटल क्रांति:** 'ई-श्रम साथी' एप के जरिए अब श्रमिक सीधे काम और योजनाओं से जुड़ सकेंगे।

■ **शून्य भ्रष्टाचार:** ई-केवाईसी के माध्यम से 55% सत्यापन पूरा, सीधे बैंक खातों में पहुँचेगा लाभ।

■ **सख्त प्रशासन:** औद्योगिक इकाइयों का होगा तकनीकी माध्यम से औचक निरीक्षण।

■ **शिक्षा पर जोर:** अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में सीटें 100 से बढ़ाकर 200 की गईं।

प्रमुख संचालित योजनाएं

- मिनीमाता महतारी जतन योजना (गर्भवती महिलाओं हेतु)
- दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना (स्वरोजगार हेतु)
- मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना (बेटियों हेतु)
- शहीद वीरनारायण सिंह श्रम अन्न योजना (सुलभ भोजन)

मैदानी स्तर पर दिखे योजनाओं का प्रभाव: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे। उन्होंने कहा, फ्योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब लाभ कतार के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने प्रदेश में केंद्र सरकार की चार नई श्रम संहिताओं (मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा) के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया ताकि श्रमिकों को सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके।

शिक्षा और भविष्य पर निवेश

सरकार ने श्रमिकों के बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत इस सत्र से सीटों की संख्या दोगुनी कर 200 कर दी है। वर्तमान में 31 जिलों के प्रतिभावान छात्र प्रदेश के नामी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही 'मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र' जैसे नवाचारों को और अधिक विस्तार देने के निर्देश दिए गए हैं बैठक में उपस्थिति बैठक में मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, श्रम सचिव हिमशिखर गुप्ता और विशेष सचिव रजत बंसल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आज बेबाक

पंजाब को उड़ता पंजाब बनाने वाले मुख्यमंत्री भगवंत मान को यह डर सता रहा है कि मैंगो मेन पार्टी में उठी बगावत की आंधी उनके नीचे से सीएम की कुर्सी ही न उड़ा दे। आधा दर्जन सांसदों की तरह पंजाब के कई विधायक भी पाला बदलने के लिए पर तौल रहे हैं। यदि ऐसा हुआ तो मान साहब जल्द ही मेहमान बनकर रह जाएंगे। इसी टेंशन में वे कुछ भी बोल रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा में दम है तो उन्हें खरीद कर दिखाए। अब उन्हें कौन समझाए कि खरीदा उसे जाता है जिसकी कुछ कीमत होती है।

तापमान	
अधिकतम 45°	न्यूनतम 29°

बाजार भाव	
गोल्ड 1,53,780	सिल्वर 2,64,900

शेयर बाजार	
सेंसेक्स 76,886.91	निफ्टी 23,995.70

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,289,838,497	1,474,619,566

कारोबारी गोपाल गांधी के भाइयों पर एफआईआर, भारतमाला मुआवजा घोटाले में 8 ठिकानों पड़ी थी रेड

66.9 लाख कैश और 37 किलो चांदी जब्त, अफसरों से बदसलूकी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में हुए करोड़ों रुपये के मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने शिकंजा कस दिया है। मंगलवार को एजेंसी ने प्रदेश के रायपुर, अभनपुर, धमतरी और कुरुद सहित कुल 8 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस मैराथन कार्रवाई में ईडी ने भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी, चांदी की ईंटें और महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं, जो इस घोटाले की गहराई को दर्शाते हैं।

छापेमारी में बेहिसाब संपत्ति का खुलासा: ईडी द्वारा साझा की गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 28 अप्रैल 2026 को यह तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान जांच टीम को आरोपियों के ठिकानों से 66.9 लाख रुपये नकद और 37.13 किलोग्राम चांदी (जिसमें ईंटें और अन्य सामान शामिल हैं) बरामद हुए हैं। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है।

सरकारी अफसरों के साथ मिलकर घोटाला किया

यह पूरा मामला रायपुर-विशाखापत्तनम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना (भारतमाला योजना) के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे से जुड़ा है। आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों, बिचौलियों और भू-स्वामियों ने मिलीभगत कर सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का चूना लगाया। ईडी की यह जांच छत्तीसगढ़ एसीबी और ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज उस प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें अभनपुर के तत्कालीन एसडीओ (राजस्व) निर्भय साहू और अन्य को नामजद किया गया था। इन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप हैं।

प्रोसीड्स ऑफ क्राइम की श्रेणी में मुआवजा

प्रवर्तन निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि इस तरह जालसाजी कर प्राप्त की गई अतिरिक्त मुआवजा राशि सीधे तौर पर 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' (अपराध की कमाई) की श्रेणी में आती है। राजस्व अधिकारियों और निजी व्यक्तियों ने आपराधिक साजिश रचकर न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन किया, बल्कि राजकोष को भारी क्षति पहुंचाते हुए व्यक्तिगत अवैध लाभ अर्जित किया।

साजिश का तरीका: खसरा रिकॉर्ड में हेराफेरी

ईडी की जांच में इस घोटाले के 'मोडस ऑपेरंडी' (काम करने के तरीके) का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने एनएचएआई द्वारा भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद जानबूझकर रिकॉर्ड में बदलाव किए।

हेराफेरी को ऐसे दिया अंजाम

■ **अधिसूचना के बाद स्वामित्व हस्तांतरण:** राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 3A के तहत अधिसूचना जारी होने के बाद कायदे से जमीन की खरीद-बिक्री या स्वामित्व में बदलाव प्रतिबंधित होता है, लेकिन आरोपियों ने अवैध तरीके से स्वामित्व हस्तांतरित किया।

■ **जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े:** धारा 3डी (अंतिम अधिग्रहण) की अधिसूचना से ठीक पहले जमीन के बड़े रकबे को छोटे-छोटे टुकड़ों (होल्डिंग्स) में बांट दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि 'स्ट्रक्चर' या अन्य विकास कार्यों के नाम पर मुआवजे की राशि को कई गुना बढ़ाया जा सके।

■ **फर्जी खसरा रिकॉर्ड:** संशोधित और हेराफेरी किए गए खसरा अभिलेखों के आधार पर मुआवजे का निर्धारण किया गया। सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर ऐसे निर्माण या पेड़ दिखाए गए जो वास्तव में थे ही नहीं, ताकि अधिक भुगतान प्राप्त किया जा सके।

प्रशासनिक खेमे में मचा हड़कंप

अभनपुर, कुरुद और धमतरी जैसे क्षेत्रों में हुई इस कार्रवाई से राजस्व विभाग और एनएचएआई के संबंधित अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। ईडी के सूत्रों का कहना है कि जब्त किए गए डिजिटल उपकरणों से कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और राजनेताओं के बीच सांठगांठ के सुराग मिल सकते हैं। आने वाले दिनों में कुछ और बड़ी गिरफ्तारियां और संपत्तियों की कुर्की संभव है।

आतंकवाद के गढ़ अब नहीं बचेंगे: राजनाथ सिंह

शंघाई/ए.। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के इस दृढ़ संकल्प को दिखाया है कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से अछूते नहीं रहेंगे।

आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील: राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए सभी देशों को एकजुट होकर काम करना होगा। इसमें आतंकवादियों को शरण देने वाले सुरक्षित ठिकानों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता नहीं'

रक्षा मंत्री ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता या विचारधारा नहीं होती और इसके खिलाफ वैश्विक स्तर पर सामूहिक व दृढ़ रुख अपनाना समय की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ को आतंकवादियों को उकसाने, आश्रय देने और सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने वालों के खिलाफकार्रवाई करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।

होर्मुज खोलने को तैयार, ईरान बोला- ट्रम्प का दबाव नहीं सहेंगे

■ अमेरिका अब दूसरे देशों पर फैसले थोपने की स्थिति में नहीं

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका उस स्थिति में नहीं है कि वह दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने सरकारी टीवी से कहा कि वे ट्रम्प का दबाव नहीं सहन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी गलत मांगों को छोड़ना ही होगा।यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका, होर्मुज को खोलने से जुड़े ईरान के नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच फिलहाल युद्धविराम लागू है, लेकिन इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने के लिए जो बातचीत चल रही है, उसमें अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। इस बीच ईरान पहली बार होर्मुज खोलने को तैयार हो गया है। ईरान ने अमेरिका से समुद्री नाकेबंदी हटाने की भी अपील की है।

न्यूज गैलरी

गुजरात निकाय चुनाव- सभी 15 नगर निगमों में भाजपा की जीत

अहमदाबाद/ए.। गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों के मंगलवार को वोटों की गिनती जारी है। बीजेपी ने सभी 15 नगर निगमों पर जीत दर्ज कर ली है। इनमें मेहसाणा, मोरबी, नाडियाड और वापी ऐसे नगर निगम है, जहां पहली बार चुनाव हुए थे। मेहसाणा, मोरबी और नडियाद में कांग्रेस को अब तक एक भी सीट नहीं मिली है।

पंजाब-रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट करने वाले चार आतंकी गिरफ्तार

पटियाला (ए.)। पंजाब में पटियाला के राजपुरा में अंबाला-अमृतसर रेल फ्रेट कॉरिडोर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकियों ने कराया था। यह दावा पटियाला पुलिस ने 4 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद किया। डीआईजी कुलदीप चहल ने बताया कि प्रदीप सिंह खालसा, कुलविंदर सिंह, सतनाम सिंह और गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

गरमा-गरम

दूसरे चरण का महासंग्राम आज ममता-मोदी की साख दांव पर

कोलकाता/वार्ता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण का रण सज चुका है। बुधवार, 29 अप्रैल को 8 जिलों की 142 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में हुए 93त्न के रिकॉर्ड मतदान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जहाँ तृणमूल कांग्रेस अपने इस अभेद्य किले को बचाने की जद्दोजहद में है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तूफानी प्रचार के दम पर भाजपा इस बार दक्षिण बंगाल के समीकरण बदलने के लिए बेताब है।

भवानीपुर का संग्राम: इस चरण की सबसे हॉट सीट भवानीपुर है, जहाँ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मुकाबला सीधे नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी से है। यहाँ 21% मतदाताओं के नाम कटने (एसआईआर प्रक्रिया) को लेकर विवाद गहराया हुआ है।

मतुआ और नागरिकता का मुद्दा: नदिया और उत्तर 24 परगना में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कल्याण-ज्वेलर्स के कर्मचारी ने गोल्ड-स्कीम के नाम पर की ठगी

सरगुजा/नवप्रदेश। अंबिकापुर के कल्याण ज्वेलर्स शोरूम में एक कर्मचारी ने धनलक्ष्मी गोल्ड स्कीम के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली। उसने निवेशकों को अपना निजी QR कोड भेजकर पैसे अपने खाते में जमा करवा लिए, लेकिन वह रकम कंपनी के खाते में जमा नहीं की। एक निवेशक ने 5 लाख 70 हजार रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अभी फरार है।

चौथिया से लौट रहे परिवार पर मौत का कहर

■ तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, 3 की मौके पर मौत, मासूम भी नहीं बचा

कोरबा/नवप्रदेश। चांपा-कोरबा मार्ग सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे का गवाह बना, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ग्राम कोथारी और टोल प्लाजा के बीच तेज रफ्तार कार अचानक डिवाइडर से जा भिड़ी और कुछ ही सेकंड में कबाड़ में तब्दील हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जिनमें एक ढाई साल का मासूम भी शामिल है।

जानकारी के मुताबिक, कोरबा के बुधवारी काशीनगर बस्ती निवासी सोनी परिवार शादी समारोह में शामिल होने चांपा गया था। चौथिया की रस्म निभाने के बाद देर रात करीब 2 बजे सभी कार से वापस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेटी को बचाने कूदा पिता, खुद बह गया

बालोद/नवप्रदेश। जिले के पीपरछेड़ी गांव के पास तांदुला नहर में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां तेज बहाव में बह रही बेटी को बचाने के प्रयास में पिता की जान चली गई, जबकि दूसरी बेटी अब भी लापता है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल बना दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धोबनपुरी निवासी लगभग 30-35 वर्षीय टायमन साहू अपने ससुर के साथ पीपरछेड़ी स्थित गन्ने के खेत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विडंबना : बैंक कर्मचारियों ने कहा- जिसका खाता उसे लेकर आओ, भाई ने दफन शव को खोदकर बाहर निकाला

बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा शख्स, 3 किमी पैदल चला

क्योंझर/ए.। ओडिशा के क्योंझर में सोमवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई।

दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया। लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर बैंक में पेश किया। बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी पैदल चला। फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। इसे देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए।

पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

कंकाल देखकर बैंक कर्मियों ने पुलिस को दी सूचना

पुलिस के अनुसार, जीतू पढ़ा-लिखा नहीं है। आदिवासी है और कानूनी प्रक्रिया से पूरी तरह अनजान है। थाने के प्रभारी निरीक्षक किरण प्रसाद साहू ने कहा, जीतू को नहीं पता कि कानूनी वारिस या नॉमिनी क्या होता है। बैंक अधिकारी भी उसे मृतक के खाते से पैसे निकालने की प्रक्रिया नहीं समझा पाए। पुलिस ने जीतू मुंडा को आश्वासन दिया कि वे उसकी मृत बहन के बैंक खाते से पैसे निकलवाने में मदद करेंगे। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया।

मौत की सूचना देने के बाद भी परेशान कर रहे थे

डियानाली गांव का रहने वाला जीतू मुंडा जिस महिला का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा, वह उसकी बड़ी बहन कालरा मुंडा थी। कालरा की मौत 26 जनवरी 2026 को हो गई थी। कालरा मुंडा के बैंक खाते में नॉमिनेट पति और बेटे की भी मौत हो चुकी है। इसलिए उनके नाम पर जमा पैसे का जीतू मुंडा ही एकमात्र दावेदार है। आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के कारण उनके लिए यह यह पैसा रकम अहम थी और जीवनयापन का सहारा मानी जा रही थी।

गर्मी का महा-रेकॉर्ड: 47.6 डिग्री के साथ बांदा दुनिया में सबसे गर्म

■ जैसलमेर और खजुराहो में पारा 46 पार, केंद्र ने जारी की 'हीट स्ट्रोक' एडवायजरी

नई दिल्ली/रायपुर। उत्तर और मध्य भारत में सूरज की तपिश ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश का बांदा शहर 47.6 डिग्री सेल्सीयस तापमान के साथ दुनिया का सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया। बांदा ने अपने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री सेल्सीयस तक पहुंच गया, जो बीते एक दशक का सबसे उच्चतम स्तर है।

अस्पतालों में बनेंगे स्पेशल वार्ड भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ का हाल

आज लू का अलर्ट, कल आंधी-ओले की आशंका मौसम विभाग के अनुसार, 29 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हीटवेव (लू) का असर रहेगा। हालांकि, 30 अप्रैल को मौसम में बदलाव की संभावना है। राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी और ओलावृष्टि के साथ गरज-चमक की चेतावनी दी गई है, जिससे तपती गर्मी से मामूली राहत मिल सकती है।

संक्षिप्त खबरें

संगीत विश्वविद्यालय को मिली 55 सीटर बस राज्यपाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खैरागढ़/नवप्रदेश। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को स्वीकृत 55 सीटर एसी बस को राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति रमेन डेका ने रायपूर स्थित लोकभवन मे हरी झंडी दिखाकर संगीत विवि के लिए रवाना किया। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन से एसी बस एवं एम्बुलेंस की मांग की थी। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शासन ने 55 सीटर एसी बस एवं एम्बुलेंस दोनों की स्वीकृति प्रदान की। स्वीकृति के उपरांत बस विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी गई है, एम्बुलेंस सुविधा भी शीघ्र ही उपलब्ध होने वाली है। बस के विश्वविद्यालय पहुंचते ही कुलपति द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने बस सुविधा मिलने पर खुशी जाहिर की और विश्वविद्यालय के लिए इसे बड़ी उपलब्धि बताई। इस नई बस सुविधा के शुरू होने से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्य के बाहर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने जाने वाले छात्रों के लिए आवागमन अब अधिक सुगम और सुविधाजनक हो जाएगा।

ठेकेदार ने पेयजल पाइप लाइन को कर दिया ध्वस्त, जलापूर्ति ठप

जगदलपुर/नवप्रदेश। सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कमिश्नर ऑफिस के बाजू गली में कल दोपहर से पेयजल की पाईप लाइन फूट गई है। इस कारण नयामुंडा वार्ड और आसपास के वार्डों में जलापूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई है। हालांकि नगर निगम का जल कार्य विभाग सक्रियता के साथ पाईप लाइन की मरम्मत में जुट गया है, मगर सवाल यह है कि उस लापरवाह ठेकेदार पर क्या कार्रवाई की जाएगी, जिसने सैकड़ों परिवारों को पानी के लिए तरसा दिया है। बताया गया है कि आयुक्त कार्यालय के बाजू गली आईडीबीआई बैंक के सामने सड़क का निर्माण एक ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। ठेकेदार ने नगर निगम से पाईप लाइनों की जानकारी प्राप्त किए बगैर ?सी खोदाई शुरू करवा दी कि पेयजल की पाईप लाइन ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते नया मुंडा क्षेत्र के बड़े भाग में पेयजल की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। नगर निगम का जल कार्य विभाग पाईप लाइन की मरम्मत में जुटा हुआ है और आज रात्रि तक काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। वैसे भी ग्रीष्म ऋतु आने के साथ ही नगर के कई वार्डों पानी की परेशानी हो रही है। ऊपर से कल ही कमिश्नर कार्यालय के समीप एक बड़ी पाइप टूटने से वार्डवासियों को पानी की किल्लत हो गई है। वहीं नगर निगम के जल विभाग सभापति सुरेश गुप्ता के अनुसार पाईप लाइन की मरम्मत कार्य शुरू है आज शाम तक बनने की संभावना है।

अकाल पुरख की फौज के शहर अध्यक्ष बने राजा चावला

भाटापारा /नवप्रदेश। अकाल पुरख की फौज राष्ट्रीय कोर कमेटी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की संपूर्ण टीम की विधिवत घोषणा रविवार कर दी,जिसमें अमरजीत सिंह दत्ता को प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सलाहकार के रूप मे अमरजीत सिंह सलूजा तथा भाटापारा शहर अध्यक्ष के रूप में रविंद्र सिंह चावला (राजा चावला) को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रदेश टीम को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की गई। राष्ट्रीय कोर कमेटी में प्रमुख रूप से ज्ञानी केवल सिंह जी ङ्क साबका जत्थेदार, दमदमा साहिब सरदार जसविंदर सिंह एडवोकेट ङ्क संस्थापक, अकाल पुरख की फौज सरदार बलविंदर सिंह जोड़ा ङ्क सचिव, सिख विधायक बोर्ड तथा प्रमुख रूप से सरदार रणजीत सिंह,राज्य प्रमुख, उड़ीसा सरदार खुशकंवल सिंह ,राज्य प्रमुख, महाराष्ट्र सरदार सुखदर्शन सिंह , वरिष्ठ पदाधिकारी, बैतूल (मध्यप्रदेश) के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं संपूर्ण टीम की नियुक्ति संपन्न हुई। इस नियुक्ति में अमरजीत सिंह दत्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया,वही संगठन के अध्यक्ष मंडल के रूप में बलदेव सिंह भाटिया , गुरमुख सिंह होरा , जगजीत सिंह खनूजा , अमरजीत सिंह छाबड़ा एवं प्रीतपाल सिंह होराको दायित्व सौंपा गया।

91 दर्शनार्थी 29 अप्रैल को विशेष ट्रेन से होंगे रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 91 श्रद्धालु 29 अप्रैल को विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें यात्रा के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ गर्मी से बचाव के विशेष उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि यात्रा 29 अप्रैल से 2 मई 2026 तक संचालित होगी। यात्रा से पूर्व सभी दर्शनार्थियों के लिए राजनांदगांव शहर में स्थानीय उदयाचल भवन में ठहरने की व्यवस्था की गई है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम सभाओं में देगे जनगणना-2027 को लेकर ग्रामीणों को जानकारी

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले भर में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में ग्राम अचरीडीह में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण जनगणना चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार जुगल किशोर पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने जनगणना 2027 के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल प्रणाली को अपनाया जा रहा है, जिसमें स्वगणना की सुविधा भी प्रमुख रूप से शामिल है।उन्होंने ग्रामीणों को स्वगणना के महत्व को समझाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना को लेकर जागरूकता फैलाएं, ताकि कोई भी व्यक्ति इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रहे। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

लालबगीचा में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र में भ्रष्टाचार की लाल ईंटें

- **गुणवत्ता की अनदेखी से बच्चों के भविष्य पर मंडराया खतरा, युवा कांग्रेस ने किया निगम के बाहर प्रदर्शन**

धमतरी/नवप्रदेश। शहर के लालबगीचा वार्ड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों और वर्कऑर्डर की शर्तों को दरकिनार कर ठेकेदार द्वारा न केवल प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता से भी गंभीर समझौता किया जा रहा है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने सुध नहीं ली, तो भविष्य में यहाँ कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

प्रतिबंधित लाल ईंटों का धड़ल्ले से उपयोग: शासकीय नियमों और वर्कऑर्डर के अनुसार, सरकारी निर्माण कार्यों में लाल ईंटों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। पर्यावरण संरक्षण और मजबूती के लिहाज से फ्लाई ऐश ईंटों का प्रावधान है, लेकिन लालबगीचा में बन रहे इस आंगनबाड़ी केंद्र में ठेकेदार द्वारा खुलेआम लाल ईंटों का उपयोग किया गया है। यह न केवल शासकीय नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाता है।

तकनीकी खामियां और सुरक्षा से खिलवाड़: मौके पर देखने से स्पष्ट होता है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। कॉलम वर्क में लापरवाही कॉलम की ढलाई और उसकी सेटिंग (सब्लिंग) का कार्य अत्यंत निम्न स्तर का है, जिससे इमारत की नींव कमजोर होने का अंदेशा है।कंक्रीट और ईंटों की जुड़ाई के बाद पर्याप्त तराई नहीं की जा रही है, जिससे निर्माण की मजबूती प्रभावित हो रही है। यह भवन नन्हे बच्चों के लिए बनाया जा रहा है। ऐसे में गुणवत्ताहीन कार्य भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

सामुदायिक संपदा का दुरूपयोग- ठेकेदार की मनमानी यहीं नहीं रुकती। निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा पास ही स्थित सामुदायिक भवन के पानी का अवैध रूप से उपयोग किया जा रहा है।

प्रशासन से जांच की मांग

लालबगीचा वार्ड के जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल निर्माण स्थल का निरीक्षण कर घटिया सामग्री के उपयोग पर रोक लगाई जाए। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को मानक स्तर पर सुनिश्चित कराया जाए। इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी,जिलाउपाध्यक्ष प्रवीणसाहू, गीतराम सिन्हा,नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन,विकास साहू,अनिल पटवा,देवा ,अनस रजा व युवा कांग्रेस के अन्य साथी सहित वार्डवासी उपस्थित रहें।

पहली बार शुरू हुआ संगठित संग्रहण, जिले में 35 हजार से अधिक बोरा तेंदूपत्ता जुटा

बंदूक की गूंज से निकला गोगुंडा तेंदूपत्ता बना ग्रामीणों के आजीविका का सहारा

सुकमा/नवप्रदेश। कभी नक्सल प्रभाव के कारण भय और बंदूक की गूंज से पहचाने जाने वाले गोगुंडा की पहाड़ियां अब बदलती तस्वीर पेश कर रही हैं। दुर्गम वनांचल में अब तेंदूपत्ता संग्रहण के जरिए रोजगार और विकास की नई राह खुली है। वन विभाग ने यहां पहली बार व्यवस्थित रूप से संग्रहण कार्य शुरू कर स्थानीय आदिवासी समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की है।

गोगुंडा और मिचिगुड़ा में दो नए फड़ स्थापित किए गए हैं, जहां इस सीजन में 200 से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का अनुमान है। इससे क्षेत्र के वनवासियों को सीधे आय का लाभ मिलने लगा है और गांवों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

इस बदलाव के पीछे सुरक्षा बलों की लगातार मौजूदगी और शांति बहाली के प्रयासों की अहम भूमिका रही है। सुरक्षित माहौल बनने से अब शासकीय योजनाएं दूरस्थ इलाकों तक पहुंच रही हैं और वन विभाग को भी रोजगार आधारित गतिविधियां शुरू करने का अवसर मिला है।

वर्षों तक नक्सल प्रभाव के चलते यह इलाका विकास से अछूता रहा। ग्रामीणों को वनोपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था, लेकिन अब सरकारी पहल और बाजार व्यवस्था से उनकी आमदनी में बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है। तेंदूपत्ता संग्रहण न केवल रोजगार का माध्यम बन रहा है, बल्कि शासन और ग्रामीणों के बीच भरोसे को भी मजबूत कर रहा है।

इधर, पूरे जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य तेज़ी से जारी है। वन विभाग के अनुसार सुकमा में 727 फड़ संचालित हैं, जिनमें से करीब 350 में संग्रहण और खरीदी शुरू हो चुकी है। अब तक 35 हजार से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता एकत्र किया जा चुका है, जबकि शेष केंद्रों में भी जल्द काम शुरू होने वाला है।

डीएफओ अक्षय भोंसले ने स्पष्ट किया कि संग्रहण कार्य पूरी तरह जारी है और इसे बंद किए जाने की खबरें भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र संग्राहक से तेंदूपत्ता खरीदा जाएगा और प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है।

किस्ताराम, गोलापल्ली, कोंटा और जगरगुंडा जैसे क्षेत्रों में भौगोलिक कारणों से पत्ते देर से तैयार होते हैं, इसलिए वहां आगामी दिनों में संग्रहण शुरू किया जाएगा। वहीं हालिया ओलावृष्टि के चलते कुछ जगहों पर गुणवत्ता प्रभावित हुई है, लेकिन मानक के अनुरूप पत्तों की खरीदी लगातार जारी है।

अब गोगुंडा की पहाड़ियों पर जहां कभी असुरक्षा का माहौल था, वहीं आज तेंदूपत्ता संग्राहकों की चहल-पहल और विकास की नई आहट सुनाई दे रही है। यह बदलाव संकेत दे रहा है कि समन्वित प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र भी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

जगदलपुर के संजय मार्केट में वन्यजीव तस्करी, वन विभाग की टीम ने की छापेमारी

टीम ने 13 तोते के बच्चों को बरामद किया

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के संजय मार्केट में वन्यजीव तस्करी का मामला सामने आने पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी की। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में टीम ने 13 तोते के बच्चों को बरामद किया, जिन्हें अवैध रूप से बेचा जा रहा था। वन अमले ने तुरंत उन्हें अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित किया। छापेमारी के दौरान माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। मौके पर मौजूद तस्करों ने विरोध करते हुए वन विभाग की टीम पर हमला बोल दिया। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई और टीम के सदस्यों के साथ हाथापाई शुरू हो गई।

हमले के दौरान तस्करों ने वन विभाग के दो अधिकारियों को पकड़ लिया और उन्हें रस्सी से बिजली के खंभे से बांध दिया। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

घटना के बाद वन विभाग ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। यह घटना वन्यजीव संरक्षण कानूनों की खुलेआम अनदेखी को दर्शाती है। साथ ही यह भी साफकरता है कि तस्करों के हौसले कितने बुलंद हैं। ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई और अधिकारियों की सुरक्षा के मजबूत इंतजाम जरूरी हो गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।लीलाधर राठौर टीआई कोतवाली ने बताया कि रेंजर अक्षय कश्यप अपनी टीम के साथ संजय मार्केट पहुंचे थे, तोते को लेने पहुंचे थे, 2 लोग इसका विरोध करने लगे।

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने राष्ट्रपति एवं पीएम के नाम एसडीएम को सौंपा प्रार्थना पत्र

भाटापारा/ नवप्रदेश। गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत भारतवर्ष के 5000 तहसीलों के साथ भाटापारा में भी सोमवार को भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र तहसील कार्यलय जा कर एस डी एम को सौपा गया।पत्र में

गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो ,गौ रक्षा मंत्रालय का निर्माण हो,अखिल गोवंश की हत्या बंद हो की प्रमुख मांग रखी गई। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत माता चौक से सुबह 10 बजे पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा को दिव्य बनाने के लिए यात्रा की अगुवाई स्वयं गौ माता कर रही थी। छोटे छोटे बछड़े भी सज धज कर यात्रा के साक्षी बन रहे थे। वही कुछ गौ भक्तों ने पैदल यात्रा के आगे दंडवती यात्रा भी की। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष के साथ युवा वर्ग शामिल हुआ। भगवत संकीर्तन,भगवा झंडे और जयकारों के साथ यात्रा निकली। जिसका जगह जगह सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया।तहसील कार्यलय में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन महिला वर्ग, प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन पुरुष वर्ग एवं मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन युवा वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौपा। इस अवसर पर समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय(बंटी) ने कहा कि भारतीय सनातनी परंपरा संस्कृति में गौ माता का विशिष्ट स्थान है। 33 कोटि देवी देवताओं का वास गौ माता मे होता है।

गरीबों के लिए संबल बने जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

छुरिया/नवप्रदेश। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत टीपनगढ़ में इंसानियत और जनसेवा की एक मार्मिक तस्वीर सामने आई, जहां जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने एक जरूरतमंद वृद्ध महिला की मदद कर समाज के सामने संवेदनशील नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। गांव की वृद्ध महिला फुलेश्वरी बाई साहू बीते तीन महीनों से पेंशन न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही थीं। दो वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष कर रही इस महिला की हालत की जानकारी मिलते ही संजय सिन्हा बिना देर किए सीधे उनके घर पहुंचे। वृद्धा के कच्चे घर और अभावों से घिरी जिंदगी को देखकर वे भावुक हो उठे। महिला ने बताया कि वह मात्र 7 किलो राशन और बंद पड़ी पेंशन के सहारे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। घर में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा भी नहीं है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए संजय सिन्हा ने मौके पर ही संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्र ही बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा सके और पेंशन बहाली की प्रक्रिया तेज हो। साथ ही उन्होंने वृद्ध महिला को तत्काल आर्थिक सहायता देकर राहत पहुंचाई। इस मानवीय पहल ने यह साबित कर दिया कि संजय सिन्हा सिर्फ पद तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि हैं, जो हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहते हैं।

ग्रामीणों ने उनकी इस संवेदनशीलता की खुलकर सराहना की और कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि ही वास्तव में समाज की उम्मीद होते हैं। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि संजय सिन्हा हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते हैं और जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान डोमन पटेल, मोनू गुप्ता, टीकम साहू, दरबार साहू, अशोक साहू और अमृत लाल साहू सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

महतारी वंदन योजना में ई-केवाईसी अभियान तेज

- **1.57 लाख हितग्राहियों का सत्यापन पूरा**

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले में महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्केन्द्र जटवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से शुरू हुए इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 3 लाख 3 हजार 808 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जाना निर्धारित है।अब तक 1 लाख 57 हजार 359 हितग्राहियों का ई-केवाईसी सफ्लतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 1 लाख 46 हजार 449 हितग्राहियों का ई-केवाईसी 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

वंदे मातरम् संघर्ष, त्याग और बलिदान की प्रेरणा

भाटापारा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई द्वारा आईटीआई महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रभावना एवं देशभक्ति को जागृत करने हेतु परिसर-परिसर वंदे मातरम् अभियान का सफ्ल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों एवं वंदे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अजय गरहेवाल एवं सभी प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 50 विद्यार्थियों की सहभागिता रही, जिसमें 32 छात्र एवं 18 छात्राएं सम्मिलित हुए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लेकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एसएफडी प्रमुख दीपेश शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। यह गीत अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान की प्रेरणा रहा है। आज पूरे देश में 'परिसर-परिसर वंदे मातरम् अभियान' इसलिए चलाया जा रहा है। क्योंकि वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पूर्ण होने का यह ऐतिहासिक अवसर है। यह हम सभी युवाओं के लिए गर्व का विषय है कि हम इस गौरवशाली धरोहर को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ÷विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रहित, छात्रहित और समाजहित के कार्यों में अग्रणी रही है। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, अनुशासन और संस्कारों का विकास करना भी है। आज का युवा यदि अपने इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रगौरव को समझेगा, तभी भारत सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर कार्यकारिणी सदस्य सार्थक मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपने महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। वंदे मातरम् हम सभी के भीतर देशभक्ति की भावना जागृत करता है और हमें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है।

अच्छी पहल: ताम्रकार समाज का सामूहिक विवाह समारोह बना मिशाल

7 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे, 22 वर्षों से निरंतर जारी

धमधा / नवप्रदेश। ताम्रकार समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन रविवार को तमेर पारा, धमधा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 7 नवदंपत्ति जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया।

उल्लेखनीय है कि यह आयोजन विगत 22 वर्षों से लगातार किया जा रहा है और अपनी सादगी, सामाजिक एकता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में विशेष पहचान बना चुका है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में विवाह के अनावश्यक खर्चों को कम करना तथा जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है।

समारोह में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल (सांसद, दुर्ग लोकसभा), विशिष्ट अतिथि ईश्वर साहू (विधायक, साजा), जितेंद्र साहू (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड), श्वेता प्रशांत अग्रवाल (अध्यक्ष, नगर पंचायत धमधा) तथा पवन शर्मा (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने समाज के भवन निर्माण एवं बाउंड्रीवॉल के लिए आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक दाऊ मिनेशचंद ताम्रकार, श्रवण ताम्रकार, समाज के अध्यक्ष नीलकमल ताम्रकार (नीलू) एवं सचिव विमलचंद ताम्रकार सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी नवदंपत्तियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन पर समाज के पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

पंचायती राज दिवस पर पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन

खैरागढ/नवप्रदेश। पंचायती राज दिवस पर जिले की सभी 221 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। पंचायतों मे आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के बीच विशेष रूप से आगामी जनगणना 26 के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया गया। ग्राम सभाओं में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व एवं इससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

102 की उम्र में भी जीत: रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स रायपुर में शतायु महिला ने सफल सर्जरी से दी मिसाल

■ 102 वर्षीय मरीज की दुर्लभ और उच्च जोखिम वाली सर्जरी सुरक्षित रूप से की गई

रायपुर/नवप्रदेश। 102 वर्ष की उम्र में, जब अधिकांश लोग शारीरिक कमजोरी को जीवन का हिस्सा मान लेते हैं, तब रायपुर की पुष्पा देवी (नाम परिवर्तित) ने साहस, दृढ़ता और चिकित्सा संभावनाओं की एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने एक जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक करवाई, जिसे कई लोग दशकों पहले भी करवाने से हिचकिचाते।

पिछले 12 वर्षों से वह सुप्राअम्बिलिकल हर्निया (नाभि के ऊपर होने वाला हर्निया) के साथ जीवन जी रही थीं। सपोर्ट बेल्ट की मदद से उन्होंने अपनी स्थिति को संभाला और सक्रिय एवं स्वतंत्र जीवन जीती रहीं। उनकी दिनचर्या लगभग सामान्य थी, जब तक कि यह समस्या गंभीर रूप नहीं ले बैठी। हर्निया धीरे-धीरे बढ़ता गया और अंततः अवरुद्ध (ऑब्स्ट्रक्टेड) हो गया, जिससे उन्हें तेज दर्द होने लगा और यह उनकी जान के लिए तत्काल खतरा बन गया। इसी दौरान उन्हें पित्ताशय (गॉलब्लैडर) में पथरी की भी समस्या का पता चला, जिससे चिकित्सकीय स्थिति और जटिल हो गई। 102 वर्ष की उम्र में सर्जरी का निर्णय बिल्कुल आसान नहीं था। परिवार के सामने वही सवाल था, जिसका सामना कई लोग ऐसे समय में करते हैं–क्या इस उम्र में सर्जरी का जोखिम उठाना सही होगा? एनेस्थीसिया, रिकवरी और शरीर की सहनशक्ति को लेकर चिंताएं स्वाभाविक थीं।

लेकिन जब हर्निया अवरुद्ध हो गया, तब सोच-विचार के लिए समय नहीं बचा। स्थिति ने तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। तभी रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की टीम आगे आई। डॉ. संदीप डेव, डायरेक्टर ङ्क रोबोटिक सर्जरी, के नेतृत्व में डॉ. सिद्धार्थ तमस्कर विभागाध्यक्ष, मिनिमल एक्सेस सर्जरी, डॉ. जव्वाद नक़वी, डॉ. विक्रम शर्मा और डॉ. शमीक डेव की टीम ने इस मामले को अत्यंत सावधानी और सटीक योजना के साथ संभाला। मरीज की उम्र को देखते हुए प्री-ऑपरेटिव जांच, एनेस्थीसिया प्रबंधन और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल–हर पहलू पर विशेष सतर्कता बरती गई। सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई, जो एक महत्वपूर्ण चिकित्सकीय उपलब्धि रही। हालांकि, असली प्रेरणादायक पहलू उनकी रिकवरी रही। मरीज को केवल चार दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया और एक सप्ताह के भीतर वह अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आईं–चलना-फिरना, लोगों से मिलना-जुलना और उसी उत्साह के साथ जीवन जीना, जिसने उन्हें एक सदी तक आगे बढ़ाया। इस मामले पर विचार साझा करते हुए डॉ. संदीप डेव ने कहा, वृद्ध मरीजों में सर्जरी का निर्णय हमेशा बहुत सोच-समझकर लिया जाता है। यह केवल उम्र का सवाल नहीं होता, बल्कि मरीज की कार्यक्षमता, स्थिति की गंभीरता और जोखिमों को प्रभावी ढंग से संभालने की क्षमता पर निर्भर करता है।

जिला चिकित्सालय में 7 वर्षीय गौरव का हुआ सफल टॉन्सिल ऑपरेशन

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 07 वर्षीय बालक गौरव साहू को लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्या से राहत दिलाई। जिला बेमेतरा के ग्राम बंदी निवासी गौरव साहू पिछले एक वर्ष से टॉन्सिल में बार-बार संक्रमण की समस्या से परेशान था। इस कारण उसे निगलने में कठिनाई होती थी और उसका वजन भी लगातार कम हो रहा था। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां ओपीडी में कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल को दिखाया गया।

जांच के बाद डॉक्टरों ने गौरव को क्रॉनिक टॉन्सिलाइटिस से पीड़ित बताया और शीघ्र ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी) की सलाह दी। इसके पश्चात डॉ. कमलेश सत्यपाल (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. राजेश कुमार बेलदार (निश्चेतना विशेषज्ञ) एवं ओटी स्टाफ की टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद बालक पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी स्थिति में पहले से काफी सुधार हुआ है। अब उसे खाने-पीने में कोई परेशानी नहीं हो रही है और उसका स्वास्थ्य लगातार बेहतर हो रहा है।

जिला चिकित्सालय में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण अब स्थानीय स्तर पर ही जटिल उपचार संभव हो रहे हैं, जिससे मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम हो रही है। यह सफलता स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और डॉक्टरों की दक्षता का प्रमाण है।

शादी में मातम: तालाब में नहाने गए भाई-बहन डूबे, बहन की मौत

■ भाई की हालत अब सामान्य

बालोद/नवप्रदेश। दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 19 सुभाष चौक निवासी श्री रमेश सेन के परिवार में एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब उनकी पुत्री कु. निकिता सेन की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

शादी में शामिल होने गए थे परिवार: प्राप्त जानकारी के अनुसार, निकिता सेन अपने परिवार के साथ मनकी में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम के दौरान कुछ समय बाद वह अपने भाई के साथ पास के तालाब में नहाने चली गई। इस बात की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को नहीं थी।

नहाने के दौरान हुआ हादसा: बताया जा रहा है कि तालाब में नहाने के दौरान अचानक दोनों बच्चे गहराई में चले गए और डूबने लगे। जब तक आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई, तब तक स्थिति गंभीर हो चुकी थी।

निकिता की मौके पर मौत, भाई को बचाया गया: स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक निकिता सेन की मौत हो चुकी थी। वहीं उसके भाई को बेहोशी की हालत में तत्काल दुर्ग रेफर किया गया, जहां उपचार के बाद अब उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

क्षेत्र में शोक की लहर: इस हृदयविदारक घटना के बाद सेन समाज सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिवारजन गहरे सदमे में हैं और शादी का माहौल गम में बदल गया।

सतर्कता की अपील: स्थानीय लोगों और प्रशासन ने अपील की है कि बच्चों को जलाशयों के आसपास अकेले न जाने दें और उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतें, ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके। यह हादसा एक बार फिर याद दिलाता है कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

ईंट निर्माण कार्य से आत्मनिर्भर बन रही हैं समूह की महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। जहां वहां राह इस उक्ति को ईंट निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाएं चरितार्थ कर रही है। आदिवासी बहुल कोंडागांव जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत कुधुर में समूह की महिलाएं सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ÷बिहान÷ के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने सीआईएफ एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 4 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर सीमेंट ईंट निर्माण कार्य प्रारंभ किया। सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आत्मविश्वास के साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ीं। आज उनके द्वारा निर्मित मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण ईंटों की मांग आसपास के गांवों में लगातार बढ़ रही है। पूर्व में जहां महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वहीं अब वे आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस पहल से न केवल समूह की महिलाओं को नियमित रोजगार मिला है।

50 गांवों में सुधरेगी बिजली व्यवस्था

■ 132 केवी उपकेंद्र में 40 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेहतर और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिउच्चदाब उपकेंद्रों में निरंतर क्षमता विस्तार का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में छूरीखुर्द 132 केव्ही उपकेंद्र में 40 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया है। लगभग 4.31 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण इस कार्य से क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस ट्रांसफार्मर के शुरू होने से कोरबा जिले के कटघोरा-पाली स्थित छुरीखुर्द 132 केव्ही उपकेंद्र से जुड़े करीब 50 गांवों के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के समय बेहतर वोल्टेज मिलेगा, घरेलू उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाले वोल्टेज उतार-चढ़ाव और बाधित आपूर्ति से राहत मिलेगी, वहीं छोटे व्यवसायों को भी सुचारु रूप से संचालन में सुविधा होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने स्विच दबाकर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। उन्होंने ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप कंपनी ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और छोटे उद्यमियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। आने वाले समय में भी इसी तरह के कार्यों के माध्यम से बिजली आपूर्ति को और सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सके। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (उपकेंद्र) कल्पना घाटे, अधीक्षण अभियंता व्ही.बी.एस. कंवर, रवि चंद्राकर, डी.एस. पटेल, कार्यपालन अभियंता एस.सी. भगत, नवीन केरकेट्टा, प्रवीण कुमार ठाकुर, अजय कंवर, जी.आर. जायसवाल, सहायक अभियंता असीम मिश्रा, विजय पात्रे, बसंत टोप्पो सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिजली उपभोक्ताओं को राहत: मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना' बनी संबल

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली उपभोक्ताओं के लिए 'मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना' एक बड़ी राहत बनकर सामने आई है। इस योजना के माध्यम से राज्य के हजारों उपभोक्ताओं को न केवल बकाया बिलों के बोझ से मुक्ति मिल रही है, बल्कि उन्हें नियमित भुगतान की मुख्यधारा में लौटने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित इस योजना का लाभ नारायणपुर जिले के हजारों पात्र उपभोक्ताओं को मिल रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत जिले में कुल 7,903 उपभोक्ता पात्र पाए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से ?6,836 बीपीएल,घरेलू के ?1,008 उपभोक्ता और ?59 कृषि उपभोक्ता शामिल है। इन पात्र उपभोक्ताओं में से अब तक कुल 3,846 उपभोक्ताओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है, जिसमें 2,944 बीपीएल, 843 घरेलू और 59 कृषि उपभोक्ता शामिल हैं। योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को 19 लाख 51 हज़ार 924 रुपए,घरेलू उपभोक्ताओं को 27 लाख 25 हज़ार 903 रुपए और कृषि उपभोक्ताओं को 58 हज़ार 78 रुपए का लाभ मिला है।

11 किमी की दूरी नहीं बनी बाधा, स्वास्थ्य टीम पहुंची लोहागांव के हर दरवाजे तक

■ कुंआकोंडा के दुर्गम अंचल में पहली बार समग्र जांच का अनुभव

■ 62 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग, गर्भवती सहित 4 मरीज तत्काल रेफर

रायपुर/नवप्रदेश। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और कठिन रास्तों के बीच बसे लोहागांव में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भरोसे की दस्तक बनकर पहुंचीं। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बैलाडीला की पहाड़ियों से घिरे विकासखंड कुआकोंडा के इस सुदूर गांव तक पहुंचने के लिए करीब 11 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया। ऐसा सफर, जो सामान्य दिनों में भी आसान नहीं माना जाता। गांव पहुंचने के बाद टीम ने 62 ग्रामीणों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल रहे, जिनमें कई ऐसे लोग भी थे, जिन्होंने पहली बार इस तरह की समग्र जांच कराई। मलेरिया और सिकल सेल (हीमोग्लोबिन) की जांच के साथ-साथ मोतियाबिंद और कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान की गई। गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की गई, वहीं बच्चों का टीकाकरण भी सुनिश्चित किया गया।

जांच के दौरान 4 मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। इनमें एक गर्भवती महिला, एक मोतियाबिंद मरीज और दो मलेरिया पॉजिटिव मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, समय रहते इन मरीजों की पहचान होना आगे चलकर गंभीर जटिलताओं को रोकने में मददगार साबित होगा। दरअसल, 13 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के तहत पूरे जिले में 76 स्वास्थ्य स्थलों के माध्यम से टीमें गांव-गांव पहुंच रही हैं।

सुविचार

आपको सिर्फ़ दो लोग ही समझ सकते हैं एक वो जो आपके जैसी परिस्थितियों से गुजरा हो और दूसरा वो जो आपसे बेपनाह मोहब्बत करता हो

आप के बागी सांसदों के विलय को मंजूरी

आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी और फिर उन्होंने इस बाबत् राज्यसभा के सभापति को पत्र सौंप दिया था। जिसपर विचार करने के बाद राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के इन सातों सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इन बागी सांसदों की राज्यसभा सदस्यता खत्म कराने के लिए आम आदमी पार्टी के नेता अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहे हैं उनका कहना है कि इन सात बागी सांसदों का भाजपा में जाना दलबदल कानून के तहत आता है इसलिए इन्हें आयोग्य करार देना चाहिए। किन्तु उनका यह तर्क शायद ही सुप्रीम कोर्ट में चल पाये क्योंकि आम आदमी पार्टी के दस राज्यसभा सदस्यों में से 7 ने पार्टी छोडी है और भाजपा का दामन थामा है। दलबदल कानून के तहतह यह मामला आता ही नहीं है क्योंकि तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की सरकार के दौरान संविधान में संसोधन करके यह प्रावधान किया गया था कि यदि किसी पार्टी के दो तिहाई सदस्य दलबदल करते हैं तो उनकी सदस्यता बरकरर रहेगी। इसके पूर्व तो एक तिहाई सदस्यों के पाला बदलने पर भी दलबदल कानून लागू नहीं होता था। इसलिए इन बागी सांसदों के खिलाफ कार्यवाही होना नामुमकीन की हद तक कठिन है। वैसे भी दलबदल करने वाले विधायकों और सांसदों को अयोग्य करा देने या न देने का अधिकार उस सदन के सभापति के हाथों सुरक्षित रहता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप नहीं करता जब तक की मामला बहुत ही जटिल न हो। यहां सात सांसदों का दल बदलना विधि सम्मत है ऐसे में भले ही आम आदमी पार्टी राज्यसभा के सभापति के निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दें लेकिन वहां से भी उसके मनमाफिक फैसले की उम्मीद कम ही है। बहरहाल इन सात सांसदों के भाजपा में आ जाने से अब राज्यसभा में भाजपा की ताकत और बढ़ गई है जहां अब एनएडीए बहुमत के और करीब पहुंच गई है अब भाजपा को राज्यसभा में अपने महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने में और आसानी होगी। वैसे आम आदमी पार्टी के नेता इन बागी सांसदों के खिलाफ कार्यवाही का जो मन बना रहे हैं और इसे लेकर सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। उसे देखते हुए अब समय आ गया है कि दल बदल कानून में एक बार फिर संसोधन करने पर विचार किया जाये। जिस राघव चड्ढा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों ने बगावत करके भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया उसी राघव चड्ढा ने संसद के पिछले सत्र में ही यह मांग उठाई थी कि दलबदल करने वाले नेताओं पर अंकुश लगाने के लिए संविधान में संसोधन किया जाये और दो तिहाई जनप्रतिनिधियों की जगह तीन चौथाई जनप्रतिनिधियों के दल बदलने को दलबदल कानून से पृथक रखा जाये। उनकी यह मांग नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई थी और अब उसी राघव चड्ढा की अगुवाई में आम आदमी पार्टी के दो तिहाई सांसदों ने दल बदल कर दिया। दरअसल दल बदल कानून की समीक्षा करने तथा इसे और कड़ा बनाने में किसी भी राजनीतिक पार्टी की मंशा ही नहीं है। यही वजह है कि आया राम गया राम की परी पार्टी बदस्तुर चल रही है।

बंगाल में मतदान के दौरान हिंसा की आशंका

बंगाल विधानसभा के दसूरे चरण में 142 सीटों पर आज मतदान होना है। इस दौरान वहां हिंस की आशंका बनी हुई है। गौरतलब है कि आज जिन सीटों पर मतदान होगा वे सभी टीएमसी का गढ़ मानी जाती है। पिछले विधानसभा चुनाव में इन 142 सीटों में से 123 सीटें टीएमसी ने जीती थी जबकि भाजपा को सिर्फ 18 सीटें मिली थी। भाजपा इस बार यहां अपना पूरा जोर लगा रही है। वहीं टीएमसी अपना गढ़ बचाने के लिए जद्दो जहद कर रही है। जिससे मतदान के दौरान तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा हिंसा हुई थी और 47 लोग मारे गये थे इसलिए आज के मतदान में सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहना होगा तभी वहां मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर पायेंगे और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो पाएगा। इस स्थिति को देखते हुए ही चुनाव आयोग ने वहां अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की है और उत्तरप्रदेश में सिंघम कहे जाने वाले एंकाउंटर स्पेशिलस्ट आईपीएस अधिकारी अजय शर्मा को आब्जरवर बनाकर डॉयमंड हारबर जिले में भेजा गया है। जहां उन्होंने मतदाताओं को धमकी चमकी देने वाले टीएमसी प्रत्याशी जहांगीर खान के घर के पास जाकर उन्हें चेतावनी भी दी है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि मतदान के दौरान किसी ने गड़बड़ी की कोशिश की तो उसे कड़ा सबक सिखाया जाएगा। हालांकि उक्त आईपीएस अफसर की इस चेतावनी को लेकर भी सियासत गर्मा गई है लेकिन मतदान शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों को इसी तरह का कठोर रूख अख्तियार करना होगा। अन्यथा मतदान के दौरान हिंसा की आशंका को नकारा नहीं जा सकता।

पंजाब से दिल्ली तक सियासी 'सुनामी': संकट में 'आप'

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों का भाजपा में विलय केवल एक खबर नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है।

योगेश कुमार गोयल

आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के 7 सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है। यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढ़हने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

'आप' के अस्तित्व पर खड़ा सबसे बड़ा सवाल

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं। संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

पंजाब की राजनीति और 2027 का रण

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि भरोसे

और प्रभाव का क्षरण है। सबसे बड़ी चुनौती भगवंत मान के सामने है। यह उनके नेतृत्व और राजनीतिक संतुलन की सीधी परीक्षा है। राघव चड्ढ़ा को लंबे समय तक सरकार और संगठन के बीच रणनीतिक कड़ी माना जाता रहा, उनके हटने से यह संतुलन डगमगाता दिख रहा है। दूसरी ओर, भाजपा इस घटनाक्रम को अवसर में बदलने की कोशिश में है। भाजपा पंजाब में हमेशा से एक 'छोटा भाई' (अकाली दल के साथ) बनकर रही है लेकिन 7 सांसदों के आने से, जिनमें सिखों और उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व है, भाजपा अब 2027 में 'अकेले दम' पर सरकार बनाने का सपना देख रही है। अब तक सहयोगी राजनीति तक सीमित रही भाजपा अब पंजाब में स्वतंत्र शक्ति बनने की दिशा में आक्रामक कदम बढ़ाती दिख रही है और 2027 का रण अब पहले से कहीं अधिक खुला और अनिश्चित हो गया है।

क्या खत्म हो जाएगी 'आप'?

इतिहास गवाह है कि क्षेत्रीय दल जब ऐसे बड़े विद्रोह का सामना करते हैं तो अक्सर वे या तो बिखर जाते हैं या फिर सिमटकर रह जाते हैं लेकिन आप की स्थिति थोड़ी भिन्न है। इसका सबसे बड़ा कारण है अरविंद केजरीवाल का व्यक्तित्व। आम आदमी पार्टी का आधार अरविंद केजरीवाल की 'व्यक्तिगत ब्रांडिंग' पर टिका है। जब तक दिल्ली और पंजाब जैसे अहम राज्यों में उनका जनाधार सुरक्षित है, तब तक 'आप' का पूर्ण पतन लगभग असंभव प्रतीत होता है। इसके समानांतर, 'आप' की ताकत उसका विकसित कैडर ढांचा है। आप ने पिछले एक दशक में एक मजबूत कैडर तैयार किया है। हालांकि शीर्ष स्तर पर योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण और अब राघव चड्ढा जैसे प्रमुख चेहरों का अलग होना पार्टी को बड़ा झटका देता है लेकिन जमीनी कार्यकर्ता अब भी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हैं। एक वैकल्पिक, जनोन्मुख और व्यवस्था-विरोधी नेता की केजरीवाल की छवि अब भी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी बनी हुई है।

राष्ट्रीय राजनीति में बदलता खेल

राष्ट्रीय राजनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य में यह घटनाक्रम सत्ता-संतुलन को निर्णायक रूप से प्रभावित करता है। राज्यसभा में सात सांसदों के जुड़ने से भाजपा की स्थिति और सुदृढ़ हुई है, जिससे अब महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने में उसकी छोटे दलों पर निर्भर रहने की बाध्यता कम हो गई है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन के लिए यह स्पष्ट झटका है क्योंकि 'आप' इस गठबंधन की मुखर आवाज रही है। सबसे गंभीर आघात 'आप' की वैचारिक विश्वसनीयता पर पड़ा है। जो पार्टी 'ईमानदार राजनीति' को अपनी पहचान मानती रही, उसी के भीतर से वैचारिक विचलन और आरोपों का उठना उसके नैरेटिव को कमजोर करता है। यह स्थिति नेतृत्व शैली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है, लगातार बड़े चेहरों का अलग होना इस ओर संकेत करता है कि संवाद की कमी और निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण आंतरिक असंतोष को जन्म दे रहा है। राष्ट्रीय विस्तार की महत्वाकांक्षा पर भी इसका प्रभाव पड़ना तय है। दिल्ली और पंजाब से आगे बढ़ने की जो रणनीति थी, वह अब धीमी पड़नी तय है, विशेषकर तब, जब पंजाब, जो 'आप' का सबसे मजबूत गढ़ है, स्वयं इस राजनीतिक भूकंप के केंद्र में आ खड़ा हुआ है।

आप के लिए अग्निपरीक्षा का समय

यह कहना जल्दबाजी होगी कि 7 सांसदों के जाने से आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी। राजनीति में रिक्तियां हमेशा भर दी जाती हैं। हालांकि यह निश्चित है कि आप अब अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रही है। यदि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान अगले कुछ महीनों में पंजाब और दिल्ली के कैडर को एकजुट रखने में विफल रहे तो 2027 का चुनाव उनके लिए एक राजनीतिक ढ़लान साबित हो सकता है। दूसरी ओर, भाजपा ने इस 'मास्टरस्ट्रोक' के जरिए यह संदेश दे दिया है कि वह दिल्ली और पंजाब की सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। बहरहाल, 'आप' के लिए चुनौती अब केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि अपने अस्तित्व और साख को बचाए रखना है।

नारंगी अर्थव्यवस्था: जनजातीय कला, हस्तशिल्प और आजीविका

रंजना चोपड़ा

वर्शांग खैयर मणिपुर के उखरूल जिले के लॉन्गपी गाँव के निवासी हैं, जो अपने और अपने परिवार की रोजी-रोटी गाँव में उपलब्ध गारे और सर्पेंटीनाइट पत्थर से बर्तन बनाकर कमाते हैं। स्थानीय तांगखुल नागा जनजातियों के अनुसार, यह पारंपरिक शिल्प, देवी पंथोइबी की कृपा है और आज यह उनकी आय का मुख्य स्रोत है और इसने छोटे से गाँव को वैश्विक मानचित्र पर ला दिया है। इसी तरह, नॉर्थी कुट्टन, जो तमिलनाडु के उद्हगमंडलम जिले के पागलकोड मंड गाँव में रहते हैं, पारंपरिक कढ़ाई कला से अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस कढ़ाई कला का उपयोग नीलगिरी के हरे-भरे जंगलों में बसे टोडा जनजाति समूह द्वारा किया जाता है। जीआई टैग से युक्त यह शिल्प प्रकृति और सामुदायिक बंधन का जश्न मनाता है और इसे बहुत ही सुंदरता के साथ टेबल मैट, रनर, जैकेट आदि पर अंकित किया जाता है और समकालीन उपयोग में इसे लोकप्रियता भी मिली है। खैयर और कुट्टन दोनों अपने पारंपरिक जनजातीय कला रूपों के एक उन्नत रूप का अभ्यास करके सालाना लगभग 6-8 लाख रुपये कमाते हैं। जनजातीय आजीविका लंबे समय से ज्ञान और पारंपरिक प्रथाओं पर आधारित रही है, जहां रचनात्मकता शिल्प, परंपरा, वस्त्र, संगीत, नृत्य, कथा-वाचन और भाषाओं में निहित है। ये केवल उत्पाद या सेवाएं नहीं हैं, बल्कि ज्ञान की जीवित विरासत हैं, जो पीढ़ियों के माध्यम से आगे बढ़ती हैं। जनजातीय समुदायों के पास मौजूद रचनात्मक संपत्तियों का महत्वपूर्ण आर्थिक मूल्य है, जिसे यदि परंपरा के प्रति संवेदनशील रहते हुए सतत तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह नारंगी

अर्थव्यवस्था (ऑरेंज इकोनॉमी) को गति दे सकता है और इस इकोसिस्टम के तहत आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियों का सृजन कर सकता है। रचनात्मक अर्थव्यवस्था को दर्शाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली नारंगी अर्थव्यवस्था, यूएनसीटीएडी के अनुमान के अनुसार 2 ट्रिलियन डॉलर से 2.25 ट्रिलियन डॉलर के बीच है, जो वैश्विक जीडीपी का लगभग 3.1त्न है। भारत में, जहाँ हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए ठोस डेटा मौजूद है, वहीं जनजातीय शिल्प और आजीविका के लिए डेटा की कमी है। हालांकि, रणनीतिक निहितार्थ स्पष्ट हैः जनजातीय कला और शिल्प कुछ ऐसी ग्रामीण आजीविकाएं हैं, जो वैश्विक रचनात्मक वस्तुएँ की मांग से सीधे जुड़ सकती हैं यदि प्रामाणिकता, लॉजिस्टिक्स और गुणवत्ता प्रणाली मौजूद हों। अनुमान है कि भारत की अनुसूचित जनजाति की आबादी 104 मिलियन है और कुल आबादी में इसकी हिस्सेदारी लगभग 8.6त्न है। लगभग 700 अलग-अलग जनजातीय समुदाय विभिन्न पारिस्थितिक क्षेत्रों में निवास करते हैंः जंगल, पहाड़, मैदान और सीमा क्षेत्र। इस विविधता का प्रत्यक्ष आर्थिक संबंध है। यह पारिस्थितिकी के अनुसार शिल्प विशेषज्ञता को प्रतिबिंबित करता है, जैसे जंगल वाले क्षेत्रों में बांस और छड़ी, खनिज क्षेत्रों में धातु और मिट्टी, और बुनाई गलियारों में वस्त्र परंपराएँ। इसके परिणामस्वरूप, भारत के जनजातीय क्षेत्र; एकल जनजातीय शिल्प क्षेत्र के बजाय "विविध अर्थव्यवस्थाओ" से युक्त हैं। इसलिए, नीति निर्माण क्षेत्रीय रूप से भिन्न होना चाहिए और "सभी के लिए उपयुक्त एक ही शिल्प योजना" नहीं होनी चाहिए। नीतियों को कच्चे माल की सीमाओं, डिज़ाइन और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों और बाजार संबंधों को ध्यान में रखना चाहिए। वर्तमान में, जनजातीय कला/हस्तशिल्प आजीविका इकोसिस्टम, कई मंत्रालयों और संस्थानों के कार्यादेशों से बना है, जो विभिन्न स्तरों पर एक-जैसे हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय इस इकोसिस्टम का मुख्य स्तंभ है और विकास के लिए अत्यंत आवश्यक अवसंरचना में सुधार करता है और ट्राइफेड (भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड) के माध्यम से बाजार-जुड़ाव की सुविधा देता है। ट्राइफेड एक प्रमुख बाजार संचालक के रूप में कार्य करता है। ट्राइफेड वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) का समर्थन करता है, जो खरीद और मूल्य संवर्धन के लिए जमीनी स्तर की इकाइयाँ हैं। ट्राइफेड, ट्राइब्स इंडिया आउटलेट और आदि महोत्सव/हाट्स के माध्यम से खुदरा विपणन करता है ताकि उत्पादकों को खरीदारों और संस्थागत भागीदारों से जोड़ा जा सके। वस्त्र मंत्रालय राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के माध्यम से हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है और समग्र हथकरघा/हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजनाओं (सीएचसीडीएस) के माध्यम से क्लस्टर अवसंरचना को प्रोत्साहन देता है और कारीगरों के डेटाबेस को अद्यतन करता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661 - चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया। 1639 - दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गयी। 1813 - अमेरिका में जेएफहम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया। 1848 - सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म। 1903 - महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल हाईकोर्ट में लीगल प्रेक्टिस शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की । 1930 - ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलीफोन सेवा की शुरूआत। 1939 - नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। 1978 - अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेना अध्यक्ष लड़ाई में मारे गये हैं। 1991 - बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए। 1993 - पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा। 1997 - रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लागू। 1999 - बच्चों के यौन शोषण पर रोक संबंधी विधेयक जापानी संसद में मंजूर। 2005 - सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क भी-कभी यूँ ही यूँ भी..आता है ख्याल तेरा कि झुक जाती हैं नज़र... शर्म से हो जाता है चेहरा गुलाबी-गुलाबी । बिन बात के मुस्कुराने लगती हूँ अधरों पे गीत कोई छा जाता है....और सोचने लगती हूँ तुझको तो.... दब जाती है उँगली दाँतों तले खुद ब खुद.... आ जाता है पल्लू होंठों के बीच... और फ़िर उड़ने लगती हूँ... साथ-साथ हवा के... और सोचती हूँ कि.... ज़िंदगी ना मिलेगी दोबारा.... बस....दर्द में भी मुस्कुरा लेती हूँ.... सिर्फ और सिर्फ तेरे लिये ॥ - **डॉ.सविता वर्मा ÷ग़ज़ल÷**

एक अर्से बाद मिले हो , आज हम तुमसे कुछ नही लेंगे , तुम्हारी रुसवाइयों का जबाव देंगे , तुम्हारे सारे सवालों का जबाब देंगे , तुम्हारा सुकून जो खो गया है उसे वापिश देंगे , आज तुम जो मिले हो बरसों बाद , तुम्हे अपने धड़कनों का हिसाब देंगे , जो तुम्हारा ही नाम ले कर धडकता रहा , जो मिल न सका तुम्हे कभी वो पैगाम देंगे।। - **नमन कुमार मिश्रा**

इक इक लम्हे को जीने की इशरत रखा करो, कभी ज्यादा कभी कम बस हसरत रखा करो, उम्र की गिनती में जाया क्यूं करो मुस्कुराहट, कुछ टुकड़े ही सही आंखों में फ़कत रखा करो।। - **विजय लक्ष्मी राय**

इनकम टैक्स ने एक नेताजी को नोटिस भेजा :: आपने पिछले साल क्या कमाई की, उसका हिसाब दीजिए... और उसका टैक्स जुर्माने के साथ जमा कीजिए... नेता :: पिछले साल मेरी कमाई हुई 1000 जूते, 5000 सड़े अंडे, 10000 गालियाँ । बताइये इनमें कितनी आपको बतौर टैक्स भेजूँ..? ?? इनकम टैक्स से जवाब आया :: ढ़ाई लाख तक छूट है.... और खाईए.....! - **पितांबर श्रीवास्तव**

आस अपनी जगह पर अड़ी रह गई फांस सी इक हलक़ में पड़ी रह गई वक्त को तो गुज़रना था ,गुज़रा मगर हाथ में मेरे बस यह घड़ी रह गई ; मेरी तस्वीर उसने हटाई मगर , कील अपनी जगह पर गढ़ी रह गई ; तर्के ताल्लुक पे दोनों ही नादिम हुये दरम्याँ आंसुओं की झड़ी रह गई राब्ता फिर भी दोनों में कायम रहा बीच में दर्द की इक कड़ी । - **अनु मित्तल**

आप लोगो से इज्जत मिलने की बिल्कुल भी उम्मीद मत करो??आप कितना भी अच्छा व भलाई का काम करो??लोग तो आपको अपने स्वार्थ के हिसाब से ही इज्जत देंगे!????तो क्यो न हम अपना ब्यवहार को नियंत्रित कर ले! - **रमेश अग्रवाल**

अपने आँचल में हौसले का उजास बाधे, टेरेस पर कतरा -दर-कतरा जिंदगी सँजोती, मुस्कुराती हुई खड़ी एक स्त्री। उसके पास उम्मीदों का केनवास था हिम्मत और सूझबूझ के ब्रश-स्ट्रोक्स थे वह तिनका तिनका कर आसमान बुन रही थी कल की स्त्री प्रेम के नातो से जुडी थी और सकारात्मक सोच के सहारे एक सुंदर घर, बेहद पवित्र दुनियाँ बनाने को तैयार थी। - **हेमा पांडे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए संतुलित और सकारात्मक संकेत लेकर आया है। आप रिश्तों को सुधारने में पहल करेंगे। जो लोग आपसे नाराज थे, उन्हें मनाने की कोशिश सफल हो सकती है।

वृषः आज का दिन थोड़ा सतर्कता मांगता है। अनावश्यक जोखिम लेने से बचें, खासकर वाहन से जुड़ी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दूर रह रहे किसी प्रियजन की याद आपको भावुक कर सकती है।

मिथुनः आज आपको कुछ खास और प्रभावशाली लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा, जो भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकता है। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती है, जिससे घर में उत्साह का माहौल रहेगा।

कर्कः आज का दिन मिला-जुला रहेगा, लेकिन समझदारी से काम लेने पर आप हर परिस्थिति को संभाल लेंगे। नौकरी से जुड़े कामों के लिए आपको यात्रा या भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

सिंहः आज आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खर्चों पर नियंत्रण रखें, नहीं तो कर्ज बढ़ सकता है। हालांकि सेहत में पहले से सुधार महसूस होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

कन्याः आज आपकी नेतृत्व क्षमता खुलकर सामने आएगी और साथियों का पूरा सहयोग मिलेगा। काम के प्रति संतुष्टि महसूस करेंगे। माता-पिता की सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी बरतें।

तुलाः आज आपको छोटे-छोटे लाभ के अवसरों पर ध्यान देना होगा। दिखावे से दूर रहकर सादगी अपनाना ही समझदारी है। बातचीत में संयम रखें, क्योंकि एक गलत शब्द आपके काम बिगाड़ सकता है।

वृश्चिकः आज का दिन नई शुरुआत और बड़े फैसलों का संकेत दे रहा है। प्रॉपर्टी खरीदने या नया वाहन लेने का सपना पूरा हो सकता है।लंबे समय से चली आ रही इच्छाएं पूरी हो सकती हैं।

धनुः आज का दिन आपके लिए सफलता और संतोष लेकर आएगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता जरूर मिलेगी।

मकरः आज नौकरीपेशा लोगों के लिए शानदार दिन है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर-परिवार की समस्याओं को सुलझाने का अवसर मिलेगा।

कुंभः आज मेहनत और बुद्धिमत्ता से आप सबको प्रभावित करेंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क का फायदा मिलेगा और आपकी साख मजबूत होगी। धन-धान्य में वृद्धि के संकेत हैं।

मीनः आज आपको आर्थिक मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है। कोई बड़ा जोखिम न लें। आसपास के लोगों से तालमेल अच्छा रहेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सीमा शुल्क किस प्रकार का कर है?

2) भारत का पहला वाणिज्यिक बैंक कौन सा था?

3) भारतीय कला महोत्सव के दूसरे संस्करण का आयोजन कहाँ हुआ था?

4) हाल ही में खबरों में रही ऋषिकुल्या नदी किस राज्य से होकर बहती है?

5) हाल ही में चर्चा में आया गिल्बर्ट हिल किस राज्य में स्थित है?



उत्तरमाला- (1) अप्रत्यक्ष कर (2) बैंक ऑफ हिंदुस्तान (3) सिकंदराबाद (4) ओडिशा (5) महाराष्ट्र

पहेली

शब्द सामर्थ्य -022

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल

जैविक खेती व हाइड्रोपोनिक्स खेती को बढ़ावा दें अधिकारी : राज्यपाल

■ राज्यपाल ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने पर दिया बल

■ सभी स्कूलों में शौचालय की सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले के ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। राज्यपाल डेका ने लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि अधिकारी हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से मिलें और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लें। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण से जुड़े प्रयासों का आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून दोनों अवधियों में भूजल स्तर का नियमित और व्यवस्थित मापन किया जाए। दोनों समयावधियों के आंकड़ों की तुलना करने से स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि वर्षा के साथ-साथ जिले में चलाए गए जल संवर्धन अभियानों जैसे सोकपीट निर्माण और अन्य संरचनाओं का भूजल स्तर पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने पर न केवल जल स्तर में हो रही वास्तविक वृद्धि का सही आंकलन संभव होगा, बल्कि जल संरक्षण के प्रयासों को और बेहतर दिशा भी दी जा सकेगी। राज्यपाल डेका ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए। स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय भवनों, सड़कों के किनारे तथा सिविल क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किये जाएं। राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राज्य में धान की खेती अधिक मात्रा में होती है, जिससे पानी की खपत भी बढ़ जाती है। किसानों को अन्य कम पानी वाली फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जाए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। राज्यपाल ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल देते हुए हाइड्रोपोनिक्स खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि हाइड्रोपोनिक्स एक उन्नत तकनीक है, जिसमें फसलों को बिना मिट्टी के केवल पानी और पोषक तत्वों के घोल के माध्यम से उगाया जाता है, जिससे पानी की बचत होती है और उत्पादन भी बेहतर होता है।

राज्यपाल डेका ने प्रत्येक स्कूल में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सफाई और उपयोग योग्य स्थिति में रखरखाव करने कहा। उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को क्षेत्र के स्कूलों के शौचालयों का निरीक्षण करने के लिए कहा। राज्यपाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को ड्रॉपआउट बच्चों और उनके अभिभावकों की बैठकें आयोजित करने कहा।

राज्यपाल ने सभी विकासखंड अधिकारियों से जल संरक्षण के कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था, स्कूलों में शौचालयों की स्थिति और लखपति दीदी योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में किए जा रहे किसी भी नवाचार की जानकारी ली।

प्लेसमेंटनामा : राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को दी सफलता की सीख

■ 'मैं' से 'हम' की यात्रा ही कामयाबी की कुंजी :- राज्यपाल डेका

भिलाई/नवप्रदेश। प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका आज दुर्ग और भिलाई के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान राज्यपाल ने रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी, भिलाई में आयोजित भव्य कार्यक्रम 'सच हुए सपने' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। युवाओं के लिए आयोजित किए गए विशाल रोजगार मेले 'प्लेसमेंटनामा' के गौरवशाली समापन का प्रतीक था। इस दौरान राज्यपाल डेका ने प्लेसमेंट के द्वारा चयनित युवाओं को जॉब लेटर प्रदान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सपने वे नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि 'सच हुए सपने' के माध्यम से 1,702 मेधावी युवाओं को सम्मानजनक रोजगार प्राप्त हुआ है, जो राज्य के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

राज्यपाल ने 'प्लेसमेंटनामा' की सफलता के आंकड़ों की सराहना करते हुए बताया कि पांच दिवसीय आयोजन में 10,842 युवाओं ने पंजीयन कराया और लगभग 7,000 साक्षात्कार हुए। आज का युग केवल डिग्री का नहीं, बल्कि दक्षता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक सोच का है। युवाओं को सफलता का मंत्र देते हुए राज्यपाल ने तीन महत्वपूर्ण बातें साझा की।

राज्यपाल ने निरंतर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने, ईमानदारी व स्पष्टता को अपनाने और 'मैं' से 'हम' की टीम भावना को विकसित करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब संस्थान, उद्योग और सरकार मिलकर काम करते हैं, तो ऐसे ही असाधारण परिणाम प्राप्त होते हैं।

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस आयोजन में तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों की कंपनियों का उत्साहजनक सहयोग रहा।

आईटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और कोर इंडस्ट्री की समान भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ का युवा हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार है। अब केवल हां में हां मिलाने से नौकरी नहीं मिलती, बल्कि विषय का गहन ज्ञान और व्यक्तित्व में झलकने वाला आत्मविश्वास ही आपकी असली पहचान है। रिक्रूटर्स बेहद स्मार्ट होते हैं जो चंद मिनटों में आपकी क्षमता को परख लेते हैं। आंखों का आत्मविश्वास और भाषा की स्पष्टता ही आपका भविष्य तय करेगी। डिग्री केवल एक शुरुआत है, असली शिक्षा जीवन के अनुभवों से आती है। जो व्यक्ति सीखना बंद कर देता है, उसके विकास के द्वार बंद हो जाते हैं।

राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि ईमानदारी और स्पष्टता सबसे बड़ी ताकत है। जो नहीं आता उसे स्वीकार करना कमजोरी नहीं, बल्कि एक मजबूत व्यक्तित्व की निशानी है। प्लेसमेंटनामा का यह मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन सकता है, जहाँ शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर सीधे रोजगार और राष्ट्र निर्माण से जुड़ती है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी सफलता ही 'नए छत्तीसगढ़' और 'नए भारत' की नींव है।

इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, विधायक रिकेश सेन, विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, चांसलर संतोष रूंगटा व संजय रूंगटा, वाइस चांसलर जवाहर सुनील सेट्ठी, रूंगटा यूनिवर्सिटी के फेकल्टी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व युवा उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन शिविर में 102 लोगों की जांच

दुर्ग। पुलिस परिवार के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रक्षित केन्द्र दुर्ग में ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन शिविर का आयोजन किया गया। धन्वंतरी जन कल्याण समिति रायपुर के सहयोग से आयोजित शिविर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के कुल 102 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। जांच के दौरान 5 महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती लक्षण चिन्हित किए गए। चिकित्सकीय परामर्श देकर आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल ने कहा कि ड्यूटी के साथ स्वास्थ्य की देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने नियमित जांच, संतुलित आहार और सक्रिय जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। पुलिस अस्पताल दुर्ग के डॉ. सुधीर गांगेय ने ब्रेस्ट कैंसर की समय पर पहचान और तनावमुक्त जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, डॉ. सूर्यप्रकाश सक्सेना (जनरल सर्जरी), डॉ. रजनीश मल्होत्रा (पीडियाट्रिक), डॉ. अजय गोवर्धन (फिजिशियन), डॉ. ज्ञानेश मिश्रा (पीडियाट्रिक) व डॉ. पी.यू. प्रकाश सक्सेना (ऑन्कोलॉजिस्ट) उपस्थित रहे।

3 सौ ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

दुर्ग। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी 300 ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में 'नवा तरिया आय के जरिया', जनगणना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकारियों को ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'संपदा' ऐप में परिसंपत्तियों का अपलोड, 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत जल संरक्षण व आजीविका संवर्धन, 'नवा तरिया आय के जरिया' जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा पूर्व में ही सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। निर्देशानुसार ग्राम सभाओं में जनप्रतिनिधियों और सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

जिले की ग्राम पंचायतों में 1 मई से 'सुशासन तिहार-2026' का आगाज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के नेतृत्व में जिले में पारदर्शिता लाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 'सुशासन तिहार-2026' का आयोजन 1 मई से प्रारंभ होगा। जिले के जनपद पंचायतों में विभिन्न स्थानों पर निवारण शिविर 1 मई से 10 जून तक सुबह 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। सबसे पहले जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 4 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में शिविर लगेगा, जिसमें अण्डा, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, भानपुरी, जंजगिरी, मतवारी और रिसामा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके बाद 8 मई शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढौर में शिविर में सिरसाखुर्द, जेवरा, समोदा, भटगांव, कुटेलाभांठा, खपरी कु., करंजा भिलाई, झेंझरी, कचांदुर, ढौर, खेदामारा, बासीन, बोड़ेगांव, रवेलीडीह, अरसनारा और ननकट्ठी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएँ रख सकेंगे।

18 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई में शिविर का आयोजन होगा, जिसमें मचांदुर, चिरपोटी, पाउवारा, कोडिया, कोकड़ी, हनोदा, पुरई, खोपली, डुमरडीह, घुघसीडीह, उमरपोटी, कातरो, मातरोडीह, बोरीगारका और करगाडीह पंचायतें शामिल होंगे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आवश्यकतानुसार शिविर स्थलों पर हेलीपैड का चिन्हांकन और पीडब्ल्यूडी, पुलिस और आबकारी विभाग के समन्वय से किया जाएगा। दूर-दराज के क्षेत्रों तक सूचना पहुंचाने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र, कूलर और पंखों की उचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला स्तरीय व विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने खंड और जोन स्तरीय अधिकारियों के साथ मैदानी स्तर पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

विवाद में पत्थर से कुचलकर की गई थी हत्या नाबालिग समेत महिला गिरफ्तार, एक फरार

दुर्ग/नवप्रदेश। जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत 26 अप्रैल को हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रामनारायण निषाद की हत्या पुरानी रंजिश की वजह से नाबालिग ने की थी। पुलिस के अनुसार रामनारायण निषाद ने विवाद के बाद पुलिस से शिकायत और रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके कारण नाबालिग ने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या कर दी।

पुलिस ने हत्या करने वाले नाबालिग और साक्ष्य मिटाने में उसका साथ देने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में शामिल नाबालिग के एक अन्य साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गांव की सावित्री निषाद (40) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किये गए पत्थर, जले हुए कपड़ों के अवशेष और अन्य जरूरी साक्ष्य भी जब्त किये हैं।

घटना के बाद मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को एक नाबालिग पर शक हुआ। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। नाबालिग ने बताया कि उसने साथी के साथ इस हत्या को अंजाम दिया। मृतक और आरोपी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। मृतक ने पहले किसी मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिससे आरोपी उससे नाराज था। रामनारायण निषाद उर्फ नारायण निषाद का शव गांव के दुर्गा मंच के पीछे खेत में पड़ा था। शव संदिग्ध हालत में था और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। घटना वाली रात यानी 25 अप्रैल को मृतक नशे में था। इसी का फायदा उठाकर नाबालिग व उसके साथी ने पहले उसके साथ मारपीट की। इसके बाद गमछे से उसके पैर बांध दिए और उसे घसीटते हुए खेत की ओर ले गए। पत्थरों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। गांव की सावित्री निषाद (उम्र 40 वर्ष) ने घटना के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी। उसने खून से सने कपड़े और जूते जला दिए थे ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिले।

शराब तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। अंजोरा चौकी पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मोटर साइकिल से अवैध शराब ले जाकर बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 35 नग देसी मसाला शराब और एक मोटर साइकिल जब्त की है। आरोपियों में देवा बघेल और कार्तिक यादव शामिल हैं। तलाशी के दौरान पुलिस को बाइक की डिक्की से 35 बोतल देसी मसाला शराब मिली। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 3,500 रुपए है। दोनों आरोपी पहले भी अवैध शराब के मामलों में शामिल रहे हैं। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

कास्मेटिक सामग्री के सैम्पल कलेक्ट मैंगो जूस में कलर मिलाने का खुलासा

■ खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के दूसरे दिन 28 अप्रैल को जिले में संचालित श्रद्धा मेडिकल एजेंसी, शनिचरी बाजार, दुर्ग, वर्धमान एजेंसी, गंजपारा, रिषभ डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंजपारा, टी. सी. मेडिकोज, गंजपारा, जायडस हेल्थ केयर, जायडस लाईफ साइंसेस, मेकमनी प्रा. लि., जिनदत्त डिस्ट्रीब्यूटर्स, रामनगर भिलाई में स्थित भारत एजेंसी व अशोक एजेंसी सहित कॉस्मेटिक विक्रय करने वाली थोक औषधि विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया गया। 2 प्रसाधन सामग्री का नमूना जांच के लिये संकलित किया गया। सभी फर्मों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड की जांच की गई। कास्मेटिक सामान का क्रय-विक्रय अधिकृत विक्रेताओं, एजेंसी से बिल के माध्यम से करने के निर्देश दिये गए।

खाद्य विभाग द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित गन्ना रस और जूस सेंटर आदि स्ट्रीट वेंडर्स की जांच की जा रही है। स्वच्छ पीने योग्य पानी से बने बर्फ का उपयोग करने, रंगो का उपयोग न करने, परिसर के आसपास स्वच्छता रखने, ताजा फलों का प्रयोग करने और डस्टबिन रखने निर्देशित किया गया। पाण्डे जूस कार्नर, इंदिरा मार्केट, देवांगन जूस कार्नर, अग्रसेन चौक में मैंगो जूस में रंग मिलाया जा रहा था। रंग को मौके पर नष्ट कराया गया। भविष्य में रंग का प्रयोग करने, खराब व सड़े फलों का प्रयोग करने और नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शीतला तालाब पाटने की शिकायत महापौर अलका ने दिये सख्त निर्देश

■ वृंदावन कॉलोनी में पाइप लाइन विस्तार और नाली निर्माण जल्द

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज महापौर अलका बाघमार ने आज वार्ड 40 की समस्याओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर, पार्षद गुलाब वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी और स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब को भूस्वामी द्वारा अवैध रूप से पाटे जाने की शिकायत मिलने पर महापौर ने कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा करते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक संपत्ति और जल स्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने वार्ड निरीक्षण के दौरान नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वृंदावन कॉलोनी के रहवासियों ने पेयजल पाइपलाइन विस्तार और नाली निर्माण की मांग की। महापौर ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी तीन-चार माह के भीतर पाइपलाइन विस्तार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा। नाली निर्माण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतला तालाब को पाटने के प्रयास में संलिप्त भूस्वामी के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए और तालाब के मूल स्वरूप को संरक्षित रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास, अर्थदंड भी लगाया

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के पाटन स्थित अपर सत्र न्यायालय (पॉक्सो) ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी नरेंद्र टंडन को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया मोतीपुर में 16 वर्षीय पीड़िता 22 अक्टूबर 2025 की शाम घर से फैंसी दुकान जाने की बात कहकर निकली थी। वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद परिजनों ने अमलेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नरेंद्र टंडन नाबालिग को बहला-फुसलाकर साथ ले गया था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। प्रकरण की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर की अदालत में हुई। विशेष लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने गवाहों के बयान और दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए। अदालत ने सभी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी माना। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ कहा कि नाबालिग की सहमति कानूनन मान्य नहीं होती। शादी का प्रलोभन देकर किया गया यह अपराध गंभीर श्रेणी में आता है।

अदालत ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) और धारा 87 के तहत भी 5-5 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। वहीं पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास की मुख्य सजा सुनाई गई। कोर्ट ने कहा कि यदि आरोपी अर्थदंड जमा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। यह फैसला नाबालिगों के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है।

अनुकरणीय पहल: बीएसपी कर्मी मोहम्मद रफी रात के समय सड़कों पर घूमने वाले गायों और बैलों को पहनाते हैं

एक्सीडेंट की घटनाएं रोकने सौ से ज्यादा मवेशियों को पहनाया रेडियम बेल्ट

भिलाई/नवप्रदेश। सड़कों पर बैठे या विचरण करते आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाएँ एक गंभीर चिंता के रूप में उभरती रही हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि अंधेरे में ये पशु अंतिम क्षण तक दिखाई नहीं देते और कई बार दुर्घटनाएँ टालना संभव नहीं रह जाता।

भिलाई इस्पात संयंत्र परिवार के लिए ये दुर्घटनाएं संवेदनात्मक अनुभव भी रही है। समय-समय पर कई कर्मी इस प्रकार की दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं। एक दुखद घटना में पीबीएस विभाग से जुड़े एक संविदा कर्मी के पुत्र की असामयिक मृत्यु ने इस विषय की गंभीरता को गहराई से उजागर किया। इंजीनियरिंग एसोसिएट के रूप में कार्यरत मोहम्मद रफी ने एक सरल किन्तु प्रभावी पहल की शुरुआत की। सितंबर 2025 से प्रारंभ इस अभियान के अंतर्गत टाउनशिप में घूमने वाले मवेशियों—विशेषकर गाय और बैलों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाए जा रहे हैं। वाहन की हेडलाइट पड़ते ही ये बेल्ट दूर से चमकते हैं और चालक को समय रहते सतर्क कर देते हैं। मवेशियों को सुरक्षित ढंग से नियंत्रित करने के लिए मोहम्मद रफी ब्रेड या हरी सब्जियों का सहारा लेते हैं। ताकि बिना किसी आक्रामकता के उन्हें बेल्ट पहनाया जा सके। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा इन बेल्टों को हटाने की घटनाएँ सामने आई हैं। इसके बाद भी मोहम्मद रफी के प्रयास निरंतर जारी है।

अब तक 102 से अधिक मवेशियों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाया जा चुका है। मोहम्मद रफी की यह पहल केवल एक सुरक्षा उपाय नहीं, बल्कि सामुदायिक चेतना का प्रतीक है। यह दर्शाती है कि जब व्यक्ति अपने दायरे से आगे बढ़कर समाज के लिए सोचते हैं, तब बदलाव की एक नई दिशा बनती है—जहाँ सुरक्षा केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि साझा जिम्मेदारी बन जाती है।

बीएसपी में आईटीआई (आरएसी) प्रशिक्षुओं हेतु संरचित औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

भिलाई सेल-बीएसपी के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआरएल एंड डी) विभाग द्वारा उद्योग शैक्षणिक सहयोग और कौशल विकास को सुदृढ़ करने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं हेतु संरचित ऑन द-जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को व्यवहारिक औद्योगिक अनुभव प्रदान करते हुए सैद्धांतिक ज्ञान व कार्यस्थल की वास्तविक आवश्यकताओं के मध्य अंतर को कम करना है।

15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित इस चार सप्ताह के औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग (आरएसी) ट्रेड के 17 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को एकीकृत इस्पात संयंत्र की कार्यप्रणाली, सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा शॉप-फ्लोर प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन सेक्शन एसोसिएट शोभराज सिन्हा व प्रशिक्षण अधिकारी (आरएसी) अनिल कुमार नेताम द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षुओं को विभिन्न औद्योगिक प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनमें व्यावहारिक दक्षता का विकास हो और कार्यस्थल की गतिशीलताओं की बेहतर समझ विकसित हो सके।

वैवाहिक सीजन में गन्ना किसानों को बड़ी राहत, 13.80 करोड़ जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। वैवाहिक सीजन और आगामी फसल की तैयारियों के बीच गन्ना किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना, राम्हेपुर द्वारा किसानों को 13.80 करोड़ की राशि जारी की गई है। इस भुगतान के साथ ही चालू पेराई सत्र में अब तक कुल 71.29 करोड़ किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं, जिससे क्षेत्र में संतोष और भरोसे का माहौल बना है।

कलेक्टर एवं कारखाने के प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भुगतान प्रक्रिया तेजी से जारी है। समयबद्ध और पारदर्शी भुगतान से सहकारी व्यवस्था में किसानों का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। किसानों ने भी इस पहल को राहत देने वाला कदम बताया है, खासकर ऐसे समय में जब शादी-ब्याह और खेती की तैयारियों के लिए नकदी की जरूरत बढ़ जाती है।

उत्पादन के मोर्चे पर भी कारखाने ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। चालू सत्र में अब तक 2,55,818 मीट्रिक टन गन्ना पेराई की गई है, जिससे

3,09,120 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह उपलब्धि किसानों के सहयोग, बेहतर प्रबंधन और कारखाने की कुशल कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है।

कारखाना प्रबंधन द्वारा किसानों और श्रमिकों के हित में कई महत्वपूर्ण पहल भी की जा रही हैं। इनमें एफआरपी के अतिरिक्त रिकवरी आधारित भुगतान, शासन द्वारा बोनस वितरण, रियायती दर पर शक्कर उपलब्ध कराना, उन्नत बीज और कृषि मार्गदर्शन के साथ नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ÷बलराम सदन÷ जैसी सुविधा और मात्र ?5 में भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन भी संचालित की जा रही है।

भोरमदेव शक्कर कारखाना जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह न केवल किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिला रहा है, बल्कि गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देकर फसल विविधता को भी प्रोत्साहित कर रहा है। साथ ही, हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है।

कुल मिलाकर, समय पर भुगतान, बेहतर प्रबंधन और किसान हितैषी योजनाओं के चलते यह कारखाना सहकारी मॉडल की सफलता का मजबूत उदाहरण बनकर उभरा है, जिससे जिले में विकास की रफ्तार भी तेज हुई है।

संक्षिप्त खबरें

कॉलेज कैंपस में कथित गुंडागर्दी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में स्थित कैंटीन में कथित रूप से भाजयुमो से जुड़े कुछ नेताओं द्वारा

गुंडागर्दी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कैंटीन संचालित करने वाले एक गरीब परिवार के साथ मारपीट की गई, जिससे कॉलेज परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान संबंधित व्यक्तियों में सत्ता के संरक्षण का अहंकार भी झलकता नजर आया। शिक्षा के माहौल में इस तरह की घटनाओं को लेकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। हालांकि इस बार महाविद्यालय के प्रोफेसरों और स्टाफ ने चुप्पी नहीं साधी। सभी ने एकजुट होकर घटना के विरोध में हस्ताक्षर करते हुए शिकायत दर्ज कराने की पहल की है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करेगा या फिर मामले को दबाने की कोशिश की जाएगी। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो कॉलेज परिसर की सुरक्षा और शैक्षणिक वातावरण पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

नगरवासियों को लू के प्रकोप से बचने महापौर ने की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्मी पड रही है और आगे भी गर्मी बढने की संभावना है। गर्मी बढने से लू चलने की संभावना बढ जाती है। जिसे ध्यान में रखते हुये महापौर श्री

मधुसूदन यादव ने नगर वासियों से लू के प्रकोप से बचने सावधानी बरतने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने बताया कि जब वातावरण का तापमान ज्यादा हो जाता है तो लू की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका असर बच्चों और बुजुर्गो लोगों में सर्वाधिक होता है, लेकिन हम सबको इससे बचना है और इसके लिये सार्थक उपाय करना है। उन्होंने बताया कि लू के प्रमुख लक्षण तेज बुखार आना, सिर में दर्द एंव भारीपन लगना, चक्कर आना व उल्टी होना, शरीर में दर्द होना, भूख कम लगना, अधिक प्यास लगना प्रमुख है। इसमें कई बार लोग बेहोश भी हो जाते है। उपरोक्त लक्षण दिखने पर तुरंत हमे इसका ईलाज कराना है और सावधानी बरतना है। महापौर श्री यादव ने लू के बचाव के संबंध में बताया कि लू से बचने अधिक से अधिक घर पर ही रहे, धूप में बाहर निकलने की कोशिश न करें, धूप में निकलने से पहले, सर व कानों को कपड़े से बांध लेवे, नरम मुलायम सूती कपड़े पहने, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. को घोल पीये, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करे तथा ठंडा पानी, शीतल पेय, लस्सी, मठा व फलो के रस का सेवन करे। साथ ही मौसमी फल जैसे तरबूज,ककड़ी, छाछ,लस्सी समय समय पर लेते रहे, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा-विकास, विश्वास और जनसेवा की भावना पर आधारित बजट

नपाध्यक्ष के अध्यक्षीय कार्यकाल का दूसरा बजट पेश

■ **बजट में जनता पर कोई बोझ नही, कोई नया कर प्रस्तावित नही**

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करते हुए विकास को नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। बजट प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनआकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ायेगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्षीय कार्यकाल का दूसरा बजट ÷विकास, विश्वास और जनसेवा÷ की भावना पर आधारित है। नगर पालिका परिषद जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए हर वर्ग के हितों का ध्यान रखेगी और कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगी। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होनें बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्रगान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की।

शहर विकास के लिए विशेष प्रावधानः नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सड़क एवं नाली निर्माण, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, उद्यानों के विकास तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कवर्धा तेजी से विकसित हो रहा शहर है और आने वाले वर्षों में इसे आधुनिक एवं व्यवस्थित नगर के रूप में पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनता के विश्वास और सहभागिता से ही विकास का यह संकल्प पूर्ण होगा।

आगामी वर्ष में इन कार्यो पर फोकस

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में पेश किया गया। यह उनके कार्यकाल का पहला बजट था। इस बजट में नगर पालिका क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव किया गया, जिसमें अधोसंरचना, केन्द्र प्रवर्तित योजना, राज्य प्रवर्तित योजना, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, जल आपूर्ति, और स्वच्छता संबंधित कार्यो को शामिल किया गया है।

शहर के 10 चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत करपात्री चौक, संतगाडगे चौक, सहस्त्र बाहु चौक, करपात्री चौक, मिनीमाता चौक, शहीद कौशल यादव चौक, परशुराम चौक, झंडा चौक, ऋषभ देव चौक का सौंदर्यीकरण, तालाबों का सौंदर्यीकरण में रेवाबंद तालाब, बावा तालाब, डबरी तालाब, वार्ड क्रं. 26 स्थित तालाब का जीर्णोद्वार कार्य होगा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास के लिए इस बजट शहर विकास के लिए अनुमानित लागत राशि का बजट प्रस्तुत किया गया है जिसमें शासन से राशि मांग के अनुरूप कार्य कराया जाना प्रस्तावित रहेगा।

भूपेश बघेल के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो पर बवाल

■ **दोषियों की गिरफ्तारी और इंस्टाग्राम आईडी बैन की मांग**

बालोद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल के संबंध में प्रसारित कथित आपत्तिजनक, भ्रामक एवं जनरेटेड वीडियो को लेकर कड़ा विरोध जताया गया है। इस मामले में दोषियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई, तत्काल गिरफ्तारी और संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को बैन करने की मांग की गई है।

पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा गया ज्ञापनः इस संबंध में

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक बालोद के नाम ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार के वीडियो के वायरल होने से श्री भूपेश बघेल के सार्वजनिक जीवन की मर्यादा को ठेस पहुंची है।

कांग्रेस ने जताया कड़ा विरोधः कांग्रेस नेताओं ने इसे ओछी और असंवैधानिक राजनीति करार देते हुए कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीक का दुरुपयोग कर किसी की छवि धूमिल करने का प्रयास बेहद चिंताजनक है, जिससे कार्यकर्ताओं और आम जनता में आक्रोश व्याप्त है।

बड़ी संख्या में कांग्रेसजन रहे मौजूदः ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के उपाध्यक्ष श्री रामजी भाई पटेल, श्री संजय बारले, महामंत्री भोजराज साहू, शंभू साहू, सतीश यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रत्तीराम कोसमा, अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, नेता प्रतिपक्ष कसिमुद्दीन कुरैशी, पार्षद विनोद बंटी शर्मा, सुमित शर्मा, अनिल यादव, कमलेश श्रीवास्तव, रोहित सागर, भूपेश नायक, कमल टुवानी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, साजन पटेल, उस्मान रजा, के. ईश्वर राव, सत्यम जैन, सुनील जैन, कुलेश्वर तिवारी, देवेंद्र साहू, नमन यादव, सुमीत यादव, रूपेश राणा, इमरान, कान्हा साहू, फैज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

मुख्य मांगें

- दोषियों की तत्काल पहचान कर गिरफ्तारी
- संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को तुरंत बैन किया जाए
- मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए
- कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

महिला आरक्षण पर भाजपा राजनीति कर रही है , दुर्गा गजबे

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। महिला आरक्षण के मुद्दे पर जिला ग्रामीण महामंत्री दुर्गा गजबे ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन मैं देरी और परिसीमन की शर्तों को मुख्य

निशाना बनाया है गजबे ने आरोप लगाया है यह कानून महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें गुमराह कर रहा है आरक्षण को 2029 तक टालने का प्रयास है मोदी सरकार महिला आरक्षण लागू करने से क्यों बच रही है।

गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

■ **माहेश्वरी महिला मंडल ने सौंपा ज्ञापन, गौशाला में लिया संकल्प**

बालोद/नवप्रदेश। गौ माता सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत बालोद में माहेश्वरी महिला मंडल की अगुवाई में गौ भक्तों और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही शाम को गौशाला में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने का संकल्प लिया गया।

तहसील में सौंपा गया ज्ञापनः सुबह लगभग 10:30 बजे माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने अन्य गौ भक्तों और सामाजिक

संगठनों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने सहित गौ संरक्षण से जुड़ी मांगें रखी गईं।

गौशाला में पूजन व सेवा, लिया गया संकल्पः शाम को बालोद गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में गौ माता को चारा, रोटी और गुड़ खिलाकर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए संकल्प लिया और अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

बड़ी संख्या में महिलाएं रहीं मौजूद : इस आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेमा काबरा, सचिव किरण काबरा, रामेश्वरी टावरी, संगीता टावरी, उमा मंत्री, भावना टावरी, किरण पनपालिया, पूजा तापड़िया, ज्योति राठी, तारा राठी, प्रीति तापड़िया, घटा टावरी, सुषमा राठी, डॉली सोमानी, श्वेता टावरी, राखी टावरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

अभियान को आगे बढ़ाने की तैयारीः आयोजकों ने बताया कि गौ माता सम्मान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और गौ संरक्षण को लेकर ठोस पहल हो सके।

वैष्णव समाज ने डॉ रमन सिंह का धन्यवाद ज्ञापित

■ **वैष्णव समाज भाजपा के लिए सदैव वंदनीय रहा है : डॉ रमन सिंह**

राजनंदगांव/नवप्रदेश। वैष्णव समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज स्पीकर हाउस रायपुर जाकर डॉ रमन सिंह को समाज के मनोज निर्वाणी को राजगामी सम्पदा न्यास का उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस अवसर पर कृष्ण कुमार वैष्णव पूर्व महासचिव प्रदेश छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा, देव कुमार निर्वाणी प्रदेश सलाहकार छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,गंगादास वैष्णव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा

एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा ,दिग्विजय दास वैष्णव छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ, सौरभ निर्वाणी अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ,रजत वैष्णव प्रदेश मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय पुजारी संघ, भोला वैष्णव, वैभव निर्वाणी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा, आकाश दास वैष्णव ,साकेत दास वैष्णव ,प्रज्ञा निर्वाणी,मनोज निर्वाणी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा इकाई छत्तीसगढ़ श्री वैष्णो महासभा दिलीप दास वैष्णव पुजारी राजगामी संपदा, आकाश दास वैष्णव, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव पारिख खुर्द ,

कृष्ण कुमार वैष्णव ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं देव कुमार निर्वाणी जी ने गीता तथा नारियल भेंट कर रमन सिंह जी का अभिवादन किया,

इस अवसर पर वैष्णव समाज के प्रदेश सचिव युवा इकाई दिग्विजय दास वैष्णव ने समाज के लोगों का परिचय कराया ।

वैष्णव समाज द्वारा किए गए स्वागत अभिनंदन से अभिभूत होते हुए डॉ रमन सिंह जी ने कहा कि वैष्णव समाज हमारे लिए सदैव वंदनीय एवं पूज्यनीय स्थान पर रहा है। उन्होने कहा कि जिले के सभी मठ मंदिरों को संरक्षित किया जाएगा और दानवीर राजा महंत दिग्विजय दास की पुण्यतिथि एवं जन्म तिथि को मनाने की परंपरा को बड़ा करने के लिए एक स्थाई व्यवस्था का निर्माण किया जाएगा।

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202604103500006 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक पंकज गढ़िया पिता रविकांत, निवासी गंजपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 04 अ. भूखण्ड क. 130/3. क्षेत्रफल 1917 वर्गफीट भूमि पंकज गढ़िया दि रविकांत के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा भूखण्ड का प?ट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा कराया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202604103500007 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदक ममता जैन पति कैलाशचन्द्र जैन निवासी जामगांव आर तहसील पाटन जिला दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित शीट क. 04 अ. भूखण्ड क. 75/3, क्षेत्रफल 396 वर्गफीट भूमि ममता जैन पति कैलाशचन्द्र के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के प?ट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा भूखण्ड का पट्टा नवीनीकरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा कराया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बीरा चौहान पिता राजेश कुमार चौहान निवासी सिद्धार्थ नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा भाई दुर्गेश्वर चौहान आ. राजेश कुमार चौहान की जन्म/मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100400 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती सत्यवती आडिल पिता/पति स्व. संत लाल आडिल निवासी कोहका के द्वारा नीचे वर्णित (अनुसूची) में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका	4605/2	0.0060	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्‌घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100400 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री / श्रीमती मोहित कुमार टंडन पिता/पति दुजे राम टंडन निवासी वार्ड नं. 44 कसारीडीह के द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची ÷में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 रा.नि.मं.कसारीडीह	25/30	0.022	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

राजस्व मामले में नोटिस

समक्ष न्यायालय :- अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले का विषय : राजस्व अपील प्रकरण

ऑनलाईन रजि.नं./मामला क्रं. 202410100400461/ अ-6 सन् 2024-2025

उर्मिला देवी पति स्व. जवाहर प्रसाद वर्मा — अपीलार्थी

विरूद्ध

जोगेन्दर सिंह पिता नामालूम व अन्य — अनावेदकगण

दावा

जोगेन्दर सिंह पिता सरदार प्रसाद सिंह पंजाबी व अन्य निवासी कोहका, तहसील व जिला दुर्ग

(ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 स्थित भूमि पुराना ख.नं. 887/3 का दु. नया ख.नं. 8727 रकबा 0.016 हे. के संबंध में)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी उर्मिला देवी पति स्व. जवाहर प्रसाद वर्मा उम्र 55 वर्ष निवासी गुरू नानक नगर मिलाई, कोहका, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर के रा.प्र.क. 202206101000065/अ-6 सन 2021-22 पक्षकार कृष्णचन्द्र वर्मा विरूध्द जोगेन्द्र सिंह मौजा कोहका /19 में पारित आदेश दिनांक 18/11/2022 से क्षुब्ध होकर यह अपील ज्ञाप छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44(1) के तहत् अपने अधिवक्ता श्री डी0के0 शिरके के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आपको रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है किन्तु आपके सही पते के अभाव में नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है। अपीलार्थी द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से नोटिस प्रकाशन कर सूचना जारी करने के संबंध में आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसे स्वीकार किया गया है। अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर स्थानीय लोकप्रिय सर्वविदित दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है संसूचना प्राप्त होने पर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ज्ञात हो कि अपील प्रकरण में आगामी पेशी तिथि 30/04/2026 नियत है, नियत दिनांक को अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज तारीख 22.04.2026 को जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202604103500005 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अखराज ओस्तवाल पिता गुलाबचंद ओस्तवाल एवं अन्य निवासी महावीन नगर दुर्ग के आवेदन अनुसार नजूल स्थित भूमि शीट क. 29डी, भूखण्ड क. 146/21, रकबा 147 वर्गमीटर भूमि लीला देवी व उनके पति अखराज ओस्तवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीला देवी की मृत्यु दिनांक 07.12. 2025 को हो चुकी है। उनके वारिसान पति अखराज ओस्तवाल, पुत्र-पुत्री ज्ञानचंद, विपुल व लक्ष्मी जैन पि. अखराज ओस्तवाल है। उक्त आधार पर आवेदकगण द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित कर वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202604103500004 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक अखराज ओस्तवाल पिता गुलाबचंद ओस्तवाल एवं अन्य निवासी महावीन नगर दुर्ग के आवेदन अनुसार नजूल स्थित भूमि शीट क. 29डी, भूखण्ड क. 146/22 रकबा 299 वर्गमीटर भूमि लीला देवी व उनके पति अखराज ओस्तवाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। लीला देवी की मृत्यु दिनांक 07.12. 2025 को हो चुकी है। उनके वारिसान पति अखराज ओस्तवाल, पुत्र-पुत्री ज्ञानचंद, विपुल व लक्ष्मी जैन पि. अखराज ओस्तवाल है। उक्त आधार पर आवेदकगण द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित कर वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.05.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

उदंती अभ्यारण्य एवं गरियाबंद वन मंडल के जंगलों में लगी आग

■ **मैदानी अधिकारी मुख्यालय में नहीं रहते हैं और फर्जी ड्यूटी डायरी व लॉक बुक लिख रहे हैं : मुरलीधर सिन्हा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला जंगलों से भरा और घिरा क्षेत्र है जिसमें दो वन मंडल है, एक सामान्य वन मंडल गरियाबंद और दूसरा उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व अभ्यारण्य गरियाबंद है जिसका मुख्यालय गरियाबंद है किन्तु इन दिनों मैदानी वन अधिकारियों के मुख्यालय में नहीं रहने से इन दिनों आग लगी है, पूरा जंगल फायर वाचर के भरोसे छोड़ दिए हैं यह आरोप भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने लगाया है और बताया कि अपने क्षेत्र के दौरे से लौटते समय देखा कि धूं-धूं करके जंगलों में दावानल से पूरा जंगल जलकर राख हो गया है, मैदानी अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा में है और पूरा जंगल फायर वाचर के भरोसे छोड़ दिए हैं । आज गरियाबंद जिला के दोनों मंडल उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व अभ्यारण्य एवं गरियाबंद सामान्य वन मंडल के मैदानी अधिकारी मुख्यालय में नहीं होने के कारण अवैध कटाई एवं जंगल जमीन पर अवैध कब्जा बेधड़क हो रहे हैं। भरा- पूरा जंगल मैदान में तब्दील हो रहा है । वन अधिकारियों के घोर लापरवाही की वजह से जंगल की

अवैध कटाई के साथ-साथ जंगली जानवरों का अवैध शिकार भी धड़ल्ले से हो रहा है , कुछ अवैध शिकारी के पकड़े जाने का अवैध शिकार का पुख्ता प्रमाण है । भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने वन अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गरियाबंद जिला के वन अधिकारी मुख्यालय में नहीं होने के बाद भी अपना दौरा बताकर फर्जी ड्यूटी डायरी व लॉक बुक भरकर विभाग को लाखों रूपये का चुना प्रति वर्ष लगा रहे हैं ? श्री सिन्हा के अनुसार उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व अभ्यारण्य वन मंडल का क्षेत्र गरियाबंद से 45 किमी बाद प्रारम्भ होता है किन्तु उसका मुख्यालय गरियाबंद में यह समझ से परे है। ये अभ्यारण्य अधिकारी अपने सहूलियत अनुसार बड़ी चालाकी से मुख्यालय गरियाबंद को बनाया है ? जो मुख्यालय 50 किमी दूर है तो क्या अभ्यारण्य की देखभाल करेंगे ? यह बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है । इसी तरह सामान्य वन मंडल गरियाबंद की भी यही हालात है, गरियाबंद से 80 किमी दूर देवभोग, इन्दागांव वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 84 मुआवजा का देवस्थल कांदाडोंगर के आसपास जंगल पूरा जलकर जल कर राख हो गया है, देवस्थल कांदाडोंगर पहाड़ की खुबसूरती व हरियाली गायब हो गई है । विदित हो कि अमलीपदर से वापसी के समय कुछ लोगों से पूछा यह कांदाडोंगर जंगल में लगी आग को कोई वन अधिकारी देखने वाला नहीं तो लोगों का रटा रटाये जवाब था सिन्हा जी ये अधिकारी यहाँ रहेंगे तो जंगल और कांदाडोंगर देवस्थल जंगल की सुरक्षा होगी ? विगत दिनों धवलपुर, नवागढ़ और गरियाबंद परिक्षेत्र के जंगलों में सड़क को छोड़ दो अंदर के जंगल जलकर स्वाहा हो गया है ।

न्यूज गैलरी

जंगल में संघर्ष भरी जिंदगी जी रहे धरमदास से मिले जनपद अध्यक्ष सिन्हा

छुरिया/नवप्रदेश। विकासखंड छुरिया के महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम पंचायत टीपानगढ़ से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर घने जंगल के बीच रहने वाले धरमदास विश्वकर्मा की जिंदगी अभावों और संघर्षों से घिरी हुई है। वर्षों से एक छोटी सी झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे धरमदास के पास न बिजली की सुविधा है, न शुद्ध पेयजल, न पक्की छत और न ही जीवन की बुनियादी जरूरतें।धरमदास की स्थिति की जानकारी मिलने पर जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा स्वयं मौके पर पहुंचे और वास्तविक हालात का जायजा लिया। जंगल के बीच बनी कम ऊंचाई वाली झोपड़ी, फटी चटाई, सीमित संसाधन और अकेलेपन में बीत रही जिंदगी को देखकर वे भावुक हो उठे। उन्होंने धरमदास से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। संजय सिन्हा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धरमदास को जल्द ही सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन मिल सके।

छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

छुरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की अनुशंसा तथा विधायक भोलाराम साहू एवं पूर्व विधायक छन्नी साहू के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। नवगठित कार्यकारिणी में सभी वर्गों, समाजों और महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का दावा किया गया है।ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ कांग्रेसजनों और जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि नई टीम संगठन की रीढ़ साबित होगी और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का कार्य करेगी।नवगठित कार्यकारिणी में कमलेश यादव (पेण्ड्रीडीह) को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भिखम देवांगन, तामेश्वर साहू, मनोज यादव, पुनेश्वर चंद्रवंशी, दिनुराम साहू एवं हिरदेराम साहू को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर ललित कुमार साहू, धनेन्द्र कोठारी, अश्वन सिन्हा, प्यारेलाल मंडावी, सुलेखा कोमरे, रोहित वर्मा, नीलेश पाल एवं चमेली कंवर को शामिल किया गया है।सचिव पद पर हेमलता बंजारे, प्रतिमा साहू, लेखचंद वर्मा, रेवाराम लाडेकर, भावेश सिन्हा, रामायण साहू, राजू सिंह राजपूत, कुलदीप साहू, शिशुपाल सलामे एवं मोहम्मद वसीम कुरैशी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कल्पना मंडावी, जीवन खांडे, मोहम्मद आरिफखान, ईश्वरी मिरी, अजय चंद्रवंशी एवं महानंद खुबरागढ़े को शामिल किया गया है।ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार शाम 5 बजे छुरिया में नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक आयोजित होगी, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ 1 मई मजदूर दिवस पर खुर्सीटीकूल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के प्रस्तावित आगमन को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम संगठनात्मक एकता और जनसेवा की भावना के साथ कांग्रेस पार्टी को क्षेत्र में और मजबूत करेगी।

प्रभारी मंत्री गरियाबंद पून्नूलाल मोहिले की घोषणा पर आज तक अमल नही

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूलाल मोहिले,सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13;14;15 के मकानों

के छत के उपर से 11 के व्ही विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा किया मंत्री जी के घोषणा पर उपस्थित जन समुहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया ! लेकिन मंत्री जी के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ , मंत्री जी ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री जी की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री जी की घोषणा पूरा होगा,मोहल्ले वासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं।मंत्री जी की घोषणा पूरा करने के लिए जनता की जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये गरियाबंद कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग,नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल , सांसद , विधायक तत्कालीन कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है क्या घोषणा पर अमल हो गा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौडेगा।

ताला खुलने के इंतजार में मंडी कर्मचारी, प्रभारी गायब

भटगांव कृषि उपज मंडी सचिव का मनमर्जी, ताला लगाकर खुद गायब

■ **नगर पंचायत भटगांव में कृषि उपज मंडी कार्यालय से बड़ी लापरवाही**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के कृषि उपज मंडी सचिव की बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां कार्यालय में ताला लगा दिया है और स्वयं कार्यालय से नदारद है जहां कार्यालयलीन कर्मचारी बाहर इंतजार में खड़े है ।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के नगर पंचायत भटगांव में कृषि उपज मंडी कार्यालय से बड़ा लापरवाही सामने आया है जहां सुबह से ऑफिस में ताला लगा हुआ है जिससे उपस्थित कर्मचारी बाहर ताला खुलने का इंतजार कर रहे है । कर्मचारियों ने बताया कार्यालय के दरवाजे का चाबी किसके पास है इसकी जानकारी नहीं है सचिव मैडम नहीं आई है और न ही कुछ बताई है जिसके वजह से यहां ताला बंद है और काम भी बंद है। 24 अप्रैल को मंडी परिसर में हुए आगजनी की घटना की जानकारी लेने मीडिया की टीम मंडी कार्यालय पहुंची जहां कार्यालय के कर्मचारी बाहर बैठे हुए थे और लेखपाल ,सचिव व कंप्यूटर कक्ष में ताला लगा हुआ था साथ ही मंडी सचिव दिव्या नेताम कार्यालय से नदारद थी । कर्मचारियों ने बताया कार्यालय में सुबह से ताला लगा हुआ है और चाबी कौन रखा है इसका जानकारी हमे नहीं है और वर्तमान में जो सचिव आई है वह हम कर्मचारियों से दूजा भाव करती है जिसका शिकायत भी।हमने उच्चाधिकारियों को किया है जिस पर जांच भी हो गई है परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है । और आज आलम यह है कि कार्यालय में ताला लगा हुआ है और काम बंद है ।

> ऑफिस का चाबी नहीं है जिसके वजह से सुबह से ताला बंद है साथ ही मुझे कमरे में बैठने से मना किया गया है और मुझे कार्य भी नहीं करने दिया जा रहा है ।
>
> **- शुभम सोनी, (लेखपाल) कृषि उपज मडी समिति भटगांव**
>
> - ऑफिस का चाबी हम लोगों के पास नहीं है और पता नहीं किसके पास है और हम लोगों से काम नहीं लिया जा रहा है ।
>
> **- चित्रभामा भारद्वाज (भृत्य) कृषि उपज मंडी समिति भटगांव**
>
> सुबह से बंद है और चाबी किसके पास है पता नहीं है कोई जानकारी नहीं दे रहा है और ऑफिस को क्यों बंद करवा कर रखा है पता नहीं ।
>
> **- अमृत लाल बारिहा (भृत्य) कृषि उपज मंडी समिति गांव**

आदि आरोग्य रथ से वनांचल के ग्रामीण मरीजों को मिल रहा विशेषज्ञ उपचार

■ **पीएम जनमन क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए जिला प्रशासन की पहल हितकारी बन रही**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को अब गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों तक पहुंचने में न तो आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और न ही परिवहन की समस्या आड़े आ रही है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आदि आरोग्य रथ सेवा मरीजों को उनके गांव से सीधे उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाकर उपचार की राह आसान बना रही है। पीएम जनमन क्षेत्र अंतर्गत साल्हेवारा,बकरकट्टा सहित आसपास के वनांचल ग्रामों के मरीजों को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रारंभिक जांच के बाद आवश्यकता अनुसार जिला अस्पताल एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव जैसे संस्थानों में विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार हेतु निःशुल्क पहुँचा कर उपचार एवं जांच पूर्ण होने के पश्चात मरीजों को सुरक्षित रूप से वापस उनके क्षेत्र तक पहुंचाया जा रहा है। जिले मे सेवा प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से संचालित हो रही है। जिले के 43 ग्रामीण मरीज अब तक इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। हृदय रोग, सर्जरी, नेत्र ऑपरेशन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, चर्म रोग तथा मेडिसिन विशेषज्ञों की सेवाओं के साथ-साथ सीटी स्कैन, सोनोग्राफी एवं अन्य उन्नत जांचें भी अब ग्रामीणों के लिए सहज रूप से उपलब्ध हो गई हैं।

नगर पालिका में पीआईसी की बैठक संपन्न

■ **ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था एवं वर्षा ऋतु पूर्व नालियों की साफ-सफाई पर हुआ निर्णय**

कुरुद/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था एवं वर्षा ऋतु पूर्व नालियों की साफ-सफाई सहित नगर विकास से जुड़े 7 बिन्दुओं वाली कार्ययोजनाओं को हरी झंडी दिखाने नगर पालिका कुरूद में पीआईसी की बैठक हुई। जिसमें सदस्यों ने विचार विमर्श उपरांत स्वीकृति प्रदान की।

नगरपालिका में 27 अप्रैल को पीआईसी की बैठक अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत नॉन मिलेनियम सिटी प्लस अंतर्गत टाईड एव अनटाईड घटक के तहत् कार्य स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने, ओव्हरहेड टैंक एवं सम्पवेल सफाई कार्य हेतु वार्षिक निविदा 5 लाख करने, प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल विस्तार के संबंध में शासन-प्रशासन को प्रस्ताव जाने, सफाई कर्मचारियों के उपादान भुगतान के संबंध में जानकारी, उप मुख्यमंत्री घोषणान्तर्गत विद्युत स्काईलिफ्ट ट्रेलर माउण्टेंन कय हेतु जेम पोर्टल में प्राप्त निविदा दर की स्वीकृति के संबंध में एवं आंगनबाड़ी केन्द्र कमांक 15 एवं 16 में कार्यकर्ता एवं सहायिका की चयन सूची अनुमोदन के संबंध में निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था एवं बरसात से पहले नालियों की साफ-सफाई के लिए मेन पावर का इंतजाम करने के लिए अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने जोर दिया।

10वीं बोर्ड में बाबा कोचिंग क्लास का जलवा, 100% रिजल्ट से रचा इतिहास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चंद्रा कॉलोनी, वीआईपी रोड स्थित बाबा कोचिंग क्लास ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। संस्था के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर न केवल अपने अभिभावकों बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा ईशानवी सारडा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं जानवी लाल ने 92.4 प्रतिशत तथा तेजस बैद ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता पाई। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

संस्थान के संचालक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बोर्ड कक्षाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी हैं। साथ ही इस सत्र से प्री-प्राइमरी एवं प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए भी विशेष कक्षाएं शुरू की जा रही हैं।संस्थान की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है ।

उजरावन-मादागिरी में जल संकट गहराया सौर संयंत्र खराब, ग्रामीण हो रहे परेशान

■ **दूर से पानी लाने की समस्या से जूझ रहे**



नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम उजरावन (मादागिरी) में पेयजल व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। गांव में जल आपूर्ति की स्थिति चिंताजनक बन गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हैंडपंप से दिए गए कनेक्शन को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण पहले जहां हर घर तक पानी पहुंच रहा था, अब वहां जल आपूर्ति ठप पड़ गई है। इस निर्णय से पूरे मोहल्ले में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है और लोगों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

परिसीमन को बताया मुखौटा, जनगणना और सीट बढ़ोतरी पर भी घिरी सरकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने में देरी पर उठे सवाल

गरियाबंद / नवप्रदेश। जिलास्तरीय पत्रकारवार्ता में महिला आरक्षण को लेकर बीजेपी के द्वारा जो दुष्प्रचार कर रही है इसी विषय में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महिला पदाधिकारी श्रीमती डॉ॰रश्मि चंन्द्राकर ने स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता लेते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह कर रहे हैं।कांग्रेस का दावा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 कानून बन चुका हैएइसके बावजूद इसे लागू नहीं करना सरकार की नीयत पर सवाल खड़े करता है।आगे उन्होंने पत्रकारवार्ता में कहा कि भाजपा लगातार यह झूठा प्रचार कर रही है कि विपक्षी दलों के विरोध के कारण महिला आरक्षण बिल पारित नहीं हो सकाएजबकि सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण बिल ;नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023द्ध संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी भी प्राप्त कर चुका है और अब यह कानून का रूप ले चुका है।इस पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वही कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब कानून बन चुका है तो सरकार इसे तुरंत लागू क्यों नहीं कर रही हैघ् उनका कहना है कि बिना परिसीमन का इंतजार किए वर्तमान सीटों में ही 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता हैएलेकिन सरकार जानबूझकर इसे टाल रही है।पत्रकारवार्ता में 16 अप्रैल 2026 को संसद में प्रस्तुत 131वां संविधान संशोधन विधेयक का भी जिक्र किया गया।कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस विधेयक का सीधा संबंध महिला आरक्षण से नहीं थाएबल्कि इसके जरिए भाजपा परिसीमन संशोधन और केंद्र शासित प्रदेशों के कानूनों में बदलाव करना चाहती थी।प्रस्तावित विधेयक में लोकसभा की सीटें बढ़ाकर 850 करने की बात कही गई थीए जिसमें 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित थीं।

परेशानी: अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी के चलते इसकी हमर क्लीनिक शुरू नहीं हो पाई

अमलीपारा वार्ड में सालभर से तैयार हमर क्लीनिक को बना दिया स्टोर रूम

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के अमलीपारा वार्ड मे स्वास्थ्य विभाग द्वार ाबनाए गए हमर क्लीनिक मे उदघाटन से पहले आगजनी होने से वहां रखे विभागीय दस्तावेज, आवेदन और कई कार्यक्रमों के रजिस्टर सहित फर्नीचर जलकर खाक हो गए । अमलीपारा वार्ड मे वार्ड के लोगो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हमर क्लीनिक साल पहले से तैयार किया गया था । लेकिन अधिकारियो कर्मचारियो की कमी के चलते इसकी शुरूआत नही हो पाई थी । मंगलवार सुबह 5 बजे यहां आवाजाही करने वाले लोगो ने भवन के अंदर से धुंआ उठते देखा तो हडकंप मच गया । धुंआ लगातार बढ़ते देख लोगो ने स्वास्थ्य अधिकारियो और दमकल को सूचना दी । मौके पर दमकल वाहन के पहुँचने के पहले ही आग काफी बढ़ गई । क्लीनिक का दरवाजा तोडक़र आग पर काबू पाने मशक्कत की गई । घंटे भर बाद आग पर काबू पाया गया जब तक क्लीनिक मे रखे कागजात, दस्तावेज,आवेदन पत्र सहित कई रजिस्टर जलकर खाक हो गए । अंदर बनाए गए फर्नीचर भी आग मे जलकर खाक हो गए । मौके पर बीएमओ, सीएमएचओ भी पहुंचे और आगजनी की जानकारी ली। हमर क्लीनिक का संचालन लोगों को स्वास्थ्य सुविधाए वार्डस्तर पर उपलब्ध कराने कांग्रेस की भूपेश सरकार के दौरान स्वीकृत कर बनाए गए थे । लेकिन निर्माण पूरा होने के सालभर बाद भी यहां क्लीनिक संचालन के बजाय स्वास्थ्य विभाग यहा राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम,चिरायू सहित अन्य योजनाओ का दस्तावेज रखने कर रही थी। बताया गया कि क्लीनिक का उदघाटन भी नही कराया गया था। स्वास्थ्य अधिकारियो ने क्लीनिक मे शार्ट सर्किट होने की संभावनाओ से इंकार करते कहा कि यहा फिलहाल बिजली की व्यवस्था नही थी इसके चलते आगजनी को साजिश बताते मामले की जांच कराने की बात कही ।

फटाखे से आग लगने की आशंका

इधर वार्डवासियो ने बताया कि सोमवार को मोहल्ले मे दो तीन घरो मे विवाह कार्यक्रम शुरू हुआ है । वार्डवासी चूरमाटी के लिए क्लीनिक के पीछे स्थित देवस्थान से मिटटी लाते है । सोमवार को भी वहा चूरमाटी के दौरान बच्चे बड़ी मात्रा मे फटाखे फोड़ रहे थे । हमर क्लीनिक का निर्माण होने के बाद से उपयोग नही होने से उसके खिडक़ी के कांच टूट चुके है । ऐसे मे आशंका है कि फटाखे की बत्ती या चिंगारी भवन के अंदर गिरी होगी इसके चलते आगजनी की घटना हो सकती है । मौके पर पहुँची पुलिस अब मामले की जांच मे जूटी है ।

पीएमडीएस 'प्री मानसून ड्राई सोइंग' अभियान से किसानों को मिलेगा लाभ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम बनगांव में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमडीएस (प्री मानसून ड्राई सोइंग) अभियान चलाया जा रहा है। यह पहल (प्रदान संस्था) के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और खेती को अधिक टिकाऊ बनाना है।अभियान के तहत किसानों को मानसून से पहले ही सूखी बुवाई (ड्राई सोइंग) करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस तकनीक के माध्यम से किसान समय से पहले फसल तैयार कर सकते हैं।

भाजपा मंडल नगरी द्वारा नारी शक्ति आक्रोश सभा एवं पुतला दहन

■ **कार्यकता और पुलिस विभाग के बीच पुतला को छीना झपटी करते दिखे कार्यकर्ता**

नगरी / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा ग्राम नगरी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ढ्ढ्ढ्ढ गठबंधन द्वारा लोकसभा में गिराए जाने के विरोध में मंडल स्तरीय नारी शक्ति आक्रोश सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के महिला विरोधी रवैये को उजागर करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के समर्थन में जोरदार नारे लगाए तथा स्पष्ट संदेश दिया कि नारी सम्मान से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष महिला हितों की अनदेखी कर रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिसका विरोध करना महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। इस अधिनियम के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य, प्रेमलता नागवंशी, अंबिका ध्रुव, डेगेश्वर साहू, प्रीति यादव, दिनेश्वरी नेताम, प्रतिमा देवांगन, सुलोचना सिन्हा, चंद्रकला साहू, भुवनेश्वरी ध्रुव, कलावती मरकाम, वैभव राजपूत, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महामंत्री नगरी मंडल सुलोचना साहू, महामंत्री रूपेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, राजेश नाथ गोसाईं, पार्षद शंकर देव, अश्वनी निषाद, देवचरण, रामगोपाल साहू, चित्रांश नागवंशी, महेंद्र नेताम, यश जैन, दिनदयाल सेन, मंत्री मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बेलरगांव में गौ सम्मान अभियान: गौमाता राष्ट्र घोषित करने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नगरी- गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा इस पहल का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है इससे पहले बेलरगांव में एक बड़ी मवेशी बाजार लगता था जिसे कुछ वर्षों पहले बंद करा दिया गया था। लेकिन अब लोगों कहना है कि घुरावड़ में फिर से बैला बाजार लगना शुरू हो गया है। अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बाजार के चलते गौवंश की तस्करी बढ़ रही है और कई पशु दूसरे राज्यों के कसाईखानों तक पहुंच रहे हैं।

न्यूज गैलरी

करहीबाजार विधालय का परीक्षा परिणाम घोषित

भाटापारा / नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार का सत्र 2026 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम सियाराम चक्रधारी अध्यक्ष शाला विकास समिति,राजेश पटेल अध्यक्ष कृषि शाख समिति केसला ,पुरुषोत्तम निषाद सदस्य शाला समिति,रेशम यदु जनपद सदस्य प्रतिनिधि,सुंदरपाल पंचायत सचिव, बसंत देवांगन,श्याम चतुर्वेदी,दिलीप वर्मा इत्यादि पालकों की उपस्थिति में मंगलवार को घोषित कर दिया गया । इस अवसर पर राजेश पटेल एवं रेशम यदु के द्वारा 10 वी,12 वी बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में स्थान लाने वाले को दस दस हजार रुपए नगद सम्मान राशि देने की घोषणा करते हुए सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए । उपस्थित पालकों एवं छात्रों को प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास,आशीष राय व्याख्याता,लक्ष्मीनारायण सोनी व्याख्याता,पदुमलाल विश्वकर्मा सर के द्वारा समय प्रबंधन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत के साथ साथ की जाने वाली प्रयासों पर प्रेरणा पद उद्बोधन दिए । इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम के स्टॉफ,पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

वार्ड-8 में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने पर पार्षद जरीना कुरैशी सम्मानित

महासमुंद / नवप्रदेश। शहर के वार्ड क्रमांक 8 में विकास कार्यों को गति देने और भीषण गर्मी के दौरान पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए पार्षद जरीना हफीज कुरैषी को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। हाल ही में भाजपा के 'वार्ड चलो अभियान' के अंतर्गत पदाधिकारियों ने वार्ड का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय अस्पताल के सामने स्थित धाम गली एवं मस्जिद के पीछे स्थापित चार पानी की टंकियों और बोर में मोटर की व्यवस्था का जायजा लिया गया। यह पूरी व्यवस्था पार्षद निधि से कराई गई है, जिससे करीब 100 परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने की इस पहल को भाजपा संगठन ने सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने पार्षद जरीना कुरैषी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता के चलते वार्ड की जनता संतुष्ट है। उन्होंने बताया कि नाली सफाई, प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देकर पार्षद जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली ने भी पार्षद के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

दो अलग-अलग मारपीट के मामले, तीन लोगों पर केस दर्ज

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र में मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में ग्राम कोयलारी निवासी जयनिधि रत्नाकर ने शिकायत दर्ज कराई है कि 20 अप्रैल को ग्राम कोयलारीडीह के गिरधारी पटेल, रोशन उर्फ चंद्रमणि पटेल एवं पप्पू उर्फ चिंतामणि पटेल ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का और डंडे से मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में माधोपाली निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पिछले दो वर्षों से अभय जायसवाल के साथ पति-पत्नी की तरह रह रही थी, लेकिन अब आरोपी उसे अपनाने से इनकार कर रहा है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पत्नी विवाद के बीच युवक से मारपीट, दो आरोपियों पर केस दर्ज

महासमुंद / नवप्रदेश। । जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुटेला निवासी सुबोध बारिक ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व झूलबाई बारिक से हुई थी, लेकिन वर्तमान में दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। इसी दौरान प्रार्थी ने ग्राम जोगनीपाली की एक महिला को चूड़ी पहनाकर पत्नी के रूप में अपने घर ले आया।इस बात से नाराज उसकी पहली पत्नी झूलबाई घर पहुंची और विवाद करते हुए उसकी मां और दूसरी पत्नी के साथ झगड़ा कर उन्हें घर से भगा दिया। घटना 26 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे की है, जब ग्राम बरबसपुर निवासी राजेश नंद और ग्राम बेलटिकरी निवासी परेश सोना जोगनीपाली पहुंचे। दोनों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

छुईखदान और गंडई आज भी उपेक्षा का शिकार, क्षेत्र में गहरा आक्रोश

छुईखदान उप कोषालय बंद, खैरागढ़ में मर्ज, इतिहास दोहराने की आशंका

खैरागढ़-छुईखदान / नवप्रदेश। -गंडई (केसीजी) संयुक्त जिला बनने के बाद जहां क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि तीनों क्षेत्रों में समान रूप से विकास होगा और जिला स्तरीय शासकीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, वहीं छुईखदान और गंडई आज भी उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। इन दोनों क्षेत्रों को अब तक एक भी प्रमुख जिला स्तरीय कार्यालय नहीं मिल पाया है, जिससे लोगों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है।

इसी बीच छुईखदान में वर्षों से संचालित उप कोषालय (ट्रेज़री ऑफिस) को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए खैरागढ़ में मर्ज कर दिया गया है। इसके साथ ही कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और सामग्री भी चुपचाप स्थानांतरित कर दी गई। अब छुईखदान और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रसीद टिकट, स्टाम्प पेपर और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए खैरागढ़ जाना पड़ेगा, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इतिहास की याद दिलाता फैसला-यह निर्णय छुईखदान के इतिहास से गहराई से जुड़ा हुआ है। 9 जनवरी 1953 को जब इसी तरह उप कोषालय को खैरागढ़ में मर्ज करने का प्रयास किया गया था, तब इसके विरोध में बड़ा आंदोलन हुआ था और हुए गोलीकांड में छुईखदान के 5 नागरिकों ने अपनी शहादत दी थी। आज फिर वैसा ही फैसला लिए जाने से लोगों के जख्म हरे हो गए हैं और क्षेत्र में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है।

बची-खुची सुविधाएं भी छीनी जा रहीं-संयुक्त जिला बनने के बाद जहां नए कार्यालय खुलने चाहिए थे, वहीं इसके उलट छुईखदान और गंडई में मौजूद सुविधाएं भी धीरे-धीरे खत्म की जा रही हैं। पहले से संचालित कार्यालयों को खैरागढ़ में मर्ज किया जा रहा है, जिससे यह महसूस होने लगा है कि विकास का केंद्र केवल एक ही स्थान तक सीमित कर दिया गया है और बाकी क्षेत्रों की अनदेखी की जा रही है।

आम जनता पर बढ़ता बोझ- इस फैसले का सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अब लोगों को खैरागढ़ जाना पड़ रहा है, जिससे समय, पैसा और श्रम तीनों की बर्बादी हो रही है। खासकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग, बुजुर्ग और गरीब वर्ग इस निर्णय से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल-इस पूरे मामले में सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि न तो सत्ताधारी दल और न ही विपक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई प्रभावी विरोध दर्ज कराया गया। जनता का मानना है कि यदि सभी नेता एकजुट होकर प्रयास करते, तो इस निर्णय को रोका जा सकता था, लेकिन उनकी निष्क्रियता ने लोगों को निराश किया है।

अपर कलेक्टर का बयान- इस संबंध में जब अपर कलेक्टर से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल इस पूरे मामले की कोई आधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

डोंगरगुड़ा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नगरी / नवप्रदेश। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरगुड़ा का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद साहू की उपस्थिति में विधिवत घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं पालकों की उपस्थिति रही।परिणाम घोषणा से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य श्री एम.एस. जयसिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।परीक्षा परिणाम की घोषणा व्याख्याता श्रीमती आभा श्रीवास्तव ने की। उन्होंने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान कु. सुचित्रा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान निधि और तृतीय स्थान चौंदनी ने हासिल किया। कक्षा 9वीं का कुल परीक्षा परिणाम 55.26 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रथम स्थान भूमिका, द्वितीय स्थान शशांक तथा तृतीय स्थान योगिता ने प्राप्त किया। इस संकाय का कुल परीक्षा परिणाम 86.65 प्रतिशत दर्ज किया गया।

विज्ञान संकाय में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता अर्जित की। प्रथम स्थान शारदी, द्वितीय स्थान फणेंद्र तथा तृतीय स्थान खेलन कुमार ने प्राप्त किया। विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100त्न) रहा, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।कार्यक्रम का संचालन पी.एल. साहू ने किया। इस अवसर पर पेमल साहू, सुरेन्द्र कुमार, उपसरपंच व्याख्याता श्री के.के. मंडावी, डी.एस. नागेश, टी.सी. साहू, हिरेमणी कश्यप, जे. खेलन, रेणुका साहू, पल्लवी बेस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में मृत महिला के परिजनों को सौंपा 10 लाख रुपए का बीमा क्लेम

■ **छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने निभाया सामाजिक सरोकार**

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक ने अपनी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्राम पंचायत कुथरेल की निवासी स्वर्गीय श्रीमती कांति बाई यादव के परिजनों को 10 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक प्रदान किया।

मामले की पृष्ठभूमि: विदित हो कि ग्राम कुथरेल निवासी श्रीमती कांति बाई यादव का छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, शाखा सिलयारी में बैंक खाता था, जिसके माध्यम से वे स्वद्ध जनरल इंश्योरेंस की योजना से जुड़ी हुई थीं। दुर्भाग्यवश, 15 जून 2025 को एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

क्लेम राशि का वितरण:आज दिनांक 28 अप्रैल को बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बीमा क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण की गई। वरिष्ठ प्रबंधक (परिचालन) श्री रविन्द्र नाथ जोगी एवं श्री प्रभु लिंगप्पा बेदी के मार्गदर्शन में, सिलयारी शाखा प्रबंधक श्री आनंद कामवरपू और कार्यालय सहायक श्री किरपाल ने मृतिका के पुत्र व नामांकित व्यक्ति (Nominee) श्री हेमंत यादव को 10 लाख रुपये का चेक सप्रेम भेंट किया।अधिकारियों का संबोधन:इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक श्री रविन्द्र नाथ जोगी ने कहा कि, ÷बैंक केवल वित्तीय लेनदेन का माध्यम नहीं है, बल्कि संकट की घड़ी में अपने ग्राहकों के साथ खड़ा होना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। बीमा सुरक्षा परिवार के भविष्य के लिए एक मजबूत ढाल साबित होती है।?शाखा प्रबंधक श्री आनंद कामवरपू ने अन्य ग्राहकों से भी अपील की कि वे बैंक की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं से अवश्य जुड़ें, ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक संबल मिल सके।

जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित, चौथी कक्षा के प्रश्नपत्र विवाद और अनियमितताओं पर कार्रवाई

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने महासमुंद के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी (बीईओ) विजय कुमार लहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई परीक्षा प्रश्नपत्र विवाद, विभागीय कार्यों में लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों के बाद की गई है।

निलंबन का मुख्य कारण 8 जनवरी 2026 को सामने आया चौथी कक्षा का अंग्रेजी प्रश्नपत्र विवाद है। इस प्रश्नपत्र में कुत्ते के नाम के विकल्प के रूप में भगवान राम का नाम दिया गया था, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और यह मामला काफी चर्चा में रहा।विभागीय जांच में यह पाया गया कि प्रश्नपत्र तैयार करने और उसके वितरण की पूरी जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की थी। इस प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण यह संवेदनशील मामला सामने आया।जांच के दौरान अन्य गंभीर अनियमितताएं भी उजागर हुईं। इनमें परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने में लापरवाही, आपत्तिजनक प्रश्न से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, हाईकोर्ट से जुड़े मामलों में समय पर कार्रवाई न करना, विभागीय आदेशों की अवहेलना और लेखा परीक्षण (ऑडिट) में वित्तीय अनियमितताएं शामिल हैं।

शासन ने इस पूरे मामले को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन माना है।

इसके तहत छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। विजय कुमार लहरे के निलंबन के बाद बी.एल. देवांगन (उप संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय) को महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।निलंबन अवधि के दौरान विजय कुमार लहरे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। उनका मुख्यालय रायपुर संभागीय कार्यालय निर्धारित किया गया है।शासन ने इस घटना को विभाग की छवि धूमिल करने वाला गंभीर कदाचार मानते हुए सख्त रुख अपनाया है।

पेज 1 का शेष...

श्रमिकों के सशक्तीकरण को मिली...

श्रमिकों को केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री लखन देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

आतंकवाद के गढ़ अब...

खत्म करना और किसी भी तरह के राजनीतिक अपवाद को समाप्त करना जरूरी है।

वैश्विक शांति में एससीओ की भूमिका अहम

राजनाथ सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करना शंघाई सहयोग संगठन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने और बल प्रयोग से बचने की बात कही।

वैश्विक सहमति और नई विश्व व्यवस्था पर जोर

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज की दुनिया में सह-अस्तित्व, सहजीवन और करुणा को अराजकता, प्रतिस्पर्धा और संघर्ष से ऊपर रखना होगा। उन्होंने एक ऐसी विश्व व्यवस्था की जरूरत बताई, जहां हर व्यक्ति के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार हो और मतभेद विवाद में न बदलें।

भारत की प्रतिबद्धता दोहराई

राजनाथ सिंह ने एससीओ के उद्देश्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पारस्परिक सम्मान, समानता और सहयोग के आधार पर यह संगठन शांति और स्थिरता का मजबूत स्तंभ बन सकता है।

दूसरे चरण का महासंग्राम...

मतुआ समुदाय और शरणार्थियों के वोट निर्णायक हैं। भाजपा सीएए के जरिए नागरिकता का दांव खेल रही है, तो टीएमसी इसे एनआरसी का डर बताकर काउंटर कर रही है।

भावनात्मक कार्ड: भाजपा ने आरजी कर अस्पताल की घटना को मुद्दा बनाते हुए पीड़िता की मां को पानीहाटी से उम्मीदवार बनाया है, जो चुनाव को भावनात्मक मोड़ दे सकता है।

सुरक्षा की चुनौती: भारत-बांग्लादेश सीमा और नदी क्षेत्रों से जुड़े जिलों (जैसे 24 परगना) में मतदान होना है, जो सुरक्षा बलों के लिए बड़ी परीक्षा है।

चौथिया से लौट रहे परिवार...

लौट रहे थे। तभी टोल नाके के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई, पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पलटते हुए सड़क किनारे खड़ी हाइवा में जा घुसी। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में मोंगरा सोनी (45), देवेंद्र सोनी (22) और मासूम प्रियांश (ढाई वर्ष) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

कार में कुल छह लोग सवार थे। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद पूरे बुधवारी काशीनगर इलाके में मातम पसरा हुआ है। खुशियों से लौट रहा परिवार कुछ ही पलों में मातम में बदल गया, और पीछे रह गई सिर्फ चीखें, सन्नाटा और गहरा दुख।

बेटी को बचाने कूदा पिता...

देखने पहुंचे थे। इसी दौरान वे अपनी दो बेटियों के साथ तांदुला नहर में नहाने उतरे। तभी अचानक तेज बहाव के कारण स्थिति बेकाबू हो गई और तीनों पानी में बहने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब एक बच्ची बहने लगी तो पिता टायमन साहू उसे बचाने के लिए तुरंत नहर में कूद पड़े। इसी बीच दूसरी बच्ची भी तेज बहाव की चपेट में आ गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन पिता और 12 वर्षीय बेटी पालिक साहू पानी में बह गए।

पिता का शव मिला, बेटी की तलाश जारी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद टायमन साहू का शव कुछ दूरी पर बरामद कर लिया गया, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, उनकी 12 वर्षीय बेटी की तलाश अब भी जारी है।

नहर का पानी कम किया गया, फिर भी नहीं मिला सुराग

हादसे के बाद संबंधित विभाग द्वारा तांदुला नहर का जलस्तर करीब एक फीट तक कम किया गया है, ताकि सर्च ऑपरेशन में मदद मिल सके। इसके बावजूद अब तक लापता बच्ची का कोई पता नहीं चल सका है।

108 एम्बुलेंस में पदस्थ था मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक टायमन साहू बालोद जिला अस्पताल की संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा में ईएमटी के रूप में कार्यरत था। घटना से एक दिन पहले ही वह नाइट ड्यूटी कर घर लौटा था और फिर ससुराल गया था।

नहरों में छोड़ा गया पानी बना खतरा

इन दिनों तांदुला जलाशय से नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे बहाव काफी तेज है। यह पानी रबी फसलों की सिंचाई और तालाबों को भरने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, लेकिन इससे इस तरह के हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।

गांव में पसरा मातम, प्रशासन की अपील

इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है। एक ओर पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं दूसरी बेटी के लापता होने से परिजन गहरे सदमे में हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नहरों और जलाशयों के पास विशेष सावधानी बरतें और तेज बहाव के दौरान पानी में उतरने से बचें। फिलहाल हल्दी पुलिस टीम चौकी प्रभारी लता तिवारी के नेतृत्व में मामले की जांच में जुटी है और गोताखोरों द्वारा लापता बच्ची की तलाश लगातार जारी है।

गर्मी का महा-रेकॉर्ड: 47.6 डिग्री...

प्रदेशों को अलर्ट जारी किया है। सभी सरकारी अस्पतालों में 'हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट' तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लू की चपेट में आने वाले मरीजों का तत्काल इलाज हो सके।

अगले 2 दिन के मौसम का हाल

29 अप्रैल: मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र में हीटवेव का अलर्ट। असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश; उत्तराखंड में ओलावृष्टि, बिजली और तेज हवाओं के साथ गरज-चमक वाले तूफान की आशंका।

30 अप्रैल: ओडिशा के कुछ इलाकों में गर्म और उमस भरा मौसम; छत्तीसगढ़ और झारखंड में आंधी, ओलावृष्टि की आशंका। मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली में बिजली और आंधी की संभावना। बिहार, राजस्थान, यूपी, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ गरज-चमक संभव।

चन्द्रनाहूं शिक्षा समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, राहुल चंद्राकर बने अध्यक्ष

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूं शिक्षा समिति, द्वारा नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन सोमवार को शांत्रीबाई महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता केशव नायककरम चंद्राकर (अध्यक्ष, च.कु.क्ष. समाज, रायपुर राज) ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया। समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

समारोह में आलोक चंद्राकर (उपाध्यक्ष, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड), पूनम चंद्राकर (पूर्व राज्य मंत्री), देवेंद्र चंद्राकर (अध्यक्ष, श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट), महेंद्र चंद्राकर (पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष), राजेंद्र चंद्राकर, वतन चंद्राकर, हिम्मत चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर सहित समाज के कई वरिष्ठजन

एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

शपथ ग्रहण समारोह में राहुल चंद्राकर को अध्यक्ष, कमलेश चंद्राकर को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में चंद्रपाल (चंदू), द्रोण, केशव, तारिणी, हर्षित, धर्मराज, निधि, धर्मचंद, गौरव, चंद्रमणी, दयालु, सुरेखा, वीरेंद्र, जब्बर, देवेंद्र, प्रज्ञा, निखिल नुकेश चंद्राकर सहित अन्य सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

मुख्य अतिथि का संदेश

मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह अवसर केवल पद ग्रहण करने का नहीं, बल्कि सेवा, जिम्मेदारी और समर्पण का संकल्प लेने का है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे तथा समाज को नई दिशा देंगे।

शिक्षा और एकता पर जोर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केशव नायककरम चंद्राकर ने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा, एकता और संस्कार पर निर्भर करती है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज को सशक्त बनाकर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

नव निर्वाचित अध्यक्ष का संकल्प-नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को सेवा और उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करते हैं। उन्होंने समाज के विकास, शिक्षा के विस्तार और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान-कार्यक्रम में चंद्रदय पब्लिक स्कूल की छात्रा वंशिका चंद्राकर (93त्न) को प्रथम स्थान तथा जीनिशा चंद्राकर (90.6त्न) को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह के अंत में समिति द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अतिथियों और उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

न्यूज गैलरी

सम्मानित किया गया क्रिकेटर शूजाउद्दीन को

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। । धरसीवां सिलतरा के रहने वाले नेशनल क्रिकेट प्लेयर गाजी शूजाउद्दीन को फिर से एक बार ÷राजीव गांधी खेल पुरस्कार 2026÷ से सम्मानित किया गया । सिलतरा पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों का खेल का आयोजन किया गया था जिसमें गाजी शूजाउद्दीन को अतिथि के रूप में बुलाकर यह सम्मान दिया गया, सम्मान मिलने का कारण पिछले 16 साल से गाजी शूजाउद्दीन भारत के अलग-अलग राज्य में खेल का प्रदर्शन किया एवं नेपाल में भी 2013 - 14 ,16 ,2018 में टी-20 सीरीज में भाग लिया था। इस प्रकार धरसीवां सिलतरा क्षेत्र के युवाओं को गाजी ने खेल के प्रति प्रेरित किया है । इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंचायत के सरपंच शांति वर्मा , उपसरपंच रामकुमार वर्मा , पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा , जिलापंचायत सदस्य हरिशंकर निषाद , आदित्य बघेल, मनीष वर्मा, शीतल वर्मा आदि शामिल हुए थे ।

बीएड प्रावीण्य सूची में ज्योति देवांगन ने हासिल किया नौवां स्थान

भाटापारा / नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीएड प्रावीण्य सूची (मई-जून 2025) में कमलाकांत

शुक्ला इंस्टीट्यूट, भाटापारा की छात्रा ज्योति देवांगन ने नौवां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार एवं महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।ज्योति की इस उपलब्धि पर रामनारायण शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला, उपाध्यक्ष कौस्तुभ शुक्ला तथा सचिव अंजली शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी है। महाविद्यालय के प्राचार्या, समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्थान परिवार ने इस उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है ।

सीईओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ें

जनदर्शन में उमड़ी लोगों की भीड़, 58 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

■ **लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करें**

महासमुंद / नवप्रदेश। कलेक्टर की गैरमौजूदगी में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

सीईओ श्री नंदनवार ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासन की

विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनदर्शन में विभिन्न प्रकार के आवेदन सामने आए। ग्राम मुरकी निवासी भारत राम सोनवानी ने सीमांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग रखी। वहीं, ईमली भाठा की मंजू साहू ने प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। रमनटोला की वर्षा साहू ने अपने बच्चे का आरटीई के तहत स्कूल में प्रवेश कराने की मांग की।इसी तरह ग्राम रायतुम के पंचराम मोंगरे ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में त्रुटि सुधार कर लाभ दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। महामाया पारा की रजनी बाई दुबे ने अंत्योदय राशन कार्ड बंद होने की समस्या उठाई, जबकि ग्राम जोगीडीपा के ग्रामीणों ने जल संकट के समाधान के लिए सामूहिक आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, अवैध अतिक्रमण हटाने तथा लंबित भुगतान से संबंधित कई आवेदन भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मोपका महाविद्यालय के पूर्व छात्र का चयन बीएसएफ में

भाटापारा / नवप्रदेश। स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपानिया के बी.ए. के भूत पूर्व छात्र आकाश निषाद का चयन भारत के प्रमुख सुरक्षा विभाग बी एस एफ में होने से महाविद्यालय में उत्साह की लहर है द्य पूरे महाविद्यालय के लिए यह उपलब्धि अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादाई है जिसे महाविद्यालय की सभी विद्यार्थियों में देश की रक्षा के लिए इच्छा जागृत हो रही है सभी मनुष्यों के जीवन में राष्ट्रीय सर्वोपरि होता है यही उद्देश्य के साथ इस उपलब्धि को मार्गदर्शन के रूप में लेकर सभी विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ अत्यंत उत्साहित हैं द्य आकाश निषाद महाविद्यालय का एक निष्ठावान और कर्तव्य निष्ठ व मेहनती विद्यार्थी रहा है द्य प्रथम वर्ष से उसने महाविद्यालय के सभी क्रियाकलापों में अपनी सहभागिता दर्ज करते हुए परीक्षा परिणाम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की है

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अभिलाषा सैनी के द्वारा छात्र के इस विशिष्ट उपलब्धि पर विशेष पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया द्यपूरे महाविद्यालय की ओर से हम सभी उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वह देश की सुरक्षा करते हुए अपने राज्य अपने गांव एवं अपने माता-पिता व हमारे महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा का प्रदर्शन

गरियाबंद / नवप्रदेश। भाजपा मंडल गरियाबंद के नेतृत्व में मंगलवार को तिरंगा चौक में महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आवाज बुलंद की।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष द्वारा इस विधेयक का विरोध महिलाओं की आकांक्षाओं और अधिकारों के खिलाफ है। भाजपा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी और जरूरत पड़ी तो सड़क से संसद तक संघर्ष करेगी।

भाजपा में नेताओं के शामिल होने पर आप का तीखा हमला, सत्ता लोलुपता और साजिश का हिस्सा: राकेश

महासमुंद / नवप्रदेश।। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि पार्टी में हालिया शामिल होने वाले नेताओं का कदम सत्ता की लालसा और एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी देशभर में जनता के मुद्दों को लेकर निर्णायक संघर्ष कर रही है और ईमानदार राजनीति का मजबूत विकल्प बनकर उभर रही है, ऐसे समय में कुछ नेताओं का भाजपा में जाना उनकी मंशा पर

सवाल खड़े करता है। झाबक ने कहा कि यह घटनाक्रम भाजपा द्वारा रचे गए बड़े राजनीतिक षड्यंत्र की ओर इशारा करता है, जिसके जरिए लोकतंत्र और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष को कमजोर करने के लिए हर संभव हथकंडा अपना रही है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने जिन नेताओं को राज्यसभा तक पहुंचाया, वे भले ही अपनी कुर्सी के साथ जा सकते हैं। यह कदम राजनीतिक नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के कई सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंदर गुप्ता के भाजपा में शामिल होने की खबरों से सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

मोहिनी एकादशी पर महिलाओं ने किया व्रत-पूजन

महासमुंद / नवप्रदेश। ग्राम खरोरा स्थित राममंदिर में मोहिनी एकादशी के अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ व्रत रखकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल रहा और महिलाओं ने भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।मोहिनी एकादशी का व्रत वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। इस दिन विशेष रूप से भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार की पूजा का महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस व्रत को करने से पापों का नाश होता है ।

सरायपाली में इंडस्ट्रीज-बैंकर्स मीट 29 अप्रैल को

महासमुंद / नवप्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महासमुंद द्वारा इंडस्ट्रीज एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है।यह महत्वपूर्ण कार्यशाला 29 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3 बजे से सरायपाली स्थित जोका कैफे, नगर पालिका के पास पतेरापाली रोड में आयोजित होगी।

केनरा बैंक Canara Bank

शुद्धि पत्र - मांग सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10/04/2026 को "नवप्रदेश रायपुर" में प्रकाशित मांग सूचना में ऋणी- 1) श्रीमती सुनीता सोनी पति स्व. श्री महेंद्र सोनी में शाखा का नाम भूलवश भिलाई, जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.) हो गया है जिसे रायपुर, जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.) के सही रूप में पढ़ा जाये । बाकी सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी ।

प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800115

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी के.ए.आर.के. ध्रुव पिता/पति दुलारुराम ध्रुव पता सी. पाकेट 12ए/ मरोदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 357/13 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चित्रा ध्रुव पिता/पति स्व. के.ए. आर.के. ध्रुव पता 357 सड़क नं. 02 क्रास स्ट्रीट 2 ई प्रगतिनगर रिसाली भिलाई, शारदा ध्रुव पिता/पति स्व. के.ए. आर.के. ध्रुव पता 357 सड़क नं. 02 क्रास स्ट्रीट 2 ई प्रगतिनगर रिसाली भिलाई, रौशन ध्रुव पिता/पति स्व. के.ए. आर.के. ध्रुव पता 357 सड़क नं. 02 क्रास स्ट्रीट 2 ई प्रगतिनगर रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800113

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्ण कुमार साहू पिता/पति स्व. कामता प्रसाद साहू पता छिपली पो. तह. नगरी जिला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 492/63(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अन्नपूर्णा साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता प्लाट नं. 8/6 सड़क नं. 04 शक्ति विहार रिसाली भिलाई, कुमार ख्याति साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता प्लाट नं. 8/6 सड़क नं. 04 शक्ति विहार रिसाली भिलाई, टिकेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता प्लाट नं. 8/6 सड़क नं. 04 शक्ति विहार रिसाली भिलाई, दिनेन्द्र कुमार साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता प्लाट नं. 8/6 सड़क नं. 04 शक्ति विहार रिसाली भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. [illegible]

[illegible]

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं चंद्रशेखर केशरवानी उम्र 60 वर्ष पिता स्वर्गीय एन. पी. केशरवानी निवासी 58, गायत्री मंदिर वार्ड नम्बर-25 दुर्ग छ0ग0 का निवासी हूँ, निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ :- यह कि मेरे (SHRIRAM INSIGHT SHARE BROKERS LIMITED SEBI REGN NO. INF230947033 DEPOSITORY PARTICIPANT SERVICES) जिसका डीपी आईडी 12038400/00039196 बुक कमांक 06 बी/117471 में मेरा नाम (CHANDRASHEKHAR) दर्ज हैं। यह कि मेरे पेन कार्ड (AFAPK4667R) आधार कार्ड कमॉक 4697 0514 7512 एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के बचचत खाता कमॉक 05090100002156 में मेरा नाम चंद्र शेखर केशरवानी (CHANDRA SHEKHAR KESHARWANI) दर्ज है। यह नाम मेरा सही एवं पूर्ण नाम हैं। यह कि (SHRIRAM INSIGHT SHARE BROKERS LIMITED SEBI REGN NO. INF230947033) का दावा / क्लेम लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता हैं इसलिये मैं अपना नया नाम चंद्र शेखर केशरवानी (CHANDRA SHEKHAR KESHARWANI) पिता स्वर्गीय एन. पी. केशरवानी (Late N.P.KESHARWANI) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। यह कि मुझे अपने (SHRIRAM INSIGHT SHARE BROKERS LIMITED SEBI REGN NO. INF230947033) के खाता रिकार्ड में अपना नाम चंद्र शेखर केशरवानी (CHANDRA SHEKHAR KESHARWANI) पिता स्वर्गीय एन. पी. केशरवानी (Late N.P. KESHARWANI) एवं अन्य सभी जगह जहाँ-जहाँ सुधार की आवश्यका हैं सुधार कर दर्ज करवाना हैं। जिसके लिये भी छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की आवश्यकता हैं।

शपथकर्ता
चंद्रशेखर केशरवानी
पिता स्व. एन. पी. केशरवानी
निवासी 58, गायत्री मंदिर वार्ड नम्बर 25 दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email ID-cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/150/न.पं.भ./ लो.नि.वि./2026-27 — भटगांव, दिनांक 28/04/2026

E-Procurement Tender Notice (1st Call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

SNo.	Stage	Start	
		Date	Time
1	Bid Start Date	29.04.2026	10:00 AM
2	Bid Due Date	21.05.2026	17:30 PM
3	Physical Submission	26.05.2026	15:00 PM
4	Bid Open Date (Scheduled)	28.05.2026	11:30 AM to

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य की समय सीमा
1	189907	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नय कार्य।	34.73	26000.00	10000.00	06 माह

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती हैं। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604103000068 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसहत राम साहू पिता स्व. चोवा राम साहू निवासी नीलू आटा चक्की, लक्ष्मीनगर दावडा कालोनी पचपेडी नाका रायपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा डूमरडीह प.ह.नं. 51 रा.नि.म. उतई स्थित भूमि खसरा नं 70/3, 70/4, 278, 279 रकबा क्रमशः 0.39 0.51, 0.33, 0.07 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 1.3000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में राम चंद्र साहू पिता स्व चोवाराम एवं अन्य 04 के नाम पर सामिलात खाते में दर्ज है। सहखातेदार माता केकती बाई साहू का मृत्यु दिनांक 21.04.2024 को हो चुकी है। उनके विधिक वारिसानो का नाम पूर्व में दर्ज है। सहखातेदार केकती बाई साहू का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित करते हुए शेष खातेदारो का नाम यथावत रखे जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति, अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पेन्द्र कुमार साहू पिता मंशाराम साहू निवासी चिंगरी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने माता नागेश्वरी आ. जगदीश प्रसाद की जन्म/मृत्यु दिनांक 15.09.1979 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र.202603100700094 /अ-06 अ/ वर्ष 2025-26

[illegible]

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. [illegible]

[illegible]

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

मा.क्र.202603100700095 /अ-06 अ/ वर्ष 2025-26

एदत द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता [illegible]

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
101/SE E/M/2025 (II Call) System Tender No 189495 Registered contractor class in "C" & above For Form B (ITEM Rate Basis)	SHIFTING OF LT LINE, 11KV LINE, 33KV LINE, 11KV LINE DP, 33KV LINE DP, 33KV LINE TP AND X-MER DP FOR ROAD WIDENING FROM NANDGHAT TO MUNGELI ROAD (S.H.- 10, 39KM, NANDGHAT TO GADAMOR ROAD 23KM) DIST-BEMETARA (C.G.)	Rs 136.05 Lacs

Date of bid submission will be 05.05.2026

The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G- 262700392/5

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

लाखों छात्रों का इंतजार खत्म! आज जारी होगा 10वीं-12वीं का रिजल्टी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा देने वाले लाखों छात्र-छात्राओं को इंतजार खत्म होने वाला है। 29 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा रिजल्ट जारी होगा। इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जानकारी दी है। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि इंतजार की घड़ियां अब समाप्ति की ओर है। बुधवार दोपहर 2:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि यह केवल अंकों की घोषणा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों व शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को धैर्य बनाए रखने, परिणाम को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करने और भविष्य की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं। प्रत्येक परिणाम एक नई शुरुआत का संकेत है और हर विद्यार्थी में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं निहित हैं। बता दें कि इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में लगभग 3।21 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कैसे चेक करें रिजल्ट?

- छात्र नीचे दिए आसान स्टेप्स को फॉलो करके अपना रिजल्ट देख और मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं।
- सबसे पहले आप सीजीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं,
- फिर वेबसाइट के होम पेज पर बोर्ड रिजल्ट पर लिंक पर क्लिक करें,
- अब छात्र एडमिट कार्ड पर दिए गए रोल नंबर और कैप्चा कोड को सही से दर्ज करें,
- रिजल्ट देखने के लिए सबमिट बटन पर क्लिक करें,
- आपका रिजल्ट स्क्रीन पर खुल जाएगा। इसे चेक करें और पीडीएफ डाउनलोड करें।

न्यूज गैलरी

सदगुरु कबीर आश्रम में मिली 326 वर्ष पुरानी दुर्लभ पाण्डुलिपियां

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धरती ने एक बार फिर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई है। विकासखंड सिमगा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा स्थित सदगुरुदेव कबीर आश्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे "ज्ञानभारतम" राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान सन् 1700 ईस्वी की 326 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई हैं। ये पाण्डुलिपियाँ न केवल धार्मिक दृष्टि से अमूल्य हैं, बल्कि भारत की ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रमाण भी हैं। दामाखेड़ा में कुल चार प्राचीन ग्रंथों – अनुरागसागर, अम्बूसागर, दीपकसागर एवं ज्ञान प्रकाश – का सर्वेक्षण कर सरपंच की उपस्थिति में ÷ज्ञानभारतम÷ एप के माध्यम से डिजिटलीकरण पूर्ण किया गया। ये सभी ग्रंथ 9वें आचार्य प्रगट नाम साहब द्वारा लिखित हैं और देवनागरी लिपि में हैं, जो इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। इस अभियान की एक और ऐतिहासिक उपलब्धि यह रही कि सोनाखान संग्रहालय में 10 दिसम्बर 1857 को अंग्रेजी सरकार द्वारा जारी शहीद वीर नारायण सिंह के फाँसी के आदेश की पाण्डुलिपि भी प्राप्त हुई है। यह दस्तावेज़ छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की शहादत का अनमोल ऐतिहासिक साक्ष्य है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि किसी के पास कोई भी हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथ, ताम्रपत्र या ताड़पत्र हो तो वे सर्वे टीम को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में मूल प्रति स्वामी के पास ही रहेगी, केवल फोटो लेकर अपलोड किया जाएगा। ÷ज्ञानभारतम÷ अभियान का उद्देश्य भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ी के लिए सुरक्षित करना है। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से इस राष्ट्रीय अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

इतिहास के पन्ने हुए डिजिटल – 'ज्ञानभारतम' एप से हुआ संरक्षण

रेगाकठेरा जलाशय योजना के कार्यों के लिए 2.07 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के विकासखण्ड-अम्बागढ़ चौकी की रेगाकठेरा जलाशय जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 7 लाख 82 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 80 हेक्टेयर के विरुद्ध 60 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

सीतारामपुर जलाशय निर्माण कार्य के लिए 6.33 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा, बलरामपुर रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-बलरामपुर जलाशय (बांध) निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 33 लाख 89 हजार रुपये की राशि स्वीकृत किये गये हैं। योजना के निर्माण से 150 हेक्टेयर में खरीफऔर 50 हेक्टेयर में रबी सहित कुल 200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

पशुपालन से सुकृता की बदली तस्वीर, मनरेगा बना सहारा

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से ग्रामीणों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में जिले में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम धुरकोट की निवासी श्रीमती सुकृता बाई कश्यप के जीवन में योजना ने सकारात्मक बदलाव लाया है। मनरेगा के तहत उनके मवेशियों के लिए लगभग 72 हजार रुपये की लागत से एक आधुनिक शेड का निर्माण कराया गया। पहले सुकृता अपने पशुओं को खुले में रखती थीं, जिससे बारिश और बदलते मौसम में उनके बीमार होने का खतरा बना रहता था। शेड निर्माण के बाद अब पशुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण मिल रहा है, जिससे उनकी देखभाल आसान हुई है और उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि हुई है। वर्तमान में सुकृता के पास कई गाय और बछड़े हैं, जिनका वे व्यवस्थित रूप से पालन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले उचित व्यवस्था के अभाव में काफी परेशानियां होती थीं, लेकिन अब शेड बनने से बड़ी राहत मिली है। पशुओं से प्राप्त गोबर का उपयोग वे जैविक खाद बनाने में कर रही हैं, जिससे उनके खेतों की उर्वरता और फसल उत्पादन में भी सुधार हुआ है। पशुपालन से उन्हें प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये तक की आमदनी हो रही है। वहीं, शेड निर्माण के दौरान स्थानीय मनरेगा मजदूरों को भी रोजगार मिला, जिससे योजना के रोजगार सृजन और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण के उद्देश्य की प्रभावी पूर्ति हुई है। ग्राम धुरकोट में यह पहल अन्य ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक बन रही है।

कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें कराता उपलब्ध

नए शिक्षा सत्र की तैयारी: समय पर किताबें पहुंचाने की कवायद

■ निजी स्कूलों के लिए तय होगा शेड्यूल

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम (पापुनि) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने के लिए संकुल से लेकर स्कूल स्तर तक सख्त मॉनिटरिंग की जाएगी, वहीं निजी स्कूलों के लिए किताब वितरण का दिन और समय पहले से तय किया जाएगा। निगम की ओर से सभी निजी स्कूलों को मोबाइल मैसेज के जरिए सूचना दी जाएगी, जिसमें तय समय के अनुसार स्कूल प्रतिनिधि डिपो से किताबें प्राप्त करेंगे। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य वितरण में होने वाली अव्यवस्था और गड़बड़ियों को रोकना है। राज्य शासन हर वर्ष सरकारी, अनुदान प्राप्त और छत्तीसगढ़ बोर्ड से संबद्ध निजी स्कूलों के कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराता है। इन पुस्तकों की आपूर्ति की जिम्मेदारी पापुनि पर होती है।

क्यूआर कोड से होगी निगरानी

पुस्तक वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए पिछले साल से पाठ्य पुस्तकों में क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया गया है, जिसे इस बार भी जारी रखा जाएगा। इसके माध्यम से किताबों की ट्रैकिंग और वितरण प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। पिछले साल प्रदेश के 1784 निजी स्कूलों ने पापुनि से किताबें नहीं ली थीं और निजी प्रकाशकों की पुस्तकों से पढ़ाई कराई थी। इस मामले में निगम ने शिक्षा विभाग को कार्रवाई के लिए सूची भेजी थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

संकुल से स्कूल तक सख्त मॉनिटरिंग

निगम द्वारा कक्षा 9वीं और 10वीं की किताबें सीधे स्कूलों तक पहुंचाई जाएंगी, जबकि कक्षा 1 से 8 तक की पुस्तकें संकुल स्तर पर भेजी जाएंगी। वहां से स्कूलों तक वितरण की निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

प्रिंटिंग में देरी, फिर भी समय पर आपूर्ति का दावा

हालांकि इस वर्ष टेंडर प्रक्रिया में देरी हुई है और कागज की आपूर्ति भी हाल ही में शुरू हुई है, लेकिन अब पुस्तकों की छपाई शुरू हो चुकी है। पापुनि की एमडी किरण कौशल ने प्रिंटर्स की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समय पर प्रिंटिंग पूरी की जाए, अन्यथा लापरवाही पर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई होगी।

अजय चंद्राकर के भाई के घर ईडी जांच या जबान बंद करने की कोशिश: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा नेता अजय चंद्राकर के घर ईडी की छापेमारी हुई है। बताया जाता है भारत माला घोटाले के संदर्भ में छापे मारे गये। बैज का आरोप लगाते हुए पूछा कि क्या इस छापे के पीछे एक मात्र यही कारण है। बड़े-बड़े घोटाले करने के बाद सैकड़ो लोग भाजपा में शामिल हुये उनके खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी गयी, क्लीन चिट दे दिया गया। अजय चंद्राकर तो भाजपा के ही नेता है, फिर उनके घर ईडी क्यों गयी होगी? दरअसल अजय चंद्राकर के विधानसभा में तीखे सवालों से भाजपा नेतृत्व डरा हुआ है। वे अपनी पार्टी की सरकार को आईना दिखाते है। विधानसभा में साय सरकार के 2047 के डाक्यूमेंट को उन्होंने झूठ का पुलिंदा बताया। इसीलिए अजय चंद्राकर के घर ईडी भेजकर जबान बंद करने की कोशिश की जा रही है। पहले विरोधियो के यहां ईडी भेजते थे, अब वे जो अपने है लेकिन असहमत है उनके यहां ईडी भेज रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खरीफ फसल का सीजन आने वाला है। खरीफ में लगने वाले उर्वरको की उपलब्धता पर सरकार मौन है। बार-बार मांग करने के बाद सरकार कितना स्टाक उपलब्ध है, कुछ बता नही रही है। सोसायटियों में न यूरिया पहुंची है और न डी.ए.पी। पिछले साल भी सरकार कितनो को यूरिया, डीएपी नही दे पाई थी, इस बार भी सरकार की तैयारी पूरी नहीं दिख रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार मांग के अनुसार उर्वरको की उपलब्धता सुनिश्चित कराये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अडानी पावर को पानी पहुंचाने किसानों के खेतों में जबरिया पाईप डाल रहे, विरोध करने पर धमकाया जा रहा है। अडानी पावर के लिये पानी सप्लाई करने आरंग ब्लाक के महानदी के चिखली और समोदा घाट से अडानी पावर रायखेड़ा में 45 किलोमीटर पाईप लाइन बिछाई जा रही है।

जेब पर बढ़ा बिजली का बोझ: बिना सूचना बढ़ रहा अनुबंध भार, उपभोक्ता परेशान

रायपुररायपुर/नवप्रदेश। शहर में बिजली उपभोक्ताओं पर इन दिनों अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। वर्षों पहले कम अनुबंध भार पर बिजली कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता अब परेशानी में हैं, क्योंकि बिजली कंपनी उनकी बढ़ती खपत के आधार पर स्वतः ही अनुबंध भार बढ़ाकर बिल में अतिरिक्त शुल्क जोड़ रही है।

दरअसल, गर्मी के मौसम में एसी, कूलर और पंखों के अधिक उपयोग से बिजली खपत तेजी से बढ़ गई है। इसके चलते कई उपभोक्ताओं के बिल अचानक बढ़ गए हैं। खास बात यह है कि कई मामलों में उपभोक्ताओं को बिना किसी पूर्व सूचना के अनुबंध भार में वृद्धि कर दी गई, जिससे बिल में अतिरिक्त राशि जुड़ गई।

एक उपभोक्ता के अनुसार, उनके कनेक्शन का अनुबंध भार पहले 340 वॉट था, जो इस माह बढ़कर 3000 वॉट कर दिया गया। इस बदलाव की जानकारी उन्हें सीधे बिजली बिल मिलने पर ही हुई। बढ़े हुए भार के साथ अतिरिक्त शुल्क भी जोड़ दिया गया, जिससे कुल बिल में भारी इजाफा हो गया।

जानकारी के मुताबिक, स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली खपत और बिलिंग की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन मॉनिटर होने लगी है। यदि किसी उपभोक्ता द्वारा लगातार तीन माह तक स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग किया जाता है, तो बिजली कंपनी अधिकतम खपत को आधार मानते हुए स्वतः अनुबंध भार बढ़ा देती है। इसके साथ ही बढ़े हुए भार का शुल्क भी बिल में शामिल कर लिया जाता है।

'प्रोजेक्ट धड़कन' से 2 साल की पारूल को मिला नया जीवन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित 'प्रोजेक्ट धड़कन' ने नारायणपुर के दूरस्थ ब्रेहबेड़ा गांव की 2 वर्षीय पारूल दुग्गा को नया जीवन दिया है। जन्मजात हृदय रोग से ग्रस्त पारूल की रायपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में सफल सर्जरी के बाद वह स्वस्थ होकर घर लौट चुकी है।'प्रोजेक्ट धड़कन' अब नारायणपुर जिले में योजना भर नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए उम्मीद का नाम बन चुका है जिनके लिए हर नन्हीं धड़कन सबसे कीमती है।

अबूझमाड़ अंचल के ब्रेहबेड़ा गांव की पारूल कुछ समय पहले तक जल्दी थक जाती थी और सामान्य बच्चों की तरह खेल नहीं पाती थी। सीमित संसाधनों के बीच माता-पिता को उसकी गंभीर बीमारी का पता ही नहीं था।

नारायणपुर जिले में बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए फरवरी 2026 में 'प्रोजेक्ट धड़कन' की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बच्चों की हृदय संबंधी जांच कर गंभीर मामलों की शुरुआती पहचान करना है। यह पहल उन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंची जहां विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं बेहद सीमित थीं। अभियान के पहले चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने गांव-गांव जाकर 3000 से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की। तीन बच्चों में हृदय रोग के लक्षण मिले, जिनमें पारूल भी शामिल थी। जानकारी मिलते ही प्रशासन ने तुरंत इलाज की व्यवस्था की।

करेंसी टावर: रायपुर में लिफ्ट अवरोध की घटना पर त्वरित जांच

रायपुर/नवप्रदेश। करेन्सी टावर, रायपुर में स्थापित कैप्सूल लिफ्ट क्रमांक-02 के बीच में रुक जाने की घटना दिनांक 20 अप्रैल 2026 के संबंध में की गई जाँच में यह तथ्य सामने आया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में स्टैंडबाय व्यवस्था के रूप में डीजल जनरेटर एवं यूपीएस उपलब्ध है। मुख्य विद्युत निरीक्षकालय द्वारा जाँच रिपोर्ट के आधार पर सभी तकनीकी खामियों को दूर करने हेतु 07 दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि घटना के दिन विद्युत आपूर्ति में व्यवधान आने पर डीजल जनरेटर के ऑटोमैटिक चेंजओवर सिस्टम में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो गई, जिसके परिणामस्वरूप यूपीएस भी प्रभावित हुआ और लिफ्ट को निरंतर विद्युत आपूर्ति नहीं मिल सकी। इसी कारण लिफ्ट बीच में रुक गई। उन्होंने बताया कि उक्त लिफ्ट 23 जनवरी 2027 तक वारंटी अवधि में है एवं संबंधित एजेंसी द्वारा इसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

एप डाउनलोड कराई, अश्लील फोटो भेजकर किया ब्लैकमेल

■ कंज्यूमर कोर्ट अधिकारी बनकर 55 हजार की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में साइबर ठगों का जाल तेजी से फैल रहा है। बीते 10 दिनों के भीतर ठगों ने का रोबारी, डॉक्टर और आर्मी स्टाफ समेत कई लोगों को निशाना बनाते हुए 10 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली है। ठगों ने लोगों को झांसे में लेकर मोबाइल ऐप डाउनलोड कराई, फोन हैक किया और फिर एआई तकनीक से अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल किया।

ऐसे फंसा पीड़ित, 6 लाख की वसूली

टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाले 45 वर्षीय विशाल गुप्ता को ठगों ने 40 हजार रुपए का लोन दिलाने का झांसा दिया। इसके लिए उनसे एक मोबाइल एप डाउनलोड कराई गई। जैसे ही एप इंस्टॉल हुआ, ठगों ने फोन का एक्सेस हासिल कर लिया। इसके बाद मोबाइल गैलरी से तस्वीरें चुराकर एआई के जरिए उन्हें अश्लील रूप में एडिट किया गया। इन तस्वीरों को पीड़ित की कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद लोगों को व्हाट्सएप पर भेज दिया गया। इसके बाद बदनामी का डर दिखाकर पीड़ित को ब्लैकमेल किया गया और 10 दिनों के भीतर करीब 6 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए गए।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों और बैंक खातों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ठगों ने मोबाइल से तस्वीरें लेकर उन्हें एआई तकनीक से अश्लील रूप में बदला। यह तरीका हाल के दिनों में तेजी से बढ़ा है, जिसमें निजी डेटा का दुरुपयोग कर लोगों को ब्लैकमेल किया जाता है।

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगा रहा

सुकमा जहां सड़कें खत्म होती हैं, वहां से शुरू होती है उम्मीद की नई किरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला, जो कभी अपनी भौगोलिक दुर्गमता के लिए जाना जाता था, आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई इबारत लिख रहा है। "मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान" के तहत वनांचल के उन हिस्सों तक डॉक्टर और दवाइयां पहुँच रही हैं, जहाँ पहुँचना कभी नामुमकिन सा लगता था। यह अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बस्तर की पहाड़ियों में बसने वाले आदिवासियों के लिए जीवन का नया उजाला बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान आज सुकमा के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगा रहा है।

संकल्प की शक्ति-310 किलोमीटर का जीवन सफर

हाल ही में पुटेपढ़ गांव से एक मरीज को जिला अस्पताल तक पहुँचाने की घटना स्वास्थ्य विभाग के समर्पण का जीवंत उदाहरण है। कलेक्टर सुकमा के मार्गदर्शन में पोटकपल्ली की टीम ने मरीज को किस्टाराम से होते हुए सुकमा जिला अस्पताल पहुँचाया। 310 किलोमीटर की यह चुनौतीपूर्ण यात्रा केवल एक रेफरल नहीं था, बल्कि प्रभावी काउंसलिंग, समय पर निर्णय और मजबूत फॉलो-अप का परिणाम था, जिसने एक अनमोल जीवन बचा लिया।

दहलीज पर डॉक्टर- घर-घर जांच और उपचार

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पहुँच है। स्वास्थ्य कर्मी अब केवल अस्पतालों में मरीजों का इंतज़ार नहीं करते, बल्कि खुद पैदल चलकर दुर्गम गांवों तक पहुँच रहे हैं। मलेरिया, टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों की मौके पर जांच कर रहे हैं। जीवनशैली बीमारियां, बीपी, शुगर, सिकलसेल और कैंसर जैसे गंभीर रोगों की पहचान कर उपचार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

आयुष्मान भारत- आर्थिक बेड़ियों से आजादी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के अनुसार आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 5 लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज अब ग्रामीणों को इलाज के लिए जमीन बेचने या कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ती। हाल ही में किस्टाराम और मरईगुड़ा के 14 मरीजों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाकर दिए गए, ताकि इलाज में एक क्षण की भी देरी न हो। छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत वनाच्छादित क्षेत्र औषधीय गुणों का खजाना है। मुख्यमंत्री ने श्री साय ने पद्मश्री हेमचंद मांझी के योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे पारंपरिक आयुर्वेद से कैंसर जैसी बीमारियों का उपचार संभव हो रहा है।

ईरान-रूस रणनीतिक साझेदारी की गहराई दर्शाती हैः अराघची

तेहरान(वार्ता)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के साथ ईरान की रणनीतिक साझेदारी की बढ़ती गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद क्षेत्रीय उथल-पुथल ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती को उजागर किया है। अराघची ने सेंट पीटर्सबर्ग में उच्चस्तरीय बैठकों के बाद कहा कि क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में रूस के साथ सर्वोच्च स्तर पर संवाद महत्वपूर्ण है।

कुख्यात ड्रग तस्कर को वापस लाने में मिली बड़ी सफलता

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह अमित शाह ने कहा कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफमोदी सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफ्लता हासिल की है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफ्लता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। शाह ने कहा कि ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं, अब उनके लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।

पूर्वोत्तर का स्वर्ग सिक्किम, इसके विकास को बाधित करती रही कांग्रेस : पीएम

गंगटोक/ए.। अपनी सिक्किम यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Modi) ने मंगलवार को कांग्रेस और विपक्षी दलों पर पूर्वोत्तर के इस राज्य के विकास में अड़चन पैदा करने का आरोप लगाया। सिक्किम की स्थापना 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबंधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सिक्किम एवं पूर्वोत्तर को भारत का 'अस्थलाक्ष्मी' बताया और केंद्र सरकार की 'एक्ट इस्ट एवं एक्ट फैक्ट' नीति पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विकास परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री ने सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंगलवार को 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि ये परियोजनाएं अवसंरचना, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य सिक्किम में समग्र और समावेशी विकास को गति देना है। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा सिक्किम के राज्य बनने के 50 साल में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और यह हिमालयी राज्य के तेज और सतत विकास के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रतीक है सिक्किम'

पीएम ने आगे कहा कि सिक्किम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, बागडोगरा से एक्सप्रेसवे बनाने और गंगटोक में रिंग रोड का निर्माण करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सकेः प्रधानमंत्री मोदी। पूर्वी भारत का स्वर्ग है सिक्किम, प्रकृति प्रेमी पर्यटकों को राज्य के 'ऑर्किडेरियम' का दौरा करना चाहिए। सिक्किम ऐसे समय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रतीक है, जब देश को धर्म और राजनीति के आधार पर बांटने के प्रयास किए जा रहे हैं। सिक्किम की सड़कों की सफाई और वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यहां के लोग प्रकृति संरक्षण के अगुआ हैं।

सिक्किम के विकास को बाधित करती रही कांग्रेस : पीएम

रैली में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि 'सिक्किम के लिए भाजपा की सरकार जो अब कर रही है उसे बहुत पहले कर लिया जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इस राज्य के विकास में लागातार बाधा खड़ी करती रहीं।' पीएम ने उदाहरण देते हुए कहा कि सिवोक-रागपो रेलवे लाइन की मंजूरी 2008-09 में मिली लेकिन बावजूद इसके जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। केंद्र में भाजपा की सरकार जब आई तो सिक्किम में विकास कार्यों ने गति पकड़ी। सिक्किम में पहली बार रेल पहुंचने वाली है। इससे पहले पीएम ने 4000 करोड़ रुपए की लागत वाली विकास की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता के कारण हुआ राम मंदिर निर्माण

नई दिल्ली/ए.। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता और देश के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से संभव हुआ तथा भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही हिंदू राष्ट्र है। आरएसएस की एक विज्ञप्ति के अनुसार वह रेशिमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन व्यक्तियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण भगवान राम की इच्छा से हुआ। भागवत ने इसकी तुलना भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने से करते हुए कहा कि ऐसे कार्य तभी संभव होते हैं, जब सभी का योगदान हो। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार ने शपथ ली, तो लंदन के द गार्डियन अखबार ने लिखा कि इस दिन भारत ने वास्तव में ब्रिटिश शासन को अलविदा कहा। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रतिबद्ध नेतृत्व के बिना राम मंदिर का निर्माण संभव था। भागवत ने यह भी कहा कि एक समय हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र कहना उपहास का विषय हुआ करता था। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है। राम मंदिर बनने तक लोग इस दावे पर हंसते थे। आज वही लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की भूमि है। उन्होंने कहा कि कई लोग आरएसएस से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने को कहते हैं, लेकिन हम कहते हैं कि जो बात पहले से ही सच है उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। भागवत ने जोर देकर कहा, कई लोग आरएसएस से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने को कहते हैं, लेकिन हम कहते हैं कि जो पहले से ही सत्य है उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

नोएडा में 84 वर्षीय बुजुर्ग से 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर 85 लाख की ठगी

नोएडा/ए.। नोएडा के सेक्टर-51 स्थित केंद्रीय विहार में रहने वाले 84 वर्षीय बुजुर्ग के साथ साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। खुद को साइबर सेल और सीबीआई अधिकारी बताने वाले ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर उनसे करीब 85 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित धीरेंद्र की शिकायत के मुताबिक, उन्हें एक कॉल आया जिसमें कॉलर ने खुद को बेंगलुरु साइबर सेल का अधिकारी बताया। उसने दावा किया कि उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग कर अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाला मोबाइल खरीदा गया है। इसके बाद कॉल को अन्य लोगों से जोड़ दिया गया, जिन्होंने खुद को पुलिस और

सीबीआई अधिकारी बताते हुए मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दी। 7 से 22 अप्रैल के बीच ठगों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए लगातार 'पूछताछ' की। उन्होंने खुद को सुप्रीम कोर्ट और जांच एजेंसियों से जुड़ा बताकर पीड़ित को मानसिक दबाव में रखा। गिरफ्तारी और संपत्ति जब्ती का डर दिखाते हुए उनसे बैंक खातों की जानकारी हासिल की गई और पैसे ट्रांसफर करवाए गए। ठगों के झांसे में आकर पीड़ित ने 13 अप्रैल को 30 लाख रुपये और 21 अप्रैल को 55 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। ठगों ने इसे मनी ट्रेल वेरिफिकेशन का हिस्सा बताते हुए भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने के बाद पूरी रकम वापस कर दी जाएगी। 22 अप्रैल को ठगों ने एक फर्जी सीबीआई लेटर दिखाकर 1.24 करोड़ रुपये और जमा करने का दबाव बनाया, लेकिन इस बार पीड़ित ने मना कर दिया। इसके बाद ठगों ने संपर्क तोड़ दिया, जिससे पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। घटना के बाद पीड़ित ने 25 अप्रैल को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में भी मामला दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जामिया मिलिया इस्लामिया में आरएसएस शताब्दी समारोह को रद्द करने की मांग

नई दिल्ली/ए.। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्विद्यालय में इंजीनियरिंग फैकेल्टी RSS के हो रहे प्रोग्राम को लेकर लेफ्ट छात्रों ने परिसर में प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि आरएसएस का प्रोग्राम जामिया के इंजीनियरिंग फैकेल्टी में हो रहा था। लेफ्ट विंग से जुड़े छात्रों ने ढपली बजाकर नारेबाजी की। हालांकि नारेबाजी को तुरंत प्रशासन ने बंद करवा दिया। फिलहाल शांति बनी हुई है। सामान्य तौर पर छात्रों का आना जाना जारी है। एक छात्र विवेक ने कहा कि RSS को यहां कार्यक्रम के लिए जगह मिली इसलिए प्रदर्शन हुआ। RSS को जगह मिली, लेकिन Aisa को जगह नहीं मिलती है इस बात की नाराजगी है।

एसएफआई इकाई ने विरोध किया

जामिया मिलिया इस्लामिया की SFI इकाई ने आरएसएस की 100वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम की अनुमति रद्द करने की मांग की थी। एसएफआई का दावा है कि यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक छात्रों की गरिमा और सुरक्षा पर सीधा हमला है। इकाई ने एक बयान में कहा, एसएफआई जेएमआई इकाई आरएसएस से संबद्ध संगठन 'युवा' को 28 अप्रैल को आरएसएस की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए हमारे परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने और सुविधा प्रदान करने के लिए प्रशासन की कड़ी निंदा करती है।

'सत्याग्रह' की बात करने के बाद राजघाट पहुंचे केजरीवाल-मनिष सिसोदिया

नई दिल्ली/ए.। आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न्यायपालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए 'सत्याग्रह' का ऐलान किया है। इसी सिलसिले में मंगलवार दोपहर 12 बजे दोनों नेता राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को अलग-अलग पत्र लिखकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अब इस मामले में न तो खुद

पेश होंगे और न ही उनका कोई वकील पैरवी करेगा। केजरीवाल ने पत्र में लिखा कि संबंधित अदालत से उन्हें 'न्याय मिलने की उम्मीद पूरी तरह टूट चुकी है', इसलिए वे अपनी अंतरात्मा की आवाज पर गांधीजी के दिखाए 'सत्याग्रह' के मार्ग पर चल रहे हैं। मंगलवार को सिसोदिया ने अपने पत्र में तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके पास सत्याग्रह के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने अदालत की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कार्यवाही से दूरी बना ली है। अपनी रणनीति को धार देने के लिए केजरीवाल और सिसोदिया के साथ दिल्ली की वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी भी राजघाट पहुंचीं। नेताओं ने बापू की समाधि पर नमन किया और मौन धारण किया। इस बीच केजरीवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, आज हम जो आजाद घूम रहे हैं तो उसका कारण केवल हमारी न्याय प्रणाली है। कुछ ऐसी स्थिति पैदा हो गई है जिस कारण हमें यह सत्याग्रह करना पड़ रहा है। हमने सभी बाते उस चिट्ठी में लिखी हैं जो कि हमने जज साहिबा को भेजी है। यह बेहद संवेदनशील मामला है।

गूगल ने भारत में एआई हब की रखी नींव एयरटेल और अडानीकॉननेक्स देंगे सहयोग

विशाखापत्तनम। गूगल ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम (वाइजैग) में अपने ऐतिहासिक एआई हब की आधारशिला रखी। यह भारत में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। नेक्सट्रा बाय एयरटेल, अडानीकॉनेक्स के साथ मिलकर, इस गीगावाट-स्केल इकोसिस्टम के निर्माण का नेतृत्व करेगा। यह भारत की आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति गूगल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए नेक्सट्रा के अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स, पूरे भारत में विस्तृत अल्ट्रा-लो-लेटेंसी फाइबर, हरित ऊर्जा (ग्रीन पावर) और नेक्स्ट-जेन केबल लैंडिंग स्टेशन का रणनीतिक उपयोग करेगा। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, ÷इस ऐतिहासिक एआई हब के निर्माण के लिए गूगल और अडानी के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम भारत की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। विशाखापत्तनम दुनिया के एआई मानचित्र पर एक नए हब के रूप में उभरने के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत नवाचार और सतत वृद्धि की गति तय करे और यह सिर्फ भारत के लोगों के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए होगा।

चीन से हारकर भारतीय महिला बैडमिंटन टीम उबेर कप से बाहर, अब पुरुष टीम से उम्मीदें

नई दिल्ली/ए.। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने सोमवार को ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधु ने बाद में कहा, ÷यह एक अच्छा मैच था।

टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला! गिरफ्तार हुए शख्स की हुई पेशी

मुंबई। 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को आज हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। बेरान ए पर एक अन्य 21 साल के युवक अर्दा के के साथ मुकदमा चलाया गया, जिस पर उसके साथ इस्लामिक स्टेट के एक गुट का हिस्सा होने का आरोप है।

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर

ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com

आम - सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एम. आई.जी-II भवन योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एम. आई. जी. II/63 श्री राजकुमार चंचलानी पिता श्री रामचंद्र चंचलानी को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10-12-09 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 22-4-26 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री / श्रीमती रमेश विश्वकर्मा पिता/पति श्री रामश्रय विश्वकर्मा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संप्रदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **30779** दिनांक **27.04.2026**
वार्ड का नाम- **44 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **44** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR757B00395** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **PRAKASH, SURESH** पिता / पति श्री/ श्रीमती **RAM BHAROSA URF RAM BHAU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **सुरेश कुमार वाकड़े** पिता /पति श्री/श्रीमती **राम भरोसा उर्फ रामभाऊ वाकड़े** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईंश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **30746** दिनांक **27.04.2026**
वार्ड का नाम- **45 - मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR741B0313A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **CHANDRAVATI DEVI DANI** पिता / पति श्री/ श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **आलोक दानी** पिता /पति श्री/श्रीमती **स्व. उमाकांत दानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **आवेदन पत्रए शपथ पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद, अंतिम इच्छा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

श्रम कानून के साथ 1 मई से बदल रहे हैं गैस सिलेंडर बुकिंग से लेकर यूपीआई पेमेंट सहित कई नियमः नई दिल्ली/ए.। मई का महीना नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़े बदलावों की दस्तक दे रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार 1 मई से चार नए श्रम कानून लागू करने जा रही है, जिससे कर्मचारियों की सैलरी स्ट्रक्चर, पीएफ योगदान और काम के घंटों में बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा-माना जा रहा है कि आगे चलकर ये नियम पूरे देश में प्रभावी हो सकते हैं। इसके साथ ही, 1 मई 2026 से बैंकिंग सेवाओं, रसोई गैस की कीमतों और डिजिटल पेमेंट से जुड़े नियमों में भी महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं।

कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
e-mail -- npkunra2016@gmail.com
क्र./106/लो.नि.वि./ न.पं. / 2026-27 — कूंरा, दिनांक 27.04.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (6th Call)
Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक/ अंतिम तिथि
1	189886	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (6th Call)	238.14	1.50	प्रारंभिक तिथि 28.04.2026 अंतिम तिथि 08.05.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, महासमुंद (छ.ग.)

// उपस्थिति हेतु सूचना //

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 74 (क) की उपधारा (3) के तहत महासमुंद जिला के नीचे लिखे प्रकरणों में जप्तशुदा शराब एवं वाहन को राजसात करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में अनावेदकगण एवं वाहनस्वामी को अपना पक्ष रखने हेतु कई बार समंस तामीली के लिए भेजा गया, किन्तु उन्हें तामील नहीं हो पा रहा है।

अतः नीचे लिखे प्रकरणों के अनावेदक एवं वाहनस्वामी को सूचित किया जाता है, कि वे प्रकरणों की पेशी दिनांक को न्यायालय कलेक्टर, महासमुंद में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। नियत दिनांक को अनुपस्थित रहने की स्थिति उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।

क्र.	कलेक्टर न्यायालय का प्रक. क्रमांक	थाना का नाम एवं अपराध क्रमांक	जप्तशुदा वाहन क्रमांक	अना./वाहनस्वामी का नाम	ग्राम का नाम /थाना का नाम	प्र0 में उपस्थित हेतु पेशी दिनांक
01	23/2025	तेन्दूकोना एवं अ.क्र. 07/2026	**CG/06/GY/6202**	01. अमित जोगी पिता प्यारेलाल जोगी उम्र 19, 02. बसंत टण्डन पिता श्री धनवा टण्डन (वाहनस्वामी)	01.निवासी- पचरी, थाना-पटेवा, जिला-महासमुन्द(छ.ग.) 02. निवासी बस्तीपारा, ग्राम-पचरी, थाना जिला महासमुन्द (छ.ग.)	14.05.2026
02	24/2026	बसना एवं अ.क्र. 40/2026	**CG/06/K/2537**	01. भागीरथी कोसरिया पिता संपत कोसरिया 02. केवल बारीक पिता अंकुर बारीक (वाहनस्वामी)	01 एवं 02 सावित्रीपुर, थाना-सांकरा, जिला-महासमुन्द छ.ग.	14.05.2026
03	28/2026	तेन्दूकोना एवं अ.क्र. 127/2025	**CG/06/GZ/8896**	01. चम्पत लाल सिन्हा पिता अंजोर सिंह 02. पंकज कुमार पिता संतोष कुमार रात्रे, 03. नरेश मिरी पिता कार्तिक मिरी (वाहनस्वामी)	01 साकिन रावण भाठा वार्ड नं. 02 पिथौरा थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द छ.ग. 02 साकिन कंचदा थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर -चाम्पा वर्तमान पता ग्राम हरदी थाना पिथौरा जिला महासमुन्द छ.ग. 03. वार्ड न. 09, सतनामी पारा, हरदी, पोस्ट-घोंच, थाना- तेन्दूकोना, जिला महासमुन्द छ.ग.	14.05.2026
04	04/2026	पटेवा एवं अ.क्र. 05/2026	**CG/06/GU/1688**	01 नित्या सांडव पिता भिखारी सांडव उम्र 27 वर्ष 02 शरद तिवारी पिता विनोद उम्र 20 वर्ष 03 कमलेश कुमार पिता दिनाराम डड़सेना उम्र 35 04 मिनकेतन पिता जयकृष्ण नाग उम्र 26 वर्ष। 05 चमरू यादव पिता कार्तिको यादव (वाहनस्वामी)	01.साकिन मेमरा थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) 02. साकिन पलसापाली थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ. ग.) 03. साकिन राजा सेवैया थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ. ग.) 04 साकिन मेमरा थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ. ग.) 05. ग्राम मेमरा थाना पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.)	14.05.2026
05	08/2026	सांकरा एवं अ.क्र. 10/2026	**CG/04/QH/6620**	01 राहूल टण्डन पिता नारायण टण्डन उम्र 27 वर्ष (आरोपी एवं वाहनस्वामी)	01 साकिन सपोस, थाना सांकरा जिला महासमुन्द (छ. ग.)	14.05.2026
06	16/2025	पटेवा एवं अ.क्र. 10/2026	**CG/06/GU/8234**	01 अरविंद लहरे पिता स्व.शांतनु लहरे उम्र 27 02 डगेश ध्रुव (डगेश्वर) पिता स्व. श्यामलाल ध्रुव उम्र 27 वर्ष 03 शिवकुमार पिता कन्हैया (वाहनस्वामी)	01 साकिन पचरी थाना पटेवा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) 02 मुनगासेर, थाना पटेवा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) 03 थाना-पटेवा, जिला महासमुन्द (छ.ग.)	14.05.2026
07	13/2025	बसना एवं अ.क्र. 27/2026	**CG/13/AG/8315**	01 कृष्णा कोसले पिता प्रनु कोसले उम्र 37 वर्ष 02 इन्द्रकुमार धृतलहरे पिता सोहन धृतलहरे उम्र 38 वर्ष 03 बनमाली बरिहा पिता लक्ष्मण बरिहा (वाहनस्वामी)	01 साकिन भंवरपुर थाना सारंगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) 02 साकिन मजनीमाटी थाना बसना, जिला महासमुन्द छग. 03 लुरका अमलपाली, थाना-सारंगढ़, जिला महासमुन्द (छ.ग.)	14.05.2026
08	21/2025	वृत्त बसना 39/2025	**CG/06/HD/7627**	01 कपूरसाय रात्रे पिता परसराम रात्रे, उम्र 40वर्ष, 02 लाल साय ओग्रे पिता नारद आग्रे (वाहनस्वामी)	01. निवासी ग्राम सोनामुंदी, थाना बसना, तहसील बसना, जिला महासमुन्द (छ.ग.) 02. निवासी वार्ड नम्बर 12 सावित्रीपुर, थाना सांकरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.)	14.05.2026

(न्यायालय के आदेशानुसार)

जी- 262700403/1

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते कलेक्टर जिला महासमुंद

विधानसभा में हर साल गूंजता है अवैध प्लाटिंग का मुद्दा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में अवैध प्लाटिंग का मुद्दा हर साल गूंजता है, जिसमें मुख्य रूप से रायपुर, धमतरी और कांकेर जिलों में कृषि भूमि को बिना डायवर्सन के प्लॉटिंग कर बेचने का मामला सामने आता है। आरोप है कि 50,000 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और कॉलोनी बसाई जा रही हैं। विपक्ष ने अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही न होने को लेकर सदन से वॉकआउट किया था। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने लगातार कार्रवाई की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि अवैध प्लाटिंग सोशल मीडिया के जरिए भी फल-फूल रहा है।

अवैध प्लाटिंग से होने वाली प्रमुख परेशानियां

- **गाढ़ी कमाई पर जोखिम:** अवैध प्लाटिंग या बिना सरकारी अनुमति वाली कॉलोनियों में जमीन खरीदना आपकी गाढ़ी कमाई को जोखिम में डाल सकता है।
- **नामांतरण में रुकावट:** अवैध प्लॉट की रजिस्ट्री होने के बावजूद नामांतरण नहीं हो पाता है, जिससे जमीन का मालिकाना हक सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होता।
- **अवैध निर्माण का डर:** संबंधित विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों में बने मकानों को सील या ध्वस्त किया जा सकता है।
- **बुनियादी सुविधाओं का अभाव:** ऐसी कॉलोनियों में पक्की सड़कें, सीवर, पेयजल, बिजली और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलतीं।
- **कानूनी उलझनें:** अवैध प्लाटिंग में शामिल होने पर आप भी कानूनी कार्रवाई का सामना कर सकते हैं।
- **निवेश का जोखिम:** भूमाफिया या प्रॉपर्टी डीलर प्लॉट बेचकर गायब हो सकते हैं, जिससे खरीदार फंस जाते हैं।

नक्शा फेल, सिस्टम सेल, अवैध प्लाटिंग में खेल

रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के हर जिलों में अवैध प्लाटिंग का खेल अब खुला धंधा बन चुका है, जहां नियम-कायदों को खुलेआम ठेंगा दिखाकर जमीन के सौदागर मोटी कमाई कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी मूकदर्शक बना बैठा है। बिना अनुमति, बिना डायवर्सन और बिना बुनियादी सुविधाओं के प्लॉट बेचकर दलाल लोगों की जिंदगीभर की जमा पूंजी पर डाका डाल रहे हैं। आम नागरिक सस्ते प्लॉट के लालच में फंस जाते हैं, लेकिन बाद में बिजली, पानी, सड़क और बैंक लोन जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए दर-दर भटकते हैं। नियमों को ताक पर रखकर हो रही रजिस्ट्री इस पूरे खेल में मिलीभगत की ओर इशारा करती है। सवाल यह है कि आखिर कब तक लोगों की मेहनत की कमाई यूं ही लूटी जाती रहेगी और जिम्मेदार अफसर तमाशा देखते रहेंगे?

200 से 1500 रुपए वर्गफीट में प्लॉट

शासन-प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर खेत-खलिहान की अवैध प्लॉट की खरीदी-बिक्री हो रही है। रोज कहीं ना कहीं अवैध कॉलोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। नगर निगम रायपुर और बिरगांव सहित, मंदिरहसौद, आरंग और अभनपुर नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर अवैध प्लॉटिंग का खेल चल रहा है। नगर निगम, टाउन एंड कंट्री प्लान और रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को दरकिनार कर भूमाफिया प्लॉट बेच रहे हैं। अवैध निर्माण की वजह से शहर का सुनियोजित विकास नहीं हो पा रहा है। शहर का नक्शा तो बिगड़ ही रहा है, लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है। चार साल में तकरीबन 50 हजार एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा चुकी है और 200 से लेकर 1150 रुपए वर्गफीट में प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

माफिया उड़ा रहे नियमों का माखौल, प्रशासन भी मौन

छत्तीसगढ़ में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग का मुख्य कार्य सुनियोजित शहरीकरण, मास्टर प्लान बनाना, अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण और भूमि उपयोग (लैंड यूज) को विनियमित करना है। यह विभाग नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के तहत शहरों और गांवों के भौतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाएं तैयार करता है, जिससे अव्यवस्थित विकास को रोककर आधुनिक और टिकाऊ शहरों का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। माफिया टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों का माखौल उड़ा रहे हैं।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की प्रमुख भूमिका और कार्य

- **मास्टर प्लान और विकास योजनाएं:** शहरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उन्हें लागू करना, जैसे नवा रायपुर अटल नगर की योजना।
- **अवैध निर्माण पर रोक:** छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के तहत भूमि उपयोग का नियमन करना और अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनियों को नियंत्रित करना।
- **लेआउट और बिल्डिंग प्लान की मंजूरी:** सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी विकासकर्ताओं के लिए लेआउट प्लान को मंजूरी देना और बिल्डिंग अनुमति प्रदान करना।
- **भूमि उपयोग में बदलाव:** कृषि भूमि को गैर-कृषि (आवासीय/व्यावसायिक) में परिवर्तित करने के लिए तकनीकी राय देना।
- **बुनियादी ढांचे का विकास:** सड़कों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए भूमि आरक्षित करना और नगर विकास योजनाओं में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- **नई टाउनशिप का विकास:** नए औद्योगिक क्षेत्रों, आवासीय क्षेत्रों और टाउनशिप के लिए योजना बनाना (जैसे- रायपुर और नवा रायपुर को जोड़ने वाली कनेक्टिंग टाउनशिप)।
- **हाल ही में (2026),** छत्तीसगढ़ सरकार ने टाउन प्लानिंग की क्षमता बढ़ाने और अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए नगर एवं ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक पारित किया है, जिसमें टाउन प्लानर्स की भर्ती के माध्यम से शहरी विकास को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया है।

विधानसभा से पारित हुआ था नगर एवं ग्राम निवेश विधेयक-2026

रायपुर। छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और सुव्यवस्थित विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी 19 मार्च 2026 को विधानसभा में छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस संशोधन का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अनियंत्रित विस्तार और अवैध प्लॉटिंग पर नियंत्रण स्थापित करते हुए योजनाबद्ध विकास को गति देना है। विधानसभा में बताया गया था कि राज्य गठन के बाद विभिन्न कारणों से प्रदेश के कई शहरों में

अव्यवस्थित विकास और अवैध प्लॉटिंग की समस्या बढ़ी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी से नगर विकास योजनाओं के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। विशेष रूप से अहमदाबाद में रिंग रोड जैसी प्रमुख परियोजनाएं योजनाबद्ध तरीके से विकसित की गई हैं। वित्त मंत्री चौधरी ने बताया कि संशोधन के तहत छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-38 में बदलाव किया गया है। इसके अनुसार अब नगर विकास योजनाएं तैयार करने के लिए अधिकृत एजेंसियों के दायरे का विस्तार किया जाएगा। विधानसभा में कहा गया था कि इस विधेयक का मूल उद्देश्य राज्य में सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना, अवैध प्लॉटिंग पर अंकुश लगाना है।

एससीआर प्लान से पहले जमीन पर हो रहा बड़ा खेल

रायपुर। दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर नवा रायपुर, रायपुर व दुर्ग-भिलाई को आउटर से जोड़ने के लिए स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के प्लान में अब जमीन का खेल शुरू हो चुका है। करीब 600 एकड़ क्षेत्रफल में जमीन अधिग्रहण का डर दिखाकर भूमाफिया किसानों से सौदा कर रहे हैं। इसकी वजह से अवैध प्लाटिंग चरम पर हैं। नवा रायपुर से लेकर दुर्ग जिले के अमलेश्वर, दतरेंगा, पाहंदा, झीट, सांकरा, मोतीपुर, पाटन रोड सहित खारून नदी किनारे, रायपुर से आरंग, अभनपुर, धरसींवा, खरोरा इलाके में भी तेजी से अवैध प्लाटिंग हो रही है। दुर्ग-भिलाई से लगे ग्रामीण इलाकों के कृषि क्षेत्र में भूमाफिया सक्रिय हो चुके हैं। खेतों को छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर बेचा जा रहा है। एससीआर का दायरा जहां प्रस्तावित है, वहां जमीनों की खरीदी-बिक्री सबसे ज्यादा जारी है। नवा रायपुर से लेकर दुर्ग-भिलाई आउटर तक जमीनों की कीमत प्रति एकड़ 3 करोड़ से लेकर 10 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

शिकायत पर कार्रवाई भी हो रही

स्टेट कैपिटल रीजन का मास्टर प्लान अभी जारी नहीं हुआ है। यह प्रक्रियाधीन है। अवैध प्लाटिंग रोकने के लिए नगरीय प्रशासन व स्थानीय निकायों को एक्शन लेना चाहिए। शिकायत पर जिला प्रशासन कार्रवाई भी करता है।

– **देवेंद्र सिंह भारद्वाज,** विशेष सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग

'न नियम-न कानून: अवैध कॉलोनियों में डूब रही मेहनत की कमाई'

जयदेव सिंह. महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में राजस्व विभाग, नगर पालिका और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के बीच तालमेल की कमी या कथित मिलीभगत के चलते अवैध प्लाटिंग का खेल लगातार जारी है। मास्टर प्लान के दायरे में आने वाले पांचों ब्लॉकों के बावजूद आवासीय, व्यावसायिक या अन्य किसी भी प्रकार की भूमि से जुड़ी फाइलें नगर तथा ग्राम निवेश विभ ाग तक नहीं पहुंच रही हैं। इसका सीधा फायदा भू-माफिया और जमीन दलाल उठा रहे हैं, जबकि आम नागरिक अपनी जीवनभर की कमाई गंवाने को मजबूर हो रहे हैं।

रमनटोला बना अवैध कॉलोनी का केंद्र

केन्द्रीय विद्यालय के पास स्थित रमनटोला क्षेत्र में वर्ष 2019 से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यहां चेतना मालू (पति संजय मालू) के नाम दर्ज खसरा नंबर 1800 की जमीन को डायवर्सन कराकर छोटे-छोटे टुकड़ों में बेच दिया गया। बिना नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से लेआउट स्वीकृति लिए लगभग 32 लोगों को प्लॉट बेचे गए, जिससे एक बड़ी अवैध कॉलोनी अस्तित्व में आ गई।

मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहेंगे रहवासी

इस अवैध कॉलोनी में रहने वाले लोगों को सड़क, पानी, नाली, सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाएंगी। क्योंकि कॉलोनी का विकास नगर पालिका या टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की स्वीकृति के बिना किया गया है। ऐसे में कॉलोनाइजर की कोई जवाबदेही नहीं बनती और परेशानियों का सामना सीधे आम लोगों को करना पड़ेगा।

विभागों के बीच तालमेल का अभाव

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के पास जमीन से जुड़ी पूरी जानकारी नहीं पहुंचती। वहीं नगर पालिका भी शिकायत मिलने के बाद ही कार्रवाई करती है। यही कारण है कि शहर के 30 वार्डों में अवैध कॉलोनियां तेजी से विकसित हो रही हैं। हाल ही में रायपुर रोड पर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई, लेकिन रमनटोला में वर्षों से चल रहे इस खेल पर किसी की नजर नहीं पड़ी।

कैसे होता है अवैध प्लाटिंग का खेल

- अवैध प्लाटिंग की पूरी प्रक्रिया राजस्व विभाग से शुरू होती है।
- बड़े भू-भाग का डायवर्सन बिना पर्याप्त जांच के कर दिया जाता है।
- भूमि स्वामी द्वारा दिए गए लैंड यूज प्रमाण पत्र की पुष्टि नहीं की जाती।
- नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से समन्वय नहीं किया जाता। इसके बाद जमीन को छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है।

क्या कहते हैं अधिकारी

संजू लाल सिंह, सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश महासमुंद ने बताया कि 'जमीन के डायवर्सन की जानकारी विभाग को नहीं मिलती, जबकि निवेश क्षेत्र में यह जरूरी है। जानकारी के अभाव में लोग बिना जांच के जमीन खरीद लेते हैं।'

सुर्खियों में रमनटोला

- प्रशासन की मिलीभगत से 32 टुकड़ों में बंटी जमीन
- आम जनता ठगी का शिकार रमनटोला में 2019 से
- जिले में अवैध कॉलोनी निर्माण भी जारी
- बिना लेआउट स्वीकृति बेचे गए प्लॉट
- सड़क, पानी, नाली जैसी सुविधाओं से वंचित होंगे खरीदार।

2 से 10 एकड़ भूमि पर कॉलोनी बनाने के नए नियम लागू

महासमुंद। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में आवासीय विकास को बढ़ावा देने और छोटे स्तर पर कॉलोनी विकसित करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 'छत्तीसगढ़ किफायती जन आवास नियम 2025' को 17 अक्टूबर 2025 से लागू कर दिया है। अब कृषि या आवासीय भूमि पर 2 से 10 एकड़ के बीच भी नियमानुसार कॉलोनी विकसित की जा सकती है।

क्या है नया प्रावधान

पहले मास्टर प्लान में दर्ज कृषि भूमि का सीधे आवासीय उपयोग में परिवर्तन संभव नहीं था, लेकिन अब नए नियम के तहत प्रस्तावित योजना के लिए स्वतः कृषि से आवासीय भू-उपयोग में परिवर्तन माना जाएगा, बशर्ते निर्धारित शर्तों का पालन किया जाए।

स्थान से जुड़ी अनिवार्य शर्तें

- योजना स्थल के 1 किलोमीटर दायरे में 18 मीटर चौड़ी सड़क (प्रस्तावित या विद्यमान) होना जरूरी
- विकास योजना के अनुरूप क्षेत्र होना आवश्यक
- प्लॉट साइज और निर्माण नियम
- **प्लॉट का आकार:** 90 वर्गमीटर (968 वर्गफीट) से 150 वर्गमीटर (लगभग 1615 वर्गफीट) तक
- इससे बड़े प्लॉट की अनुमति नहीं
- **भवन की अधिकतम ऊंचाई:** 9 मीटर (स्टिल्ट और पेंटहाउस छोड़कर)

आवश्यक सुविधाएं:

पानी, बिजली, जल निकासी (ड्रेनेज) सीवरेज व्यवस्था, आवेदन प्रक्रिया, कॉलोनी विकसित करने के इच्छुक व्यक्ति को नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन करना होगा

आवेदन पर संचालक द्वारा नियमों के अनुसार

- बिना शर्त अनुमति
- शर्तों सहित अनुमति या अनुमति से इंकार किया जा सकता है

कानूनी प्रावधान और धाराएं

प्राप्त आवेदनों पर निम्न धाराएं लागू होंगी: धारा 16, धारा 30, 30(क), धारा 31, धारा 32, धारा 33

इन्फ्रास्ट्रक्चर की अनिवार्य व्यवस्था

- **कॉलोनी तक पहुंच मार्ग:** कम से कम 25 फीट चौड़ा
- **कॉलोनी के अंदर सड़क:** कम से कम 20 फीट चौड़ी
- कुल भूमि का 5% हिस्सा सामुदायिक खुला स्थान के लिए आरक्षित
- यह क्षेत्र 250 वर्गमीटर (2690 वर्गफीट) से कम नहीं होना चाहिए

इनके अंतर्गत

- भू-उपयोग परिवर्तन
- अनुमति में संशोधन
- अपील और पुनरीक्षण
- अनुमति की वैधता
- अनुज्ञा अन्य जरूरी नियम
- कॉलोनाइजर को सभी अनुमतियों के बाद भू संपदा विनियमन एवं विकास अधिनियम 2016 का पालन करना अनिवार्य साथ ही छत्तीसगढ़ भू संपदा नियम 2017 भी लागू होंगे

एक नजर में पूरी जानकारी

- **नियम लागू:** 17 अक्टूबर 2025
- **भूमि सीमा:** 2 से 10 एकड़
- **प्लॉट साइज:** 90 से 150 वर्गमीटर
- **अधिकतम ऊंचाई:** 9 मीटर
- **मुख्य सड़क:** 25 फीट
- **आंतरिक सड़क:** 20 फीट
- **खुला क्षेत्र:** 5% (कम से कम 250 वर्गमीटर)

एक किमी में 18 मीटर सड़क जरूरी

आवेदन: नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय में ऑफलाइन
रेरा नियम लागू: अनिवार्य
नए नियमों से छोटे डेवलपर्स और जमीन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी। अब सीमित भूमि पर भी नियमानुसार कॉलोनी विकसित कर किफायती आवास उपलब्ध कराना आसान होगा।

अवैध प्लाटिंग का जाल: फंस रहे लोग, मालामाल हो रहे दलाल

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। लगातार हो रही कार्यवाहियों के बाद भी नगर में चल रहे भूमाफियाओं का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। कौडी के मूल्य में किसानों और जरूरतमंदों की जमीन लेकर लाखों कमाने वाले इन जमीन दलालों पर कानूनी शिकंजा कसना तो महज सपना बन गया है। ऊंची पहुंच और राजनीतिक रसूख के दम पर ये अपने काम को बखूबी अंजाम देते हैं। अवैध प्लाटिंग के जाल में लोग फंस रहे हैं और दलाल मालामाल हो रहे हैं।

मुंगेली में चल रहे भूमाफियाओं की करतूतों के चलते अब शहर की सरकारी जमीनें भी सुरक्षित नहीं रह गई है। कुछ समय पहले तक जहां किसानों की जमीनों को कम दामों में खरीद कर बेचते इन भूमाफियाओं के हौसले इतने बढ़ने लगे की इन लोगों ने शहर की सरकारी जमीनों को तक नहीं बक्शा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर इन दलालों के खिलाफ कोई किसी प्रकार की आवाज उठाता है तो अपने पहुंच के चलते ये किसी भी मामले पर फसाने से भी नहीं चुक रहे हैं। हर जरुरतमंदों और गरीबों का एक सपना होता हैं कि उनका स्वयं का एक अच्छा, सुविधानुसार मकान हो, स्वयं का मकान होने का सपना देखने वालों को भूमाफियाओं और जमीन दलालों ने लूटने के अलावा कुछ नहीं किया है। इन भूमाफियाओं और जमीन दलालों के द्वारा जमीन खरीदने वालों को कम कीमत पर प्लाट देने का लालच देकर उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है और ग्राहक भी जानकारी व नियम कायदे के अभाव में इन भूमाफियाओं के चंगुल में लगातार फंसता जा रहा है।

सरकारी कार्यालयों और आवासो के जमीन तलाशता प्रशासन-जिला बनने के लगभग 14 सालो बाद भी सरकारी आवासो और कार्यालयो के लिए जमीन की तलाश जारी है वर्तमान में जिले में लगभग 52 विभाग संचालित है जिसमें से ज्यादातर विभाग जिला कलेक्ट्रेट में लग रहे है, इसके अलावा लगभग 5 से 10 कार्यालय उधार की बिल्डिंग एवं किराये के भवनो में संचालित हो रहे है जिससे राजस्व की हानि हो रही है। जमीनो की कमी के चलते जहां आवास की उपलब्ध्ता कम है वही अविभाजित बिलासपुर जिले के कई कार्यालय आज भी बिलासपुर से संचालित है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com